RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 12 अंक 65
नई दिल्ली, बुधवार, 10 जनवरी, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



भगवान राम मेरे लिए सबसे बड़ी ताकत
स्पोर्ट्स-12

# विकास के लिए पीएम ने निवेशकों दिया आमंत्रण

**पायनियर समाचार सेवा।** गांधीनगर/नई दिल्ली




गांधीनगर में वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल ट्रेड शो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ तिमोर लेस्ते के राष्ट्रपति रामोस होरता, मोजांबिक के राष्ट्रपति फिलिप न्यूसी तथा गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भारत में बने हल्के लड़ाकू विमान तेजस की प्रतिकृति को देखते हुए।

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन से इतर कुछ शीर्ष वैश्विक सीईओ से मुलाकात की और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने और रोजगार पैदा करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में निवेश का प्रस्ताव दिया। बाद में प्रधानमंत्री मोदी ने मुख्य शिखर सम्मेलन की पूर्व संध्या पर वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल ट्रेड शो 2024 का उद्घाटन किया। यह शो हेलीपैड ग्राउंड प्रदर्शनी केंद्र गांधीनगर के कई हॉलों में 2 लाख वर्ग मीटर में फैला है।

प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 10 जनवरी को वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट का उद्घाटन करने से एक दिन पहले प्रधानमंत्री ने सुजुकी मोटर कॉर्प, माइक्रोन टेक्नोलॉजी और एपी मोलर के अधिकारियों से मुलाकात की और उद्योग के मुद्दों और निवेश के अवसरों पर चर्चा की। मोदी और सुजुकी मोटर कॉर्प के प्रतिनिधि निदेशक और अध्यक्ष तोशीहिरो सुजुकी ने 'वाहन स्क्रैपिंग और वाहन रीसाइक्लिंग से संबंधित सर्वोत्तम वैश्विक तकनीक को लागू करने के साथ-साथ मेड इन इंडिया वाहनों का निर्यात करके भारत को वैश्विक ऑटोमोटिव बाजार में एक मजबूत खिलाड़ी बनाने की मारुति सुजुकी की योजनाओं पर चर्चा की।' मारुति सुजुकी गुजरात में दूसरा कार विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने पर विचार कर रही है। यह कंपनी का देश में पांचवां प्लांट होगा। पीएमओ ने एक्स पर एक अलग पोस्ट में कहा, 'माइक्रोन टेक्नोलॉजी के अध्यक्ष और सीईओ संजय मेहरोत्रा ??ने गांधीनगर में पीएम नरेंद्र मोदी के साथ बैठक की। उन्होंने भारत में सेमीकंडक्टर विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ाने के लिए माइक्रोन के प्रयासों पर चर्चा की।

अमेरिकी चिप बनाने वाली दिग्गज कंपनी माइक्रोन ने अहमदाबाद से लगभग 40 किलोमीटर दूर साणंद में 2.75 अरब अमेरिकी डॉलर की सेमीकंडक्टर फैक्ट्री का निर्माण शुरू कर दिया है। प्लांट जो वेफ्टर्स को बॉल-ग्रिड एरेज़ (बीजीए) इंटीग्रेटेड सर्किट पैकेज, मेमोरी मॉड्यूल और सॉलिड-स्टेट ड्राइव में बदलने पर ध्यान केंद्रित करेगा। इस साल दिसंबर तक इसके तैयार होने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री ने डीपी वर्ल्ड के ग्रुप चेयरमैन और सीईओ अहमद बिन सुलेयम से भी मुलाकात की। पीएमओ ने एक अन्य पोस्ट में कहा, 'उन्होंने भारत में निवेश को आगे बढ़ाने के लिए डीपी वर्ल्ड की योजनाओं पर चर्चा की, विशेष रूप से टिकाऊ, हरित और ऊर्जा-कुशल बंदरगाहों और विश्व स्तरीय टिकाऊ लॉजिस्टिक बुनियादी ढांचे के निर्माण के संबंध में।' डीपी वर्ल्ड ने पिछले साल गुजरात के कांडला में एक नए 21.9 लाख टीईयू प्रति वर्ष मेगा-कंटेनर टर्मिनल के विकास, संचालन और रखरखाव के लिए दीनदयाल पोर्ट अथॉरिटी के साथ एक रियायत समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। दुबई स्थित लॉजिस्टिक्स कंपनी वर्तमान में भारत में पांच कंटेनर टर्मिनल संचालित करती है - दो मुंबई में, एक-एक मुंद्रा, कोचीन और चेन्नई में। इनकी कुल क्षमता लगभग 60 लाख टीईयू है। मोदी ने ए.पी. मोलर के सीईओ कीथ स्वेंडसन से भी मुलाकात की। पीएमओ ने कहा, 'प्रधानमंत्री ने गिफ्ट सिटी में उनकी विस्तार योजनाओं का स्वागत किया।

उनकी चर्चा में हरित हाइड्रोजन और लॉजिस्टिक्स बुनियादी ढांचे के विकास जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल थे।' उन्होंने डीकिन यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रोफेसर इयान मार्टिन से भी मुलाकात की। पीएमओ ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'साइबर सुरक्षा से संबंधित सरकार और शैक्षणिक संस्थानों के बीच सहयोग बढ़ाने पर उनके बीच सार्थक चर्चा हुई। पीएमओ ने अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए भारतीय विश्वविद्यालयों के साथ सहयोग करने के लिए डीकिन विश्वविद्यालय का भी स्वागत किया।' वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट के 10वें संस्करण के उद्घाटन से एक दिन पहले वह मंगलवार सुबह विश्व नेताओं और उद्योग जगत के नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठक करने के लिए गांधीनगर में महात्मा मंदिर सम्मेलन और प्रदर्शनी केंद्र पहुंचे। तिमोर-लेस्ते के ( शेष पेज 9 )

# मालदीव में विपक्षी दलों ने की राष्ट्रपति को हटाने की मांग

## ● भारी पड़ सकता है प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ टिप्पणी और भारत के साथ विवाद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**मालदीव** के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के भारत विरोधी रवैये और हाल ही में उनके मंत्रियों की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ विवादित टिप्पणी के बाद वहां राजनीतिक घमासान मचा हुआ है। हालांकि मालदीव सरकार के तीनों मंत्रियों को हटाने के बाद भी विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। दोनों देशों के रिश्तों में आई खटास के बीच मालदीव के की संसद में विपक्षी दल के नेता अली अज़ीम ने राष्ट्रपति मुइज्जू को हटाने की मांग कर दी है।

इसके लिए उन्होंने अविश्वास प्रस्ताव लाने की सिफ़ारिश की है। मालदीव देश के शीर्ष पर्यटन निकाय ने मंत्रियों के इन बयानों की कड़ी निंदा की है। इससे मालदीव की मुइज्जू सरकार अपने ही घर में घिर गई है, वहीं भारत ने इन विवादित टिप्पणियों पर नाराज़गी जताते हुए मालदीव के उच्चायुक्त को तलब कर अपनी आपत्ति दर्ज कराई है। वहीं पांच दिवसीय चीन यात्रा पर गए मालदीव राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने भारत से राजनयिक विवाद पैदा होने और भारतीय पर्यटकों द्वारा बुकिंग रद्द किए जाने की घटनाओं के बीच मंगलवार को चीन से अधिक पर्यटकों को भेजने के प्रयासों को तेज करने का आग्रह किया है। मालदीव में विपक्ष के नेता अली अजीम ने राष्ट्रपति मुइज्जू पर आरोप लगाते हुए कहा कि जब यह पूरा विवाद चल रहा था तब समय रहते उन्होंने मामले को संभालने के लिए हस्तक्षेप नहीं किया, जिसके कारण भारत के साथ संबंध बिगड़े हैं।

इस विवाद से भारत से आने वाले पर्यटकों की संख्या पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका के बीच बड़ी संख्या में भारतीय पर्यटकों की बुकिंग कैंसिल होने से चिंतित पर्यटन निकाय ने कहा, मालदीव के पर्यटन उद्योग में भी भारत का निरंतर और महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उसने कोविड-19 के बाद सीमाएं दोबारा खुलने पर हमारे पुनरुद्धार प्रयासों में काफी मदद की है। भारत मालदीव के लिए शीर्ष बाजारों में से एक बना हुआ है। भारतीय सैलानियों ने जिस तरह से मालदीव की बुकिंग कैंसिल करानी शुरु की है उससे मालदीव के टूरिज़्म सेक्टर बहुत ( शेष पेज 9 )

# राम मंदिर उद्घाटन के बाद तीन दशक पुराना मौन व्रत तोड़ेंगी सरस्वती देवी



**एजेंसी।** धनबाद

**झारखंड** की 85 वर्षीय एक बुजुर्ग महिला 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन का सपना सच होने के बाद तीन दशक से जारी अपना मौन व्रत तोड़ देंगी। उनके परिवार ने दावा किया कि 1992 में जिस दिन बाबरी मस्जिद को ध्वस्त किया गया था, उसी दिन सरस्वती देवी ने प्रतिज्ञा की थी कि वह अपना मौन व्रत तभी तोड़ेंगी जब राम मंदिर का उद्घाटन होगा। मंदिर का उद्घाटन देखने के लिए धनबाद निवासी सरस्वती देवी सोमवार रात ट्रेन से उत्तर प्रदेश के अयोध्या के लिए रवाना हुईं। सरस्वती देवी को अयोध्या में मौनी माता के नाम से जाना जाता है। वह परिवार के सदस्यों के साथ संवाद सांकेतिक भाषा के माध्यम से करती हैं। हालांकि वह जटिल वाक्य लिखकरअपनी बात लोगों के समक्ष रखती हैं। उन्होंने ( शेष पेज 9 )

# सीईओ ने की चार साल के मासूम बेटे की हत्या

## ● गोवा से बैग में शव रखकर जाते समय कर्नाटक से गिरफ्तार

**एजेंसी।** पणजी



**एक** स्टार्ट-अप कंपनी की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) को अपने चार साल के मासूम बेटे की हत्या करने के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। महिला सीईओ ने गोवा में बेटे की हत्या करने और शव को बैग में भरकर टैक्सी से ले जाते समय कर्नाटक में धरा गया। पुलिस की शुरूआती जांच के बाद मंगलवार को बताया कि महिला सीईओ ने इस जघन्य अपराध को अंजाम देने के बाद आत्महत्या का प्रयास किया था।

गोवा पुलिस ने आरोपी सूचना सेठ को सोमवार रात कर्नाटक से सटे चित्रदुर्ग से गिरफ्तार किया था। एक अधिकारी ने कहा कि उसे मंगलवार को गोवा लाया गया और मापुसा शहर की एक अदालत ने छह दिन के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 39 वर्षीय उद्यमी ने कैंडोलिम में सर्विस अपार्टमेंट के एक कमरे में अपने बेटे की गला दबाकर हत्या की थी, जहां वे दोनों छह जनवरी को पहुंचे थे। अधिकारी ने कहा कि फिर अपनी बाईं कलाई को किसी धारदार चीज से काटकर महिला ने आत्महत्या की कोशिश की थी। अधिकारी ने कहा कि हत्या का मकसद तत्काल पता नहीं चला, लेकिन सेठ ने पुलिस को बताया कि वह और उसका पति अलग हो चुके थे और उनकी तलाक की कार्यवाही जारी है। उन्होंने कहा, सर्विस अपार्टमेंट में एक तौलिए पर खून के जो धब्बे पाए गए, वे कलाई काटने के बाद निकले खून के थे।

पुलिस के मुताबिक बेटे की हत्या करने के बाद स्टार्ट-अप सीईओ ने शव को एक बैग में भर दिया और सोमवार को टैक्सी से बेंगलुरु के लिए रवाना हो गई। पुलिस के अनुसार, हत्या के मकसद का अभी तक पता नहीं चला है। महिला छह जनवरी को अपने बेटे के साथ उत्तरी गोवा के कैंडोलिम में एक किराए के फ्लैट में आई थी और दो दिनों तक वहां रहने के बाद सोमवार को टैक्सी से बेंगलुरु चली गई। पुलिस को अपार्टमेंट के कर्मचारियों ने बताया कि जब आरोपी महिला वहां से निकली, तो उनका चार वर्षीय बेटा उनके साथ नहीं दिखा। ऑनलाइन पेशेवर मंच लिंक्डइन पर सेठ के पेज के अनुसार, वह स्टार्ट-अप कंपनी माइंडफुल एआई लैब की सीईओ हैं और 2021 के लिए एआई एथिक्स में शीर्ष 100 प्रतिभाशाली महिलाओं में से एक थीं। कलंगुट पुलिस थाने के निरीक्षक परेश नाइक ने कहा, महिला छह जनवरी को अपने बेटे के साथ उत्तरी गोवा के कैंडोलिम में एक किराए के फ्लैट में पहुंची थी। दो दिन रहने के बाद उसने अपार्टमेंट के कर्मचारियों बेंगलुरु जाने के लिए टैक्सी की व्यवस्था करने के लिए कहा को भी कहा। नाइक ने कहा, कर्मचारियों ने महिला से कहा कि वह बेंगलुरु के लिए उड़ान ले सकती हैं, क्योंकि टैक्सी से जाना महंगा रहेगा।

नाइक ने बताया कि आरोपी ने जोर देकर कहा कि वह टैक्सी से ही जाएगी। उन्होंने बताया कि आठ जनवरी को एक टैक्सी की व्यवस्था होने के बाद महिला सुबह-सुबह बेंगलुरु के लिए निकल गई। नाइक ने बताया कि बाद में जब कर्मचारी उस कमरे की सफाई करने के लिए गए, जहां वह रुकी हुई थी, तो उन्हें तौलिए पर खून के धब्बे मिले। उन्होंने कहा, इस बारे में कर्मचारियों ने तुरंत कलंगुट पुलिस को सूचित किया और एक टीम मौके पर पहुंच गई। उन्होंने कहा कि कर्मचारी ने यह भी बताया कि जब महिला फ्लैट से निकली थी, तो उसका चार साल का बेटा उसके साथ नहीं दिखा तथा उसके पास असामान्य रूप से भारी एक बैग भी था। इसके बाद, पुलिस ने महिला से पूछताछ की और उससे खून के धब्बों तथा उसके लापता बेटे ( शेष पेज 9 )

# सीट बंटवारे पर कांग्रेस, उद्धव में बनी बात

**दीपक कुमार झा।** नई दिल्ली



मुंबई में मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे।

**इंडिया** गठबंधन की बिहार सीट बंटवारे की बातचीत में 'अड़चनों' के एक दिन बाद महाराष्ट्र विकास अघाड़ी (एमवीए) - कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी), शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी के घटक - ने लोकसभा चुनाव के लिए मंगलवार को 'उदार' समझौते की अगुवाई की। सूत्रों ने कहा कि एमवीए-इंडिया महाराष्ट्र के लिए सीट-बंटवारे समझौते पर सहमत हो गया है, राज्य में कुल 48 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र हैं। हालांकि आधिकारिक तौर पर घोषणा नहीं की गई है, लेकिन सूत्रों ने कहा कि कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) प्रत्येक 20 सीटों पर चुनाव लड़ेंगी। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने शुरुआती बातचीत में 23 सीटों की मांग की थी, पार्टी अब 20 लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार उतारने पर सहमत हो गई है। यह बैठक कांग्रेस नेता मुकुल वासनिक के आवास पर हुई जहां शिवसेना (यूबीटी गुट) और एनसीपी के बड़े नेता मौजूद थे। शिवसेना प्रवक्ता संजय राउत ने कहा, 'सीट-बंटवारे पर चर्चा के लिए बैठने के बाद महा विकास अघाड़ी के सभी सदस्य मुस्कुराते हुए बैठक से बाहर आए। मैं सभी को आश्वस्त करना चाहता हूं कि हम साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे। सीट बंटवारे को लेकर हमारे बीच कोई मतभेद नहीं है...हमने वंचित बहुजन अगाढ़ी के बारे में भी विस्तार से चर्चा की।' एनसीपी प्रतिनिधि ने कहा कि सभी सीटों पर चर्चा हुई और सब कुछ सकारात्मक है। एनसीपी-शरद पवार गुट के नेता डॉ.जितेंद्र अवहाद ने कहा, 'बैठक उम्मीद से ज्यादा सफल रही...हमारे बीच कोई मतभेद नहीं है।'

वहीं सपा सांसद रामगोपाल यादव ने कहा कि बैठक बेहद सकारात्मक माहौल में हुई। उन्होंने देर शाम बैठक के बाद मीडिया से कहा, ' सब प्रसन्न है। 12 जनवरी को और प्रगति होगी।' उप्र की बैठक में शामिल हुए कांग्रेस के सलमान खुर्शीद ने कहा कि चीजें 'सही दिशा' में जा रही हैं। उन्होंने इसे 'उत्कृष्ट बैठक' बताते हुए कहा कि हम एक ही विचार पर हैं, मुझे लगता है कि हम बहुत अच्छी तरह से संवाद कर सकते हैं।' यह पूछे जाने पर कि क्या सपा-कांग्रेस के बीच केमिस्ट्री विकसित होने की संभावना है, पूर्व केंद्रीय मंत्रियों ने कहा कि यह उनकी कल्पना से परे है। उन्होंने कहा, 'हमें बस दृढ़ रहने और इसे आगे ले जाने की जरूरत है।'

बिहार में सहयोगी दल जदयू और राजद तथा दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और गोवा में सीटों के लिए आप के साथ बैठक करने के बाद कांग्रेस राष्ट्रीय गठबंधन समिति ने महाराष्ट्र में सहयोगी दलों के नेताओं के साथ बैठक की और पहले दौर की बैठक अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली समाजवादी पार्टी के साथ की। बिहार जहां कांग्रेस राजद और जदयू के साथ गठबंधन में है और पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली टीएमसी सहयोगियों के बीच एक मुद्दा बनी हुई है क्योंकि सीट बंटवारे के मामले में कोई मतभेद नहीं दिख रहा है।

सूत्रों ने कहा कि यह बैठक पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले शिवसेना के गुट की घोषणा के बाद निर्धारित की गई थी कि वे महाराष्ट्र में 23 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। शिवसेना का उद्धव ठाकरे गुट, जिसने 'असली' होने का टैग खो दिया है, शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी और कांग्रेस के साथ महा विकास अघाड़ी का हिस्सा है। कांग्रेस और राजद, जदयू, आप, तृणमूल और द्रमुक सहित अन्य क्षेत्रीय दलों ने सत्तारूढ़ भाजपा के खिलाफ एकजुट लड़ाई लड़ने के उद्देश्य से एक संयुक्त विपक्षी मोर्चा-भारतीय राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी गठबंधन (इंडिया) बनाने के लिए आखिरी बार हाथ मिलाया है। लेकिन सीट-बंटवारा एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। सूत्रों ने कहा कि बिहार के मामले में, यह संकेत दिया गया था कि राज्य की 40 लोकसभा सीटों में से 17-17 सीटें जद (यू) और राजद को आवंटित किए जाने की संभावना है। आम चुनाव लड़ने के लिए कांग्रेस को पांच सीटें और सीपीआई एमएल को एक सीट मिलने की संभावना है। बताया जाता है कि आप के साथ कांग्रेस की पहली बैठक उस स्थान पर संपन्न हुई जहां आप ने दिल्ली में कांग्रेस को तीन लोकसभा सीटें देने का प्रस्ताव रखा। बदले में इतनी सीट मिलने की आप ने गुजरात में 1, हरियाणा में 3 और गोवा में 1 लोकसभा सीट की मांग की है। इस मसले को अंतिम रूप देने के लिए इंडिया गठबंधन के दोनों घटक दल फिर बैठक कर सकते हैं। सूत्रों ने कहा कि आप, जो पंजाब में भी सरकार में है, ने कांग्रेस को 6 सीटें आवंटित करने की इच्छा व्यक्त की है।

# योगी ने दिए राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर 22 को शिक्षण संस्थाओं में छुट्टी के आदेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी 22 जनवरी को अयोध्या स्थित राम मंदिर में होने वाली प्राणप्रतिष्ठा को राष्ट्रीय उत्सव बताते हुए उस दिन राज्य की सभी शिक्षण संस्थाओं में छुट्टी का ऐलान किया है। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता के मुताबिक मुख्यमंत्री ने प्राणप्रतिष्ठा समारोह की तैयारियों का जायजा लेने के लिए अयोध्या में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की और आवश्यक दिशानिर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अयोध्या में रामलला के नवीन विग्रह की बहुप्रतीक्षित प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के दिन 22 जनवरी को प्रदेश में शिक्षण संस्थाओं में अवकाश घोषित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इस अवसर को राष्ट्रीय उत्सव की संज्ञा देते हुए 22 जनवरी को प्रदेश में शराब की ( शेष पेज 9 )

# रूहानी आवाज के जादूगर उस्ताद राशिद खान का निधन

**पायनियर समाचार सेवा।** कोलकाता

**हिंदुस्तानी** शास्त्रीय संगीत को अनगिनत श्रोताओं तक अपनी गंभीर व मखमली आवाज पहुंचाने वाले संगीत के सरताज उस्ताद राशिद खान का मंगलवार की दोपहर यहां के एक अस्पताल में प्रोस्टेट कैंसर के कारण 55 साल की उम्र में निधन हो गया। जब वी मेट फिल्म के 'आओगे जब तुम साजना' को अपनी आवाज देने वाले महान गायक अपने श्रोताओं को अकेला छोड़ गए हैं।

खान पिछले चार साल से प्रोस्टेट कैंसर से पीड़ित थे और उपचार के लिए उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनके परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटे और एक बेटी है। अस्पताल में मंगलवार दोपहर करीब 3:45 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। रामपुर-सहसवान घराने से ताल्लुक रखने वाले खान, घराने के संस्थापक इनायत हुसैन खान के पड़पोते थे। उनका जन्म उप्र के बदायूँ में हुआ था और उन्होंने प्रारंभिक प्रशिक्षण अपने दादा उस्ताद निसार खान से प्राप्त किया था। बाद में वह कोलकाता चले गए और आईटीसी संगीत रिसर्च अकादमी में शामिल हो गए। उनके निधन के तुरंत बाद अस्पताल पहुंची मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उन्हें वास्तव में विश्व प्रसिद्ध गायक, एक व्यक्तिगत मित्र और एक महान व्यक्ति बताया, जिनकी जगह भरना मुश्किल होगा। यह पूरे देश और पूरे संगीत जगत के लिए एक बड़ी क्षति है। मुझे बेहद दुख है, क्योंकि मुझे अब भी विश्वास नहीं हो रहा है कि राशिद खान अब नहीं रहे। मुख्यमंत्री ने कहा


राशिद खान की फाइल फोटो

कि खान का अंतिम संस्कार बुधवार को होगा और राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा और इससे पहले उन्हें बंदूक से सलामी दी जाएगी। उनका पार्थिव शरीर आज मुर्दाघर में रखा जाएगा। खान के पार्थिव शरीर को कल रवींद्र सदन ले जाया जाएगा जहां उनके अनुयायी उन्हें श्रद्धांजलि दे सकते हैं। पिछले महीने सेरेब्रल अटैक के बाद संगीतकार की स्वास्थ्य स्थिति बिगड़ गई थी, इसके बाद उन्हें जीवन रक्षक प्रणाली पर रखा गया था और वह ऑक्सीजन सपोर्ट पर थे।

रामपुर सहसवान घराने के उस्ताद राशिद खान की मखमली और गंभीर आवाज के संगीत के मार्तण्ड पण्डित भीमसेन जोशी भी उनकी गायकी के मुरीद थे। राशिद खान न केवल शास्त्रीय गायन करते थे बल्कि उन्होंने बालीवुड की कुछ फिल्मों में भी अपनी आवाज दी थी। जब वी मेट फिल्म के आओगे जब तुम ओ साजना, अंगना फूल खिलेंगे गाने में उन्होंने दिखा दिया कि वह भले ही शास्त्रीय गायक हो किंतु फिल्मों के पार्श्वगायन में भी वे बेजोड़ हैं। उनके इस फिल्मी गाने को हर तरह के श्रोताओं ने जमकर सराहा था। राशिद ने स्वयं अपने एक साक्षात्कार में इसका जिक्र किया था कि जब वह काफी युवा थे , तब एक बार पंडित भीमसेन जोशी ने अपने घर बुलाकर उनसे उनका गायन सुना था। राशिद को यह भी सौभाग्य मिला कि उन्होंने भारत रत्न पं. भीमसेन जोशी के साथ राग मिया की तोड़ी पर मिलकर बंदिश गाई थी। राशिद खान ने आज अपने प्रशंसकों को गहरी निराशा में डालकर मात्र 55 वर्ष की आयु में अपनी संगीत यात्रा पूरी करते हुए अंतिम सांस ली। वैसे तो राशिद खान अपनी विलंबित ख्याल गायकी के लिए काफी प्रसिद्ध थे किंतु जब वह अपने संगीत कार्यक्रमों मे ठुमरी विशेषकर याद पिया की आए पर जब तान छेड़ते थे तो श्रोता उनकी संगीत लहरी के आनंद में मानों बह जाते थे। राशिद ने 11 वर्ष की आयु से संगीत सम्मेलन में गाना शुरू कर दिया था। संगीत के कुछ गुर उन्होंने अपने दादा इनायत हुसैन खान से भी सीखे। खान की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार वह संगीत सम्राट मियां तानसेन की 31वीं पीढ़ी हैं। राशिद की गायकी पर अपने रामपुर सहसवान घराने के अलावा उस्ताद आमिर खान एवं पण्डित भीमसेन जोशी की गायकी का प्रभाव बीच बीच में झलकता था। भारत सरकार ने उन्हें पद्मश्री और पद्मभूषण से सम्मानित किया था।

# लंबे समय से खाली पड़े प्लाट के आवंटन होंगे निरस्त

## उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास आयुक्त ने नोएडा और ग्रेनो में आईटी, उद्योग व संस्थागत आवंटनों की समीक्षा की

● दोनों प्राधिकरण को शिविर का आयोजन करने के निर्देश दिए

**पायनियर समासचार सेवा।** नोएडा

उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास आयुक्त और नोएडा-ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के चेयरमैन मनोज कुमार सिंह ने नोएडा-ग्रेटर नोएडा में आईटी, उद्योग व संस्थागत आवंटन की समीक्षा की। चेयरमैन ने कहा कि आईटी, उद्योग व संस्थागत के जो आवंटी लंबे समय से खाली भूखंड लेकर बैठे हैं, उन भूखंडों पर बिल्डिंग बनाकर कंप्लीशन और फंक्शनल नहीं कर रहे हैं। उनका आवंटन निरस्त कर दिया जाए।

उन्होंने साथ में यह भी कहा कि जिन आवंटियों ने तय प्रावधानों के मुताबिक न्यूनतम निर्माण भी पूरा कर लिया ह। उनसे न्यूनतम औपचारिकताएं पूरी कराकर कंप्लीशन और फंक्शनल सर्टिफिकेट जारी करें। आईडीसी ने इसके लिए नोएडा-ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को शिविर लगाने के निर्देश दिए। आईडीसी व चेयरमैन मनोज कुमार सिंह ने सोमवार शाम करीब छह बजे ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार और नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ लोकेश एम व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में दोनों प्राधिकरण के आईटी, उद्योग व संस्थागत आवंटनों की समीक्षा की।

नोएडा-ग्रेटर नोएडा में आईटी, उद्योग व संस्थागत निवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस बैठक में सभी विभागाध्यक्षों ने चेयरमैन को इनसे जुड़े आवंटनों की ताजा स्थिति से अवगत कराया।

चेयरमैन ने कहा कि जिन भूखंडों के आवंटन को लंबा समय बीत चुका है। उनको बनाने और फंक्शनल करने की अवधि भी खत्म हो चुकी है, उनका सर्वे करा लें और खाली भूखंड मिलने पर आवंटन निरस्त करने की कार्रवाई करें, ताकि उन भूखंडों को नए सिरे से आवंटित किया जा सके। नए उद्यमियों को मौका मिल सके।

इससे नोएडा-ग्रेटर नोएडा में निवेश के द्वार खुलेंगे। इसके साथ ही चेयरमैन ने यह भी कहा कि अगर किसी आवंटी ने भवन का न्यूनतम निर्माण कर लिया है तो उससे जरूरी औपचारिकताएं पूरी कराकर कंप्लीशन और फंक्शनल सर्टिफिकेट जारी करें।

उन्होंने इसके लिए दोनों प्राधिकरण को शिविर का आयोजन करने के निर्देश दिए। उन्होंने इन आवंटनों को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में भी शामिल करने के निर्देश दिए। इस कदम से पारदर्शिता बढ़ेगी।



नोएडा-ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के चेयरमैन मनोज सिंह ने अधिकारियों संग नोएडा-ग्रेटर नोएडा में आईटी, उद्योग व संस्थागत आवंटन की समीक्षा की।

# हनीट्रैप गैंग का खुलासा, मां-बेटी समेत 4 धरे

● पीड़ित को फंसाने का डर दिखाकर वसूले 1.59 लाख रुपये

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा के थाना सूरजपुर पुलिस ने हनी ट्रैप में फंसाकर लूटपाट की वारदातों को अंजाम देने वाले गिरोह का खुलासा किया है।

पुलिस ने मां बेटी सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। महिला लोगों को लड़कियों से दोस्ती कराने का झांसा देकर फंसाती थी। इसके बाद वह अपने गिरोह के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर जाल में फंसे लोगों को लूट लेती थी। इस गिरोह ने विभिन्न थाना क्षेत्र में इस तरह की कई घटनाओं को अंजाम दिया है। नोएडा सेंट्रल जोन के एडीसीपी हृदेश कठेरिया ने बताया कि विजय सिंह काल्पनिक नाम ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसे उसकी मुलाकात कविता नामक महिला से हुई थी। कविता ने उसे किसी लड़की से दोस्ती करने का प्रलोभन दिया।

बीते 7 जनवरी को कविता ने उसे लड़की से दोस्ती करने के बहाने फोन कर सूरजपुर बुलाया। इसके बाद वह अपनी बाइक से देवला गांव आ गया। यहां कविता ने एक लड़की को उसके साथ बाइक पर बैठा दिया। कुछ दूर चलने पर वेगनआर कार सवार लोगों ने उसे रोक लिया और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी।

कार सवार युवकों ने लड़की भगाने का आरोप लगाते हुए उसे जेल भिजवाने की धमकी देकर डराया। इसके बाद इन लोगों ने उसे 12000 रूपये में मोबाइल फोन ले लिया। बलात्कार के झूठे मामले में फंसने की धमकी देकर आरोपियों ने उसे पेटीएम का पासवर्ड पूछ लिया।

इसके बाद आरोपियों ने उससे पेटीएम से करीब 1 लाख 47000 रूपये की अलग-अलग स्थान से खरीदारी की। एडीसीपी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जांच पड़ताल की। जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने कविता उसकी बेटी पूजा तथा एक नाबालिक बेटी तथा फारूक को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से विजय सिंह से लूट गया मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त वेगनआर कार बरामद हुई है।

पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि वह हनी ट्रैप में लोगों को फंसा कर उनके साथ लूटपाट की घटनाओं को अंजाम देते थे। हनी ट्रैप के आरोप में पकड़े गए आरोपी पूर्व में भी इस तरह की कई वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक कविता व उसके साथियों ने थाना बीटा.2ए थाना ईकोटेक-3 क्षेत्र सहित कई अन्य थाना क्षेत्र में हनी ट्रैप की घटनाओं को अंजाम देकर कई लोगों को अपना शिकार बनाया है।



गिरफ्तार आरोपियों की जानकारी दते पुलिस अधिकारी।

# गाजियाबाद का नाम बदलने का प्रस्ताव नगर निगम में पारित

● अंतिम निर्णय लेने के लिए मुख्यमंत्री को भेजा जाएगा

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद नगर निगम (जीएमसी) ने मंगलवार को गाजियाबाद का नाम बदलने का एक प्रस्ताव पारित किया। अंतिम निर्णय लेने के लिए इसे अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पास भेजा जाएगा।

गाजियाबाद की महापौर सुनीता दयाल ने मंगलवार को बताया, गाजियाबाद का नाम बदलने का प्रस्ताव पार्षदों द्वारा पूर्ण बहुमत से पारित किया गया और अब इसे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पास भेजा जाएगा। नया नाम उनके निर्णय के अनुसार रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता और हिंदू संगठनों की मांग को ध्यान में रखते हुए तीन नाम हरनंदी नगर, गजप्रस्थ और दूधेश्वरनाथ नगर सुझाए गए हैं। प्राचीन मंदिर दूधेश्वर नाथ के प्रधान पुजारी महंत नारायण गिरि ने बताया कि पिछले साल उन्होंने मुख्यमंत्री से बात की थी और गाजियाबाद के लिए तीन नाम गजप्रस्थ, दूधेश्वरनाथ नगर या हरनंदीनगर सुझाए थे। उन्होंने कहा कि ये नाम महाभारत के इतिहास से संबंधित हैं क्योंकि यह क्षेत्र हस्तिनापुर का हिस्सा था। उन्होंने कहा कि यह एक घना जंगल था जहां हाथी रहा करते थे तथा चूंकि हाथी को हिंदी में गज कहा जाता है इसलिए गाजियाबाद को पहले गजप्रस्थ के नाम से जाना जाता था। गिरि ने दावा किया कि मुगल बादशाह अकबर के करीबी सहयोगी गाजीउद्दीन ने इस नगर का नाम बदलकर गाजियाबाद कर दिया था।

उन्होंने कहा, हिंदू पवित्र ग्रंथों के अनुसार गाजियाबाद को हरनंदी के नाम से जाना जाता था जो भगवान ब्रह्मा की बेटी और गंगाजी की छोटी बहन थीं। भगवान शिव का एक मंदिर दूधेश्वरनाथ लगभग 5000 साल पुराना है इसलिए गाजियाबाद का नाम बदलकर दूधेश्वरनाथ नगर का सुझाव दिया गया था।

## संक्षिप्त समाचार

### चोरों ने गुल कर दी गांव की बिजली

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के थाना जारचा क्षेत्र के ग्राम दादूपुर में लगे 250 केवीए के ट्रांसफार्मर से चोरों ने तार चोरी कर ली। तार चोरी करने के लिए चोरों ने ट्रांसफार्मर को भी क्षतिग्रस्त कर दिया जिससे गांव की विद्युत आपूर्ति भी ठप्प हो गई है। एनटीपीसी रोड दादरी स्थित 33/11 केवीए उप केंद्र के अवर अभियंता ललित कुमार ने बताया कि विगत 7 जनवरी की रात्रि को चोरों ने ग्राम दादूपुर नरहौली गांव के पास लगे ट्रांसफार्मर को क्षतिग्रस्त कर तांबे की तीनों क्वाइल को चोरी कर लिया। चोरों की इस हरकत से दादूपुर गांव की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई है और इससे विभाग को खासी वित्तीय हानि हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि अवर अभियंता की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

### अंडे की ठेली लगाने वाले को पीटा

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के थाना जेवर क्षेत्र के सबोता गांव के पास शराब के नशे में धुत्त दबंग ने अंडे की ठेली लगने वाले दुकानदार के साथ मारपीट की। दुकानदार का चाचा जब उसे बचाने पहुंचा तो दबंग ने उसके सर पर ईंटों से प्रहार कर उसे घायल कर दिया। ग्राम सबोता निवासी बबलू ने बताया कि उसका भतीजा अंकित गांव के बाहर ही अंडे की ठेली लगता है। 7 जनवरी की रात गांव का ही टिंकू पुत्र शांति शराब के नशे में अंडे की ठेली पर पहुंचा और उसके भतीजे अंकित के साथ गाली.गलौज करने लगा। अंकित ने जब इस बात का विरोध किया तो टिंकू ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान वह मौके पर पहुंच गया और अपने भतीजे को बचाने का प्रयास करने लगा तो टिंकू ने ईंट से प्रहार कर उसे घायल कर दिया और मौके से फरार हो गया। इसके बाद टिंकू ने अपने साथ मारपीट होने की झूठी सूचना थाना जेवर पुलिस को दी। पुलिस जब बबलू के घर पहुंची तो वह घायल अवस्था में मिला। बबलू की शिकायत पर पुलिस ने टिंकू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### मृतक साफ्टवेयर डेवलपर के परिजन पहुंचे गाजियाबाद

**गाजियाबाद।** असम हाल वैभव खण्ड निवासी पांजन्य देव नामक सॉफ्टवेयर डेवलपर का शव उनके किराये के फ्लैट में मिला था। पुलिस के मुताबिक शव की दशा देखकर ऐसा प्रतीत हो रहा था कि पांजन्य देव की मौत कई दिन पहले हुई होगी। इस संदर्भ में एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह का कहना है कि सॉफ्टवेयर डेवलपर की मौत की गुत्थी सुलझाने के लिये जहां हर एंगिल पर जांच की जा रही है वहीं आज उनके परिजन भी असम से गाजियाबाद आ गये हैं। श्री सिंह ने बताया कि अगर पांजन्य के परिजनों के द्वारा उक्त प्रकरण के संदर्भ में तहरीर दी जाती है तो पुलिस उसके आधार पर रिपोर्ट दर्ज करके अग्रिम कार्रवाई करेगी।

### भाकियू ने किसानों की समस्याओं पर की चर्चा

**नोएडा।** भारतीय किसान यूनियन मंच की एक पंचायत सेक्टर.86 स्थित गांव याकूबपुर में राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधीर चौहान के नेतृत्व में हुई। पंचायत में गांव गेझा, भंगेल, याकूबपुर, इलहाबास व सलारपुर के किसान शामिल हुए। मंच के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अशोक चौहान ने बताया कि पंचायत में किसानों से संबंधित समस्याओं पर संवाद किया गया और 16 जनवरी को नोएडा प्राधिकरण और जनप्रतिनिधियों से अपना हक लेने के लिए हरौला सेक्टर.5 बारात घर पहुंचने की अपील की गई।

# रुद्रा बिल्डर का मालिक गिरफ्तार 35 करोड़ रुपये हैं बकाया

**नोएडा।** जिला प्रशासन ने बड़े बकायादारों से वसूली के लिए बड़ा अभियान चलाया है। बकायादारों से लेकर नोएडा प्रशासन रिकवरी सर्टिफिकेट जारी कर रहा है। नोएडा और ग्रेटर नोएडा के बड़े बकायेदार बिल्डर भी शामिल है। वसूली के लिए बकायेदार बिल्डरों की गिफ्तारी भी शुरू कर दी गई है। इसी के तहत नोएडा के जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए रुद्रा बिल्डर के मालिक मुकेश खुराना को गिरफ्तार किया है। आपको बता दें कि नोएडा के रुद्रा बिल्डवेल पर लगभग 35 करोड़ रुपये की आरसी बकाया थी। आरसी की वसूली को लेकर जिला प्रशासन पूर्व में कई बार बिल्डर प्रबंधन को नोटिस जारी किया जा चुका था। आरसी की वसूली न होने से नाराज बॉयर्स ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

# एमिटी यूनिवर्सिटी के आसपास चला चेकिंग अभियान

● तीस गाड़ियों से ब्लैक फिल्म उतारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा की पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देशा पर मंगलवार की सुबह नोएडा के थाना सेक्टर.126 पुलिस व यातायात पुलिस द्वारा एमिटी यूनिवर्सिटी के आसपास यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरूद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के तहत 250 वाहन चालकों के खिलाफ नियमों का उल्लंघन करने पर चालान की कार्रवाई की गई। इस दौरान 15 वाहनों को सीज भी किया गया। एसीपी रजनीश वर्मा मंगलवार की सुबह अपनी पूरी टीम के साथ यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफकार्रवाई करने सडक पर उतरे। अभियान के दौरान वाहनों पर ब्लैक फिल्म, गलत साइड आने वाले व सडक पर अवैध रूप से खडे वाहनों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए 15 गाड़ियों को सीज किया गया। 30 गाड़ियों की ब्लैक फिल्म उतारते हुए उनका चालान किया गया।

अभियान के दौरान यातायात नियमों का पालन न करने वाले लगभग 250 वाहनों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई गई। थाना पुलिस व यातायात पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से चलाए गए इस अभियान से यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों में हड़कंप मच गया।

कार्रवाई के दौरान कई लोगों ने पुलिसकर्मियों पर दबाव बनाने का प्रयास किया लेकिन उनकी एक नहीं चली। पुलिस ने उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करते हुए चालान किया। इस दौरान थाना सेक्टर.126 प्रभारी सुबोध कुमार सहित यातायात पुलिसकर्मी मौजूद थे।


## सांकेतिक कब्जे की सूचना

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, लैंडमार्क बिल्डिंग, चौथी मंजिल, 228ए, एजेसी बोस रोड, कोलकाता 700020 CIN नंबर: L65190GJ1994PLC021012, www.icicibank.com

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राजमणि कुमार/ सबनम कुमारी/ पिता राधेश्याम प्रसाद, किसान कॉलोनी, फेस 2, बेउर अखाड़ा के पास अनिशाबाद पटना बिहार पटना- 800002/ LBPTN00005314851/ LBPTN00005314853 | खसरा सर्वे प्लॉट नं. 59 (भाग), थाना कोड 113, थाना नं. 33, तौजी नंबर 5070, खाता नंबर 72, पटना नगर निगम, वार्ड नंबर 7, मौजा बेउर, मौसम मुहल्ला, किसान कॉलोनी, थाना फुलवारी शरीफ, उप-रजिस्ट्री फुलवारी शरीफ, सदर रजिस्ट्री कार्यालय और जिला पटना, बिहार । क्षेत्रफल 1772 वर्ग फीट या 4.0679522 दशमलव/ सांकेतिक कब्जे की तिथि 05.01.2024 | अगस्त 29, 2023 रु. 2,22,08,271/- | दिल्ली |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : जनवरी 10, 2024**
**स्थान : दिल्ली**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण शाखा, उत्तराखण्ड पेयजल निगम, रामनगर (नैनीताल) पिन कोड-244715
(ई-मेल : eecdujnramnagar@gmail.com, फोन : 05947-298520)

पत्रांक : 72/विविध-14/01 दिनांक : 08.01.2024

### अति-अल्पकालीन निविदा सूचना

एतद् द्वारा जनपद-नैनीताल के विकासखण्ड-बेतालघाट एवं रामनगर की निम्न पेयजल योजनाओं के निर्माण (मरम्मत कार्य) एवं तत्सम्बन्धी कार्यों हेतु उत्तराखण्ड पेयजल निगम विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से पृथक-पृथक एकल निविदा पद्धति निविदा प्रणाली के अन्तर्गत मुहरबन्द निविदायें टैण्डर बॉक्स के माध्यम से दिनांक 16.01.2024 को अपरान्ह् 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाऐं दिनांक 16.01.2024 को ही अपरान्ह् 03:30 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष अधोहस्ताक्षरी द्वारा इस कार्यालय में खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 15.01.2024 की सायं 05:00 बजे तक बिक्री किये जायेंगे।

| क्र0 सं0 | विकास खण्ड | योजना का नाम | धरोहर धनराशि रुपये | निविदा प्रपत्र का मूल्य (18% GST सहित) रुपये | कार्य पूर्ण करने की अवधि | विभाग में न्यूनतम पंजीकरण की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 |
| 1 | बेतालघाट | बारगल कफल्टा पेयजल योजना (जल संयोजन कार्य) (नाबार्ड) | 20,000.00 | 1180.00 | डेढ़ माह | क्लास 'डी0' पाईप लाईन |
| 2 | बेतालघाट | बारगल कफल्टा पेयजल योजना (पाइपलाइन कार्य) (नाबार्ड) | 20,000.00 | 1180.00 | डेढ़ माह | |
| 3 | बेतालघाट | रिखोली पेयजल योजना (श्रोत एवं जल संयोजन, तत्सम्बन्धी कार्य) (जे.जे.एम.) | 20,000.00 | 1180.00 | डेढ़ माह | |
| 4 | रामनगर | चैनपुरी पेयजल योजना (पाइपलाइन कार्य) (जे.जे.एम.) | 10,000.00 | 590.00 | डेढ़ माह | |
| 5 | रामनगर | कार्यालय परिसर मरम्मत कार्य (जिला योजना) | 20,000.00 | 1180.00 | दो माह | |
| 6 | रामनगर | कृषि भूमि हेतु तार-बाड़ व सुरक्षा कार्य (जिला योजना) | 12,000.00 | 1180.00 | दो माह | |

नोट- 1. निविदा शर्तो का अवलोकन किसी भी कार्य दिवस में शाखा नोटिस बोर्ड पर चस्पा निविदा सूचना में किया जा सकेगा।
2. निविदा क्रय करने हेतु आवेदन पत्र के साथ पंजीकरण प्रमाण-पत्र एवं ठेकेदार का जी0एस0टी0 में पंजीकरण होना अनिवार्य है। शेष शर्ते निविदा प्रपत्र के अनुसार रहेंगी।

**अधिशासी अभियन्ता**

## SALE NOTICE

The under mentioned Assets will be sold through auction on **"AS IS WHERE IS BASIS"** and **"AS IS WHAT IS BASIS"** for recovery of dues as per court orders, in the following cases:-

| Case Details | Asset Details | Reserve Price | EMD |
|---|---|---|---|
| ICICI BANK Vs. Sanju Kumar, Execution (Comm.) 144/23 | Vehicle No. DL6CM8216, Make and Model - TATA MOTORS LTD ZEST, Manu Year - 2015 | Rs. 100000/- | Rs. 10000/- |

**Auction Date: January 25, 2024 From 11:00 am to 02:00 pm.**
**Place of Auction:** Godara Yard, Khewat No. 166/1, Near Atul Kataria Chowk, Behind Gyan Devi, School, Sec- 17, Sukhrali, Gurugram- 122022
**Contact Person: Swapnil Upadhyay (8126013708)/ Rajeev Ranjan (8584874809)**

**Note: DD/PO of EMD amount is to be made in favour of ICICI BANK LIMITED payable at Delhi and all bidders need to submit original DD/PO along with self-attested KYC at the auction site to participate in the auction.**

**Terms of Sale**

The particulars of the said asset specified herein above have been stated to the best of the information and knowledge of the undersigned, who shall however not be responsible for any error, misstatement or omission in the said particulars. The interested participant/s are therefore requested, in their own interest, to satisfy himself / themselves/ itself with regard to the said asset and other relevant details pertaining to it before submitting the bids. All bidders are required to come at auction site with original KYC documents to participate in the auction. .
Successful bidder shall have to deposit sale amount within 5 days from the approval date by the way of pay order/demand draft/RTGS/NEFT In case if you fail to make the remaining sale amount within 5 days, you EMD amount will be forfeited.
The intending bidders may visit at **ICICI Bank Ltd, Shal tower Plot no. 23, New Rohtak Road, Karol Bagh, Delhi- 110005** for details and inspection of the said hypothecated vehicles.

## PUBLIC NOTICE

My Clients **Dinesh Arora** S/o Amar Nath Arora & his wife **Geeta Arora R/o- A-2/77 2nd Floor Paschim Vihar, New Delhi-63** have debarred & disowned their Son **Daman Arora** & his wife **Prerna Arora** from their movable and immovable properties. My Clients have also severed all their relation with them. If anybody deals with them in any manner they do so at their own risk,responsibility
Ramesh Chander (Adv) Ch. 68, Western Wing, Tis Hazari

## Public Notice

This is to inform the general public that **Mr. Ajay Goyal** of the Residential House No.B-52, Area Admeasuring 350 Sq. Yrds (43Ft. X 73 Ft.), Comprised in Khasra No.1810, Situated in Residential Colony Known as Old DLF Colony, Sector-14, Gurgaon, Haryana. He acquired the above property through Transfer Deed dated 20.12.2016, executed by (1) Mrs. Satya Goyal (2) Mr. Sanjay Gupta (3) Mr. Vijay Gupta (4) Mr. Manish Gupta. Doc No-24352.
**Mr. Ajay Goyal** is currently in the process of mortgaging the aforementioned property with **KOTAK MAHINDRA BANK LIMITED Our Client.** Any objections or concerns regarding this transaction should be raised within a period of 10 days from the date of this public notice. Any objections submitted after the completion of this 10-day period will not be considered binding with respect to the said property or the interests of our client.
If anyone wishes to raise an objection, please do so within the stipulated 10-day period by contacting **Law Veritas: North (Advocates & Legal Consultants) at Office No. 11, 1st Floor, Building No. A-44/A, Sector-16, Noida, Uttar Pradesh-201301; Landline(s):+910120-3101683 /4562809; e-mail: accounts@lvnorth.in**

## कार्यालय ग्राम पंचायत-सिखरना विकास खण्ड जवाँ जनपद अलीगढ।

पत्रांकः-/मीमो 2023-24/सामग्री आपूर्ती/वित्त आयोग/मनरेगा दिनांकः- 08.01.2024

-: कुटेशन/ अल्पकालीन निविदा आमन्त्रण सूचना :-

सर्वसाधारण एवम् आपूर्तीकर्ता शासकीय ठेकेदार/रजिस्टड फर्मो/ निर्माताओ को सूचित किया जाता है 15 वॉ वित्त/फार्म वित्त/मनरेगा का प्राप्त धनराशि से ग्राम पंचायत सिखरना मे वित्तीय वर्ष 2023 2024 में कराये जा रहे निमार्ण कार्यो हेतु कार्यस्थली पर सामग्री को आपूर्ती किये जाने के इच्छुक व्यक्तियो फर्म स्वामियो निर्माताओ से शील्ड कुटेशन आमन्त्रित किये जायेगे। सामग्री पर लोडिंग, अनलोडिंग एवम् समस्त करो सहित कुटेशन बन्द लिफाफे मे दिनांक 10.01.2024 से दिनांक 20.01.2024 सांय 3 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत सिखरना में जमा की जा सकती है लिफाफे दिनांक 20.01. 2024 को साय 4 बजे अधोहस्ताक्षरी/अधिकृत प्रधिकारी की उपस्थिति मे खाले जायेगें। कार्य स्थ्लो एवं अन्य जानकारी के लिए किसी कार्यदिवस में अधोहस्ताक्षरी से सम्पर्क किया जा सकता हैं।

| क्र0सं | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | उचित दर की दुकान एवं जनसुविधा केन्द्र निमार्ण कार्य सिखरना | 7.47 लाख | 90 दिन |

नियम एवं शर्ते :-
1. निविदा बन्द लिफाफे मे अलग अलग अथवा सभी कार्यो हेतु स्वीकार की जाऐगी।
2. सामग्री की आपूर्ती आदेश जारी होने के अधिकतम 10 दिन के अन्दर देनी होगी।
3. निर्धारित अवधि मे कार्यस्थल पर सामग्री की आपूर्ती पूर्ण ना होने की दशा में आपूर्ती आदेश निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा।
4. अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताऐ अथवा सभी निविदाये निरस्त करने का अधिकार संरक्षित है।

प्रतिलिप :-
स्थानीय सम्वाददाता को इस अनुरोध के साथ कि उपरोक्त निविदा विज्ञप्ति दिनांक 09.01.2024 के दैनिक अखबार में शासकीय एवं रियायती दरों पर प्रकाशित करने का कष्ट करे।

ग्राम प्रधान — हस्ता
गजराज सिंह — ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम-सिखरना — ग्राम पंचायत सिखरना
वि0ख0 जवाँ अलीगढ — वि0ख0 जवाँ अलीगढ

## THE PIONEER CLASSIFIEDS

### CHANGE OF NAME

I, Rupan Kaul D/o S.S.Bedi R/o 655, Sec-11, Chandigarh-160011 do hereby declare that I have changed my name Rupan Bedi to Rupan Kaul after marriage, hence Rupan Bedi and Rupan Kaul are same and one person.

PD(235)C

## PUBLIC NOTICE

Plot No. 68, Sector 16, Phase 1, Industrial Estate, Bahadurgarh (Allottee ID: 2021JAN70022) measuring 1800 sqm.
The captioned plot is in the name of Mr. Joginder Pal Ralli and Bhupesh Ralli Prop Encord Readymade (P) Ltd Garments Allotted by HSIIDC vide Regular Letter of Allotment No. 2021JAN70022 for setting up the industrial Project of mfg readymade garments
That the Mr. Bhupesh Ralli S/o Late Sh. Joginder Pal Ralli vide his request letter dated 20.03.2023 intimated that Mr. Joginder Pal Ralli has expired on 09.09.2021 That the legal heirs has furnished the death certificate of late Joginder Pal Ralli and Undertaking indicating the name of the legal heirs of the deceased i.e. (1) Bhupesh Ralli (Son) (2) Alka Kakkar (Daughter) (3) Vimmi Passi (Daughter).
That the legal heirs has requested to transfer the said plot to Mr. Bhupesh Ralli has also submitted/intimated that they are the only legal heirs of deceased and they have no objection, if the said plot of are transferred in favour of Mr. Bhupesh Ralli.Through this Public Notice it is here by informed that in case any person has any reservation/objection to the said transfer he/she can file/her objection(s) in writing before the undersigned along with an affidavit with in a period of 30-days from the date of publication of this notice. In case no. response/objection is received within the aforesaid period, it will be presumed that no person has any objection for transfer of said share in favour of Mr. Bhupesh Ralli S/o LateJoginder Pal Ralli and the Corporation shall go ahead with the request of transfer of said plot in favour of Mr. Bhupesh Ralli S/o Late Joginder Pal Ralli.

On behalf of
Estate Manager
Haryana State Industrial and infrastructure Development Corporation Limited
Sector-17, Industrial Estate, Bahadurgarh (HR)

## Public Notice

This is to inform the general public that **Ms. Bachhi Devi** is the GPA Holder of Property bearing Plot no. 63, area measuring 40 sq. yards., out of Khasra no. 3/20 & 4/15 situated at Vikas Kunj, Mohan Garden, Uttam Nagar, New Delhi-110059. She acquired the above property through GPA, ATS, & Will dated 29.03.2023, executed by **Ms. Baby Gupta.**
**Ms. Bachhi Devi** is now selling the above said property to **Ms. Poonam Sharma and further Ms. Poonam Sharma** is currently in the process of mortgaging the aforementioned property with **SMFG India Home Finance Co., Our Client.** Any objections or concerns regarding this transaction should be raised within a period of 07 days from the date of this public notice. Any objections submitted after the completion of this 07-day period will not be considered binding with respect to the said property or the interests of our client.
If anyone wishes to raise an objection, please do so within the stipulated 07-day period by contacting **Law Veritas: North (Advocates & Legal Consultants) at Office No. 11, 1st Floor, Building No. A-44/A, Sector-16, Noida, Uttar Pradesh-201301; Landline(s):+910120-3101683 / 4562809; e-mail: accounts@lvnorth.in**

## सार्वजनिक सूचना

आस मोहम्मद की ओर से आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम बोंझा, मेरठ रोड, परगना लोनी, तहसील और जिला गाजियाबाद, (यूपी) में स्थित खसरा नंबर 37 से संबंधित कुछ मूल विक्री विलेख दिनांक 04.04.1989, और मूल जीपीए, एटीएस विल 03.08.1996, खो गया है/गुम हो गया है। जनता को दस्तावेज़ों के साथ लेन-देन नहीं करने की चेतावनी दी जा रही है। उपरोक्त दस्तावेज़ों से निपटने वाला कोई भी व्यक्ति अपने जोखिम और जिम्मेदारी पर ऐसा करेगा। ऐसे व्यक्तियों द्वारा किए गए किसी भी नुकसान के लिए मालिक किसी भी तरह से उत्तरदायी नहीं होगा। यदि किसी को ये दस्तावेज़ मिले या इन दस्तावेज़ों का कोई दुरुपयोग करते दिखे, तो संबंधित व्यक्ति को नीचे दिए गए पते पर सूचित करें।

ज्यूरिस नेक्स्टजेन एलएलपी
ई-56, एलजीएफ, ग्रेटर कैलाश एन्क्लेव पार्ट-1 नई दिल्ली-48 # 011-42662177,78,79

## Public Notice

This is to inform the general public that **Smt. Kanta Bansal** is the sole owners of Entire First Floor Without Roof Rights "said Floor" Built- On Property Bearing No. 101 area measuring 168 Sq. Mtrs., in Block- AE Situated in the Layout Plan of Shalimar Bagh, Residential Scheme, Shalimar Bagh, Delhi-110088. This ownership was legally acquired through a Relinquishment Deed dated 16.06.2021 vide doc. No. 6382, executed by **Smt. Shagun Agarwal & Sh. Ronak Bansal.**
Above said owners have misplaced the Original Possession Letter, Site Kabza Letter and Allotment Letter. Anyone who finds the above-mentioned documents, kindly handover the same to the Manager of IDFC First Bank Limited.
**Smt. Kanta Bansal** intends to transfer the ownership by way of Sale Deed of the aforementioned floor to Smt. Renu Bansal. Subsequently, **Smt. Renu Bansal** is in the process of mortgaging the said property with **IDFC First Bank Limited.** Any objections or concerns regarding this transaction should be raised within a period of 15 days from the date of this public notice. Any objections submitted after the completion of this 15-day period will not be considered binding with respect to the said property or the interests of our client.
**If anyone wishes to raise an objection, please do so within the stipulated 15-day period by contacting Law Veritas: North (Advocates & Legal Consultants) at Office No. 11, 1st Floor, Building No. A-44/A, Sector-16, Noida, Uttar Pradesh-201301; Landline(s):+910120-3101683 /4562809; e-mail: accounts@lvnorth.in**

# दिल्ली वक्फ बोर्ड मामले में आरोप पत्र दाखिल

## ईडी की चार्जशीट में अमानतुल्ला खान के तीन सहयोगियों जीशान, दाऊद नासिर और जावेद सिद्दीकी के नाम शामिल

● जांच एजेंसी ने ओखला विधायक खान को आरोपी के रूप में नामित नहीं किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




प्रवर्तन निदेशालय ने आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्ला खान के कार्यकाल के दौरान दिल्ली वक्फ बोर्ड में कर्मचारियों की भर्ती और संपत्तियों को पट्टे पर देने में कथित अनियमितताओं से जुड़ी धनशोधन जांच में मंगलवार को आरोपपत्र दायर किया।

आरोपपत्र में कुल पांच नाम हैं जिनमें खान के तीन सहयोगियों जीशान हैदर, दाउद नासिर और जावेद इमाम सिद्दीकी के नाम भी शामिल हैं जिन्हें केंद्रीय एजेंसी ने नवंबर 2023 में गिरफ्तार किया था। दिल्ली विधानसभा में ओखला निर्वाचन क्षेत्र से विधायक अमानतुल्ला खान को आरोपी के रूप में नामित नहीं किया गया है। प्रवर्तन निदेशाल ने पिछले साल अक्टूबर में खान और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ छापेमारी के बाद दावा किया था कि आम आदमी पार्टी के विधायक ने दिल्ली वक्फ बोर्ड में कर्मचारियों की अवैध भर्ती से नकदी के रूप में अपराध की बड़ी रकम अर्जित की और अपने सहयोगियों के नाम पर अचल संपत्तियां खरीदने के लिए इसका निवेश किया। ईडी के मुताबिक अमानतुल्ला खान द्वारा बोर्ड की अध्यक्षता के दौरान वक्फ बोर्ड की संपत्तियों को गलत तरीके से पट्टे पर देकर अवैध व्यक्तिगत लाभ अर्जित करने और कर्मचारियों की अवैध भर्ती मामले में छापेमारी की गई थी।

धनशोधन का मामला केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की प्राथमिकी और दिल्ली पुलिस की तीन शिकायतों से संबंधित है। ईडी ने कहा कि वर्ष 2018-2022 के दौरान खान ने उक्त आपराधिक गतिविधियों से नकदी के रूप में बड़ी रकम अर्जित की और अपने सहयोगियों के नाम पर दिल्ली में विभिन्न अचल संपत्तियों की खरीद के लिए उस राशि का निवेश किया गया। इसने कहा था कि छापेमारी के दौरान भौतिक और डिजिटल साक्ष्य के रूप में कई चीजें जब्त की गईं, जो धनशोधन के अपराध में खान की भूमिका का संकेत देती हैं।

मुख्यमंत्री और आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया था कि आप को खत्म करने के लिए एक अभियान चलाया जा रहा है और उनकी पार्टी के नेताओं के खिलाफ झूठे मामले दर्ज किए जा रहे हैं।

# आप पांच राज्यों में कांग्रेस के साथ गठबंधन के लिए तैयार : गोपाल

● बोलेः अगली बैठक में सीट बटवारें को लेकर बातचीत होगी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी ने पंजाब समेत पांच राज्यों में कांग्रेस के साथ गठबंधन कर चुनाव लड़ने पर अपना रुख बरकरार रखा है और उसने कहा कि अब तक की चर्चा सकारात्मक रही है। आप और कांग्रेस विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया का हिस्सा हैं और उन्होंने आगामी लोकसभा चुनावों के लिए सीट बंटवारे पर सोमवार को चर्चा की।

दिल्ली इकाई के संयोजक गोपाल राय ने मंगलवार को मीडिया से बातचीत में बताया कि दोनों पार्टियों के बीच सीट बंटवारे को लेकर बातचीत शुरू हो गई है। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, गोवा और गुजरात में गठबंधन में चुनाव लड़ने पर अपना रुख बरकरार रखा है। अब तक सकारात्मक चर्चा हुई है।

यह पूछे जाने पर कि पार्टी किन-किन सीट पर चुनाव लड़ना चाहती है, आप नेता ने कहा कि इन राज्यों में किसी विशेष सीट को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई।

दिल्ली और पंजाब में आप सत्ता में है। कांग्रेस की दोनों राज्यों की इकाइयां आप के साथ किसी भी तरह के समझौते के विरोध में हैं।

पंजाब में कांग्रेस और आप के बीच गठबंधन में चुनाव लड़ने को लेकर खुलेआम बयानबाजी हो रही है। राय ने कहा, वह गठबंधन में चुनाव लड़ना चाहते हैं। अगली बैठक में सीट को लेकर बातचीत होगी। जब हम गठबंधन में होते हैं तो हमें आधिकारिक रुख अपनाना होता है। इस बारे में आधिकारिक रुप से दोनों पार्टियां अपनी तैयारियां करेंगी और फिर चर्चा करेंगी।

कांग्रेस और आप ने सोमवार को पंजाब, दिल्ली और अन्य राज्यों में लोकसभा चुनावों के लिए सीट बंटवारे की संभावनाओं पर चर्चा की। उन्होंने इंडिया गठबंधन के दो प्रमुख घटकों के बीच व्यवस्था को अंतिम रूप देने के लिए फिर से मिलने का फैसला किया।

# गांवों के विकास लिए 245 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी

● दिल्ली ग्राम विकास बोर्ड ने गांवों में सड़कों एवं नालियों समेत 284 नए प्रस्तावों पर लगाई मोहर

**नई दिल्ली।** दिल्ली ग्राम विकास बोर्ड ने राष्ट्रीय राजधानी के गांवों में सड़कों एवं नालियों की खातिर मंगलवार को 245 करोड़ रुपए के 284 नए प्रस्तावों को मंजूरी दी। परियोजनाओं के क्रियान्वयन की निगरानी के लिए छह सदस्यीय कार्यबल भी गठित किया गया है क्योंकि देरी की शिकायतें आई थीं। इन परियोजनाओं जल्द से जल्द पूरा करने के लिए विकास मंत्री गोपाल राय की अध्यक्षता में ग्राम विकास बोर्ड की बैठक हुई। बैठक के बाद गोपाल राय ने कहा कि बोर्ड द्वारा गांवों के लिए 759 करोड़ रुपए की 564 विकास परियोजनाएं पहले ही मंजूर की जा चुकी हैं। इस मद में बोर्ड अ बतक करीब 1000 करोड़ रुपए की परियोजनाओं को मंजूरी दे चुका है। इसके तहत गांवों के अंदर सड़क, नाली, सामुदायिक केंद्र, पार्क समेत अन्य विकास कार्य किए जा रहे हैं। गावों के विकास परियोजनाओं के वीकली मॉनिटरिंग के लिए के लिए एक टास्क फोर्स का गठन किया गया है। जिसमें ग्राम विकास बोर्ड, एमसीडी और सिचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के अधिकारी शामिल हैं।

# सड़क दुर्घटना में दिल्ली पुलिस के दो इंस्पेक्टर की मौत

● हरियाणा के सोनीपत जिले में कुंडली बॉर्डर के पास कार के कैंटर से टकराने से हुआ हादसा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली


मृतकों की फाइल फोटो व दुर्घनाग्रस्त कार।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

जीटी रोड पर कुंडली के पास एक कार सड़क किनारे खड़ी ट्रक जा टकराई। टक्कर इतनी जोदार थी कि कार के परखचें उड़। इस दुर्घटना में कार सवार दिल्ली पुलिस के दो इंस्पेक्टर की मौत हो गई। मृतक रणबीर चहल जींद के नरवाना और दिनेश बेनीवाल झज्जर के बहादुरगढ का रहने वाले हैं। दिनेश उत्तरी पश्चिमी जिले के स्पेशल स्टाफ में तैनात थे। जबकि रणबीर आदर्श नगर थाने में एडिशनल एसएचओ का काम संभाल रहे थे। यह हादसा सोमवार को देर रात करीब साढ़े 11 बजे हुआ। जब दोनों अपने-अपने घर जा रहे थे। पुलिस के मुताबिक बेनीवाल हरियाणा के झज्जर जिले के दादनपुर गांव के रहने वाले थे जबकि चहल जींद जिले के रहने वाले थे। हरियाणा पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक यह हादसा कुंडली से आगे प्याऊमनियारी इलाके के पास हुआ। ट्रक, कार से आगे था। ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए, जिसके कारण कार चला रहे बेनीवाल को अपनी गाड़ी को रोकने का समय नहीं मिला और कार सीधे ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखर्चे उड़ गए। दोनों पुलिस अधिकारियों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

इस दुर्घटना की जांच कर रहे अधिकारी कतर सिंह ने बताया कि चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। हरियाणा पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, हमने ट्रक चालक की पहचान कर ली है और उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

रणबीर सिंह चहल के रिश्तेदार राम कुमार की शिकायत के आधार पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 279 और 304ए (लापरवाही से मौत का कारण बनना) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# केजरीवाल लोस चुनाव की तैयारियों को जाएंगे गोवा

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल लोकसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी की तैयारियों का आकलन करने के लिए 11 जनवरी को गोवा की दो दिवसीय यात्रा पर जाएंगे। आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल अपनी यात्रा के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक भी करेंगे।

पार्टी के सूत्रों ने कहा, गोवा की दो दिवसीय यात्रा लोकसभा चुनाव की तैयारियों का आकलन करने के लिए है। वह पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बातचीत भी करेंगे। केजरीवाल सात और आठ जनवरी को गुजरात में थे, इस दौरान उन्होंने जनसभाएं कीं और जेल में बंद पार्टी नेता चैतर वसावा से मुलाकात की। उन्होंने वसावा को भरुच निर्वाचन क्षेत्र से पार्टी का उम्मीदवार घोषित किया।

# कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता, जिम्मेदारी मायने रखतीः उपराज्यपाल

● एलजी विनय कुमार सक्सेना ने विज्ञान भवन में 398 लोगों को सौंपे नियुक्ति पत्र

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली


विज्ञान भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में नियुक्ति पत्र सौंपते उपराज्यपाल।

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने विज्ञान भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में 398 लोगों को नियुक्ति पत्र सौंपा। इसके साथ ही पिछले डेढ़ साल के भीतर स्थायी सरकारी पदों पर भर्ती होने वाले लोगों की कुल संख्या लगभग 22,000 हो गयी है। इस मौके पर एलजी सक्सेना ने नियुक्ति पत्र पाने वालों से कहा कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता, काम के प्रति जिम्मेदारी मायने रखती है। उन्हें जो भी काम सौंपा गया है, उसके प्रति उन्हें दृढ़ विश्वास के साथ अपनी प्रतिबद्धता, समर्पण और ईमानदारी दिखानी होगी। सरकारी नौकरी सिर्फ आजीविका का साधन नहीं है, बल्कि देश की सेवा करने और देश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देने का एक अवसर है।

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने पदभार संभालने के बाद से तदर्थ और संविदा भर्ती के बजाय स्थायी नियुक्तियों पर जोर दे रहे हैं। उनका कहना है कि इस तरह की प्रथाओं से उन लोगों के साथ पक्षपात, भ्रष्टाचार और शोषण होता है जो नौकरी के सही हकदार हैं। उन्होंने नियुक्तियों की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए कई बैठकें भी की। जिसके कारण दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड द्वारा भर्ती प्रक्रियाओं को अभूतपूर्व गति मिली।

उपराज्यपाल कार्यालय के एक अधिकारी ने बताय कि प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए उठाए गए कदमों से लेकर परिणाम घोषित होने तक लगने वाला समय पहले के 12 महीनों की तुलना में काफी कम होकर 6-8 महीने हो गया है। 10 हजार लोगों का चयन पहले ही किया जा चुका है।

9000 रिक्तियों के लिए चयन प्रक्रिया कई चरणों में है और 13,000 रिक्तियां जांच के दायरे में हैं। अगले डेढ़ साल की अवधि में लगभग 22,000 और रिक्तियां भरी जाएंगी। उपराज्यपाल ने मुख्य सचिव की सराहना की जिनकी देखरेख में दिल्ली में स्थायी रोजगार सृजन और उनके खिलाफ भर्ती को संस्थागत रूप दिया गया। अनुकंपा के आधार पर दिए गए 149 नियुक्ति पत्रों में से 103 आश्रितों को सेवा विभाग द्वारा और 46 आश्रितों को एनडीएमसी द्वारा नियुक्त किया गया है।

केवल मई 2022 और मई 2023 के बीच की अवधि के दौरान, मुख्य रूप से शिक्षा विभाग में डीएसएसएसबी के माध्यम से 15,367 पद भरे गए थे।

एनडीएमसी ने केंद्र सरकार की मदद से लगभग 4,500 व्यक्तियों की भर्ती की, 376 पद यूपीएससी के माध्यम से भरे गए, जिनमें से 324 पद वाइस प्रिंसिपल के थे। एफएसएल दिल्ली में पदों के अलावा दिल्ली में खाली पड़े प्रिंसिपल।

डीटीसी और श्रम विभाग में पदों के साथ-साथ दिल्ली अग्निशमन सेवा में अन्य 500 पद डीएसएसएसबी के माध्यम से भरे गए।

# सरकारी बंगले की मरम्मत पर खर्च किए 29 करोड़ : बिधूड़ी

● बोलेः आरटीआई में पीडब्ल्यूडी ने केजरीवाल के बंगले के नवीनीकरण खर्च की दी जानकारी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपने सरकारी निवास पर वर्ष 2015 से 2022 के बीच सिविल कार्य पर ही 29 करोड़ 56 लाख रुपए खर्च कर डाले। इससे पता चलता है कि यह आम आदमी कितने खास हैं।

बिधूड़ी ने बताया कि एक आरटीआई के जरिए जो जानकारी मिली है उसमें लोक निर्माण विभाग ने खुद स्वीकार किया है कि केजरीवाल के सरकारी निवास पर सिविल कार्य पर ही इतनी बड़ी राशि खर्च की गई है। रामवीर सिंह बिधूड़ी ने बताया कि आरटीआई में दो सवाल पूछे गए थे। पहले सवाल में यह पूछा गया था कि वर्ष 2015 से 2022 के बीच मुख्यमंत्री के सरकारी निवास पर सिविल वर्क्स, प्लंबिंग, इलेक्ट्रिकल, सीवेज और कारपेंटर के काम पर कुल कितना खर्च किया गया। इसके जवाब में लोक निर्माण विभाग ने बताया है कि केवल सिविल वर्क पर ही 29 करोड़ 56 लाख 35 हजार 74 रुपए खर्च किए गए हैं।

# जगदीश टाइटलर को भीड़ को उकसाते देखा था : चश्मदीद

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने मंगलवार को अदालत के समक्ष दावा किया कि वर्ष 1984 के सिख विरोधी दंगों के दौरान चश्मदीदों ने कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर को भीड़ को उकसाते हुए देखा था, जिसके कारण राष्ट्रीय राजधानी के पुल बंगश इलाके में तीन लोगों की हत्या कर दी गई थी।

सीबीआई ने विशेष न्यायाधीश राकेश सयाल के समक्ष यह दावा किया और अदालत से मामले में पूर्व केंद्रीय मंत्री टाइटलर के खिलाफ आरोप तय करने का आग्रह किया। एजेंसी ने अदालत को बताया, टाइटलर के खिलाफ आरोप तय करने के लिए पर्याप्त सबूत हैं। टाइटलर के खिलाफ कई मामले दर्ज है।

# डीडीए लैंड-पूलिंग पॉलिसी के नाम पर धोखाधड़ी, धरा

**नई दिल्ली।** आर्थिक अपराध शाखा ने दिल्ली विकास प्राधिकरण की लैंड पूलिंग पॉलिसी के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी प्रदीप सहरावत पर आरोप है कि वह लोगों को डीडीए से स्वीकृत लैंड पूलिंग पॉलिसी के तहत विकसित की गई जमीन देने का लालच देकर लोगों से पैसे ठग लेता था।

आर्थिक अपराध शाखा के मुताबिक, इस मामले में वैभव कुमार सिंह समेत अन्य लोगों से डीडीए की लैंड पूलिंग पॉलिडी में धोखाधड़ी से जुड़ी शिकायत मिली थी। परियोजना में जमीन खरीदने के लिए कहा था। उन्हें बताया गया था कि यह प्रोजेक्ट द्वारका एल-जोन में 10 एकड़ जमीन का है। शिकायतकर्ताओं का कहना था कि द क्रिस्टल रेजीडेंसी और ईडन हाइट प्रोजेक्ट में उनके बीच एक एमओयू साइन किया गया था। सभी शिकायतकर्ताओं को इस बात का भरोसा दिलाया गया था कि उन्हें साल 2019 में फ्लैट मिल जाएगा। उन्हें यह भी विकल्प दिया गया था।

# कंपकपाती ठंड के बीच बारिश की संभावना

● मंगलवार की सुबह न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, शहर के कुछ हिस्सों में हल्का कोहरा छाया रहा : आईएमडी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पहाड़ों पर बर्फबारी और घने कोहरे के कारण दिल्ली वालों को कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार की सुबह न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि शहर के कुछ हिस्सों में हल्का कोहरा छाया रहा। भारत मौसम विज्ञान विभाग का कहना है कि सुबह साढ़े आठ बजे सापेक्षिक आर्द्रता 97 प्रतिशत दर्ज की गई। मौसम संबंधी परिस्थितियों के कारण दिल्ली आने वाली या शहर से गुजरने वाली 16 ट्रेनें मंगलवार को देरी से चल रही हैं।

भारत मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, मंगलवार को कुछ हिस्सों में ठंडे दिन से लेकर गंभीर ठंडे दिन की स्थिति बनी रही। संभावना है कि बारिश के बाद मौसम में थोड़ा सुधार हो सकता है। न्यूनतम तापमान और अधिकतम तापमान में बढ़ोत्तरी हो सकती है। 10 जनवरी से लेकर 12 जनवरी तक सुबह के समय हल्का कोहरा छाया रहेगा। 10 और 12 जनवरी को अधिकतम तापमान में बढ़ोत्तरी की उम्मीद है। इसके बाद दिन में मौसम साफ रहने का अनुमान है। वहीं, 13 और 14 जनवरी को न्यूनतम तापमान 6 डिग्री और अधिकतम तापमान 19 डिग्री रहने का अनुमान है। साथ ही कोहरे भी छाया रहेगा।

दिल्ली में बीते वर्ष 15 दिसंबर को सर्दी के मौसम का अब तक का सबसे कम न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया था जो 4.9 डिग्री सेल्सियस था। यह औसत तापमान से चार डिग्री कम था। आईएमडी के एक अधिकारी ने सोमवार को कहा था, मंगलवार को दिल्ली के कुछ हिस्सों में शीत से लेकर गंभीर शीत की स्थिति बनी रहने की संभावना है और इसके बाद ठंड कम हो सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### छत्रसाल स्टेडियम में गणतंत्र दिवस मनाएंगे स्कूल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के स्कूलों के बच्चे मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मौजूदगी में 25 जनवरी को मॉडल टाउन के छत्रसाल स्टेडियम में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होंगे। दिल्ली के शिक्षा निदेशालय ने एक परिपत्र जारी कर मंगलवार को यह जानकारी दी। शिक्षा निदेशालय के परिपत्र के मुताबिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रिहर्सल 11 जनवरी से शुरू होगी, जबकि अंतिम समारोह से पहले 22 जनवरी को फुल-ड्रेस रिहर्सल आयोजित की जाएगी। शिक्षा निदेशालय ने कहा, दिल्ली सरकार की ओर से 25 जनवरी को मॉडल टाउन के छत्रसाल स्टेडियम में राज्य गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। हर साल, इस समारोह में दिल्ली के स्कूलों के बच्चे ध्वज मार्च करने वालों, बैंड टुकड़ियों के सदस्य और सांस्कृतिक कलाकारों के रूप में भाग लेते हैं। शिक्षा निदेशालय के मुताबिक मुख्य समारोह 25 जनवरी को सुबह सात बजे शुरू होगा और यदि कार्यक्रम के समय में किसी भी प्रकार का बदलाव होता है तो इस मामले में छात्रों और शिक्षकों को कार्यक्रम स्थल पर सूचित किया जाएगा।

### भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी सम्मानित



**नई दिल्ली।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा दिल्ली प्रदेश के सभी नव नियुक्त प्रदेश पदाधिकारियों को भाजपा प्रदेश कार्यालय सम्मानित किया गया। नवनियुक्त प्रदेश प्रक्वा सलमान चौधरी ने बताया कि आज हम सभी इस बात का प्रण लेते हैं कि दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष अनीस अब्बासी व मोर्चा के प्रभारी कारी मो हारून के मार्गदर्शन मे आने वाले लोकसभा चुनाव मे भाजपा को दिल्ली की सातों लोकसभा सीटों पर प्रचण्ड बहुमत से विजय दिलाकर नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने मे अपना भरपूर योगदान देंगे।

### डीसीपीसीआर की याचिका सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** उच्च न्यायालय दिल्ली बाल अधिकार संरक्षण आयोग (डीसीपीसीआर) की उस याचिका पर बुधवार को सुनवाई करेगा जो उसने राज्य प्राधिकारियों द्वारा उसके कोष के लेनदेन पर कथित तौर पर लगाई गई रोक के खिलाफ दायर की है। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद ने आयोग के वकील से याचिका की एक प्रति उपराज्यपाल के कार्यालय को देने और इसे सूचीबद्ध किए जाने के बारे में सूचित करने को कहा। उच्चतम न्यायालय से स्थानांतरित होने पर याचिका हाईकोर्ट आई थी।

# बेघर लोगों को ठंड से बचाने को लगाए 190 तंबू , 3 बार मिलेगा भोजन

## दिल्ली आश्रय सुधार बोर्ड की निराश्रितों को रात में ठहराने और ठंड से बचाने की पहल, 8000 लोग रह सकेंगे

पायनियर समाचा सेवा। नई दिल्ली


बढ़ती सर्दी के बीच अलाव का सहरा लेकर अपना बचाव करते बच्चे। फोटोः रंजन डिमरी

राष्ट्रीय राजधानी में तापमान में गिरावट और शीत लहर के प्रकोप के बीच दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डीयूएसआईबी) ने रात में बेघरों को ठहराने और उन्हें ठंड से बचाने के लिए शहर भर में रैन बसेरों के तौर पर 190 तंबू लगाए हैं। डीयूएसआईबी के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

डीयूएसआईबी के सदस्य विशेषज्ञ बिपिन राय ने पीटीआई-भाषा को बताया कि इन तंबुओं में लगभग 8,000 लोग रह सकते हैं। इसके अलावा लगभग 60 तंबू तैयार रखे गए हैं और आवश्यकता के अनुसार इनका उपयोग किया जाएगा। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार दिल्ली में सोमवार को इस महीने का अब तक का सबसे ठंडा दिन दर्ज किया गया जिसमें न्यूनतम तापमान घटकर 5.3 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। यह इस मौसम के औसत तापमान से दो डिग्री कम है और हिल स्टेशन नैनीताल के सामान है। बिपिन राय ने कहा, हमने अब तक 190 विशेष तंबू लगाए हैं और 60 तंबू तैयार रखे गए हैं। हम आम तौर पर 350 तंबू तैयार रखते हैं और आवश्यकता के अनुसार उन्हें स्थापित करते हैं। लगभग 8,000 लोग रात में डीयूएसआईबी द्वारा स्थापित तंबुओं में रह रहे हैं और दिन के दौरान लगभग 4,000 लोग रह रहे हैं। उन्होंने कहा, हम औसतन एक दिन में विभिन्न स्थानों से 200 से 300 लोगों को बचाते हैं। पहले, हम इन बचाए गए लोगों को चाय और नाश्ता उपलब्ध कराते थे। लेकिन, अब हमने इन लोगों को दिन में तीन बार भोजन उपलब्ध कराना शुरू कर दिया है।

डीयूएसआईबी ने दिसंबर 2023 में दिल्ली सरकार की शीतकालीन कार्य योजना के हिस्से के रूप में स्थापित अस्थाई तंबू आश्रयों में बेघर लोगों को स्थानांतरित करना शुरू कर दिया था। इसके मद्देनजर दिल्ली में व्यवस्थाओं के बारे में जागरुकता पैदा करने के लिए कुल 15 बचाव टीम तैनात की गई हैं। यह टीम बेघर लोगों के समूहों की पहचान करती हैं और नियंत्रण कक्ष को इस बारे में सूचित करती हैं, जो ऐसे लोगों को अस्थाई आश्रयों में स्थानांतरित करने के लिए स्वयंसेवकों को भेजता है। चिकित्सकों की टीम भी सप्ताह में दो बार इन आश्रय स्थलों का दौरा करती हैं।

दिल्ली सरकार के अनुसार मौजूदा समय में शहर में 7,092 लोगों की कुल क्षमता वाले 195 आश्रय गृह कार्यरत हैं। डीयूएसआईबी की टीम हर दिन रात 10 बजे से सुबह चार बजे तक सड़कों या खुली जगहों पर रहने वाले बेघर लोगों को ले जाती है।

प्रत्येक बचाव दल एक वाहन, चालक और दो परिचारकों से लैस होता है। दिल्ली में बेघर लोगों को ट्रैक करने और बचाने के लिए एक मोबाइल ऐप, रेन बसेरा भी उपलब्ध है। इसे गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 10 जनवरी, 2024



## बांग्लादेश चुनाव

### शेख हसीना की विजय

**बांग्लादेश के चुनाव** में शेख हसीना चौथे कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री बनी हैं। हाल ही में पड़ोसी बांग्लादेश में समाप्त चुनाव का विपक्ष ने एक बार फिर बहिष्कार किया। इसमें अवामी लीग विजयी हुई और शेख हसीना ने उल्लेखनीय रूप से चौथी बार प्रधानमंत्री कार्यकाल प्राप्त किया है। हालांकि, यह चुनाव खालिदा जिया नीत मुख्य विपक्षी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी–बीएनपी के निष्पक्ष न होने के आरोपों के कारण विवादों में घिरा रहा। चुनाव प्रचार के दौरान हिंसा की अनेक घटनायें हुईं। अवामी लीग 300 सीटों में से 222 पर विजय पाने में सफल रही, लेकिन मजेदार बात है कि कोई अन्य पार्टी दूसरे स्थान पर नहीं आई। कहा जाता है कि चुनावों को 'प्रतियोगिता' का स्वरूप देने के लिए अवामी लीग ने अपने उम्मीदवारों को 'निर्दलीय' के रूप में उतरने की अनुमति दी गई थी और वही दूसरे स्थान पर आए। ऐसे 63 'निर्दलीय' सदन पहुंचने में सफल रहे तथा देश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी 'जातीय पार्टी' को 11 स्थानों पर विजय मिली। भले ही शेख हसीना पर लोकतंत्र को कुचलने के आरोप लगें, पर उनको बांग्लादेश को मजबूत अर्थव्यवस्था बनाने का श्रेय दिया जाना चाहिए। यहां एक समय भयानक गरीबी के शिकार लोगों की संख्या में भारी कमी आई है। शेख हसीना वर्तमान समय में आर्थिक विकास पहलों तथा राजनीतिक प्रभुत्व का प्रतीक बन गई हैं। उनके नेतृत्व में अवामी लीग 2009 से बांग्लादेश की सत्ता में बनी हुई है।

शेख हसीना के समर्थकों का यह कहना उचित है कि उनके नेतृत्व में बांग्लादेश उल्लेखनीय आर्थिक और सामाजिक प्रगति प्राप्त कर सका है।



भारत के लिए भी शेख हसीना की विजय एक अच्छी खबर है। शेख हसीना शुरू से ही भारत की खुलेआम समर्थक रही हैं और उनके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बहुत अच्छे संबंध हैं। चुनाव प्रचार के दौरान ही उन्होंने कहा था कि नरेन्द्र मोदी के रूप में उनको बहुत अच्छा मित्र मिला है तथा भारत–बांग्लादेश संबंध बहुत शानदार हैं। साझा ऐतिहासिक, सांस्कृतिक व आर्थिक संबंधों के चलते भारत के लिए बांग्लादेश का रणनीतिक महत्व है। हालिया वर्षों में भारत व बांग्लादेश के बीच द्विपक्षीय संबंध बहुत सकारात्मक रहे हैं तथा व्यापार, सुरक्षा और संपर्क में बढ़ोत्तरी हुई है। शेख हसीना के निरन्तर नेतृत्व ने बांग्लादेश में स्थायित्व पैदा कर भारत–बांग्लादेश संबंधों को और मजबूती दी है। शेख हसीना के नेतृत्व में अवामी लीग को इस बात का श्रेय दिया जाना चाहिए कि उसने मुस्लिम–बहुल बांग्लादेश में किसी प्रकार के मुस्लिम आतंकी या चरमपंथी संगठन को पैर जमाने का मौका नहीं दिया है। हालांकि, कभी–कभी बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर कट्टरपंथी इस्लामवादी तत्व हमले करते हैं, पर अवामी लीग पूरी दृढ़ता से उन्हीं 'पंथनिरपेक्ष' सिद्धान्तों पर चल कर ऐसे तत्वों पर फौरन लगाम लगाती है जिनकी स्थापना बंग बंधु शेख मुजीबुर रहमान ने की थी। शेख हसीना ने बांग्लादेश मुक्ति आंदोलन के मूल्यों को पुनर्जीवित कर बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम में भारत और भारतीय सेना के योगदान को सहर्ष स्वीकारा है, जबकि उनकी विपक्षी खालिदा जिया देश को कट्टर इस्लामवादियों, जिहादियों व भारत–विरोधी तत्वों का अड्डा बना रही थीं। शेख हसीना के नेतृत्व में बांग्लादेश ने भारत–विरोधी तत्वों को पकड़ कर भारत सरकार को सौंपा है तथा बांग्लादेश होकर पूर्वोत्तर राज्यों तक संपर्क को और सहज बनाया है। उनके नेतृत्व में बांग्लादेश के कई बंदरगाह भारतीय नौवहन में भी सहायता कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में द्विपक्षीय संबंधों के और ऊंचाई पर जाने की आशा है।

# दक्षिण भारत में मोदी का जादू

**क्या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की असाधारण लोकप्रियता भारतीय जनता पार्टी को दक्षिणी राज्यों में चुनावी सफलता देने में सहायक होगी? भाजपा को चुनावी रणनीति में समीक्षा की जरूरत है।**



**कल्याणी शंकर**
(लेखिका, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



क्या भारतीय जनता पार्टी–भाजपा चुनौती भरे दक्षिण भारत में ज्यादा वोट आकर्षित करने में सफल होगी? इस बारे में सवाल उठता है कि क्या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की असाधारण लोकप्रियता भारतीय जनता पार्टी को दक्षिणी राज्यों में चुनावी सफलता देने में सहायक होगी? पार्टी चुनौतियों से भरे दक्षिणी क्षेत्र में ज्यादा वोट पाने का प्रयास कर रही है। लेकिन उसकी उपस्थिति तमिलनाडु, केरल, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों में सीमित है। भारतीय जनता पार्टी देश के उत्तरी राज्यों में लगभग अपने शिखर पर पहुंच गई है, ऐसे में उसे दक्षिण में ज्यादा सीटें जीतने की आवश्यकता है।

पिछले सप्ताह नरेन्द्र मोदी ने 2024 में अपने चुनाव अभियान में तमिलनाडु, केरल और लक्षद्वीप का दौरा किया था। उन्होंने इस यात्रा के दौरान अनेक करोड़ों रुपयों की विशाल ढांचागत परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया था। भाजपा के पास संसाधनों की कमी नहीं है और जमीनी स्तर पर उसका संगठन मजबूत है तथा उसके कार्यकर्ता सक्रिय हैं। दक्षिण भारत में भाजपा को सफलता दिलाने के लिए उसके लगभग 40 केन्द्रीय मंत्रियों को दक्षिण में तैनात किया गया है। भाजपा इसके लिए दक्षिण भारत की राजनीतिक स्थितियों व समीकरणों का गहराई से अध्ययन कर रही है।

तेलंगाना में 2014 में राज्य का गठन होने के बाद से ही भारतीय राष्ट्र समिति–बीआरएस की मजबूत उपस्थिति रही है। उसके नेता के. चंद्रशेखर राव सत्तारूढ़ रहे हैं, पर हालिया विधानसभा चुनाव में बीआरएस की पराजय हुई और कांग्रेस यहां सत्ता प्राप्त करने में सफल रही। केरल में बारी–बारी से कांग्रेस या वामपंथी पार्टियों के नेतृत्व वाले मोर्चों की सरकारें रही हैं। इसी प्रकार तमिलनाडु में सरकारों की अदला–बदली द्रविण मुन्नेत्र कझगम–द्रमुक और आल इंडिया अन्ना द्रविण मुन्नेत्र कझगम–अन्नाद्रमुक के बीच होती रही है। कर्नाटक में जनता दल सेक्युलर–जेडीएस, कांग्रेस और भाजपा सत्ता में रह चुकी हैं।

दक्षिण भारत में मतदाता अनेक तत्वों से प्रभावित होते रहे हैं। इनमें जाति, पैसा, सत्ता, विचारधारा, सिनेमा और शराब शामिल हैं। तमिलनाडु में सी.एन. अन्नादुराई, एम. करुणानिधि, एमजीआर और जयललिता ने मतदाताओं को बहुत गहराई तक प्रभावित किया था। अतीत में एन.टी. रामाराव ने संयुक्त आंध्र प्रदेश में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। हालांकि, पिछले वर्षों में दक्षिण भारत की राजनीति भी काफी बदली है, पर विडंबना है कि यहां भाजपा के पास प्रमुख चेहरों का अभाव है। हालांकि, भाजपा खासकर तमिलनाडु में प्रभावशाली नेताओं, जैसे एम. करुणानिधि व जयललिता के निधन के बाद पैदा राजनीतिक खाली स्थान की भरपाई के प्रयास कर रही है। करुणानिधि के निधन के बाद जहां स्टालिन को उनकी विरासत तुलनात्मक रूप से सहज ढंग से प्राप्त हुई, वहीं अन्नाद्रमुक विभाजन एवं मतभेदों का लगातार शिकार रही है।

जहां तक दक्षिण भारत के राज्यों में भाजपा के प्रदर्शन का सवाल है, उसे 2019 के चुनावों में 130 में से 29 सीटों पर विजय मिली थी। इनमें 25 सीटें कर्नाटक की तथा चार सीटें तेलंगाना की थीं। लेकिन पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव में तेलंगाना में कांग्रेस सत्तारूढ़ बीआरएस को हरा कर सत्ता में आने में सफल हुई, जबकि सीटों की संख्या बढ़ने के बावजूद भाजपा को तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। तमिलनाडु में भाजपा अन्ना द्रविण मुन्नेत्र कझगम–अन्नाद्रमुक की महत्वपूर्ण सहयोगी रही है। लेकन तीन महीने पहले अन्नाद्रमुक ने भाजपा से अपना गठबंधन तोड़ लिया और इसके बाद दोनों में से किसी पार्टी ने संबंध सुधारने के कोई खास प्रयास नहीं किये।

भारत के दक्षिणी राज्य अपनी विशिष्ट संस्कृतियों के लिए पहचाने जाते रहे हैं। उत्तरी भारत और दक्षिणी भारत के बीच सर्वाधिक उल्लेखनीय अंतर भाषा का है। जहां उत्तर भारत में मोटेतौर से हिंदी का बोलबाला है, वहीं दक्षिण भारत मुख्यतः अंग्रेजी तथा अपनी स्थानीय भाषाओं का प्रयोग करता है। तमिलनाडु की दोनों द्रविण पार्टियां हिंदी के प्रयोग या उसे कथित रूप से थोपे जाने का विरोध करती रही हैं और वे मोटेतौर से 'नास्तिक' विचारधारा पर चलती हैं। दूसरी ओर केरल में कम्युनिस्टों की उपस्थिति बहुत मजबूत है। इसके साथ ही यहां कांग्रेस भी बहुत मजबूत रही है।

केरल की सत्ता में वाम–नीत तथा कांग्रेस–नीत मोर्चे बारी बारी से सत्ता में आते रहे हैं। भारत में निर्वाचन क्षेत्र के निर्धारण में जनसंख्या को मुख्य आधार माना जाता है, लेकिन दक्षिण भारत को लगता है कि इसके कारण उसके साथ भेदभाव होता है। भारत के दक्षिणी राज्यों ने उत्तर भारत की तुलना में 'जनसंख्या नियंत्रण' के उपाय बहुत गंभीरता से अपनाये जिसके कारण यहां उत्तर की तुलना में जनसंख्या में कमी आई है। इसके परिणामस्वरूप दक्षिण भारत के राज्यों में निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या नहीं बढ़ी और इसे वे अनुचित मानते हैं। उत्तर भारत में जनसंख्या नियंत्रण उपायों को तुलनात्मक रूप से ज्यादा गंभीरता से नहीं लिया गया जिसके परिणामस्वरूप दक्षिण भारत की तुलना में यहां संसदीय निर्वाचन क्षेत्र अधिक हो गए हैं। इस समस्या का एक संभावित समाधान परिसीमन मुद्दे के आधार पर राज्यसभा की संरचना बदलना है। इसके लिए अमेरिका की सिनेट में प्रतिनिधित्व का दृष्टिकोण अपनाया जा सकता है जहां सभी राज्यों को समान प्रतिनिधित्व देने पर विचार किया गया है। लेकिन अमेरिका में भी बड़े राज्य इस प्रस्ताव का विरोध कर सकते हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यह समझ बदलने का प्रयास कर रहे हैं कि भाजपा का जुड़ाव दक्षिण भारत की संस्कृति से नहीं है। लेकिन भाजपा को इस मामले में अभी दक्षिण भारतीय राज्यों की जनता से गहन संवाद विकसित करना होगा। दूसरी ओर, विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की अधिकांश दक्षिण भारतीय राज्यों में अच्छी पकड़ है और वह 2024 के आम चुनाव में मोदी को सत्ता से हटाने का प्रयास कर रहा है। भाजपा ने हिंदुत्व, अयोध्या में भव्य राम मंदिर के निर्माण तथा मुस्लिम–विरोधी दृष्टिकोण पर खास ध्यान दिया है। लेकिन आशंका है कि ये दृष्टिकोण उत्तर भारत की तुलना में दक्षिण भारत की जनता में कम लोकप्रिय हो सकते हैं। द्रमुक, अन्नाद्रमुक, टीडीपी और बीआरएस का अपने राज्यों में मजबूत जनाधार है। तमिलनाडु में विशेष समुदायों, जैसे वन्नियार, थेवर और गौंडर की महत्वपूर्ण भूमिका है। कर्नाटक में वोक्कालिंगा और लिंगायत असरदार हैं, जबकि आंध्र प्रदेश में कम्मा और रेड्डी एक दूसरे के प्रतिद्वंद्वी हैं। ब्राह्मण दक्षिण भारत की सत्ता से बाहर हो गए हैं। केरल में कम्युनिस्टों ने प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस का विरोध किया, जबकि वे भी 'इंडिया' गठबंधन का हिस्सा हैं। तेलंगाना में वेलामा समूह के नेता के. चंद्रशेखर राव का वर्चस्व रहा है, पर 2023 में कांग्रेस ने उनसे राज्य की सत्ता छीन ली है।

धर्म दक्षिण भारत में बड़ा राजनीतिक मुद्दा नहीं है। हालांकि, भाजपा लंबे समय से ईसाई धर्म में धर्मान्तरण तथा इस्लाम के प्रति आलोचनात्मक दृष्टिकोण अपना रही है, पर दक्षिण भारत में अभी इन मुद्दों पर जनता ज्यादा ध्यान नहीं दे रही है। उत्तर भारत की तुलना में दक्षिणी राज्यों में कोई धार्मिक टकराव नहीं हुए हैं। इसका कारण यह है कि यहां धार्मिक अल्पसंख्यक स्थानीय जनसंख्या के साथ अच्छी तरह घुल मिल गए हैं। हालांकि, उत्तर भारतीयों की तुलना में दक्षिण भारतीय हिंदू परिवार धार्मिक कर्मकांडों व धार्मिक संस्कृति से ज्यादा गहराई से जुड़े हैं, लेकिन भाजपा इसका लाभ उठाने में विफल रही है। भारतीय जनता पार्टी–भाजपा को दक्षिण भारत में विजय प्राप्त करने के लिए स्थानीय सांस्कृतिक मानकों और राजनीतिक रणनीतियों का पालन करना होगा। उनको अपने पूर्व साझीदारों के साथ गठबंधन बना कर उनका फिर से समर्थन प्राप्त करना होगा। इसके लिए भाजपा को दक्षिण भारत में अपनी चुनावी रणनीति की समीक्षा करने तथा नए विमर्श विकसित पर ध्यान देना चाहिए। ऐसा करने में विफलता से विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' मजबूत होगा तथा भाजपा के समक्ष उसकी चुनौती और मजबूत हो जाएगी।

# कहां तक पहुंची कैंसर के विरुद्ध लड़ाई

> **कैंसर की बढ़ती घटनाओं के साथ, स्वास्थ्य अधिकारियों के लिए शीघ्र पता लगाने, लागत प्रभावी उपचार और निवारक उपायों को प्राथमिकता देना महत्वपूर्ण है।**

**बिशाल कुमार साहा**
(लेखक, स्वतंत्र स्तम्भकार हैं)



कैंसर, जिसे अक्सर विकारों का सम्राट कहा जाता है, दुनिया भर में चिकित्सा शोधकर्ताओं और वैज्ञानिकों के लिए एक विकट चुनौती बना हुआ है। चिकित्सा और बायोमेडिकल विज्ञान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति के बावजूद, कैंसर एक निरंतर प्रतिकूल बना हुआ है, और इसका बोझ भारत में तेजी से बढ़ रहा है। भारत एक बढ़ते संकट का सामना कर रहा है, चिंताजनक आंकड़े कैंसर के मामलों और मृत्यु दर में वृद्धि का संकेत दे रहे हैं। जैसा कि हम वर्तमान परिदृश्य में गहराई से देखते हैं, यह स्पष्ट हो जाता है कि कैंसर देखभाल के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, शीघ्र पता लगाने और निवारक उपायों को बढ़ाने के लिए तत्काल कार्रवाई अनिवार्य है। भारत में कैंसर का बोझ अभूतपूर्व स्तर पर पहुंच रहा है। हाल ही में संसद में पेश की गई एक रिपोर्ट के अनुसार, 2022 में 14.61 लाख कैंसर के मामले सामने आए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 35,000 मामलों की वृद्धि है।

मृत्यु दर और भी चिंताजनक है, 2021 में 7.89 लाख की तुलना में 2022 में 8.08 लाख मरीज कैंसर से मर गए। अनुमान के मुताबिक 2025 तक भारत में 29.8 मिलियन कैंसर मरीज हो जाएंगे। ये आंकड़े एक धूमिल तस्वीर पेश करते हैं, जो दोनों के लिए खतरे की घंटी है। स्वास्थ्य देखभाल अधिकारी और आम जनता। कैंसर के उपचार में सुधार के बावजूद, भारत में कैंसर की घटनाओं और मृत्यु दर में लगातार वृद्धि हो रही है। कैंसर से प्रभावी ढंग से निपटने में देश को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। भारत में कैंसर के सबसे प्रचलित प्रकारों में स्तन, फेफड़े, बृहदान्त्र, मलाशय और प्रोस्टेट कैंसर शामिल हैं। इसके अलावा, भारत में विश्व स्तर पर कैंसर के लिए मृत्यु–दर–घटना अनुपात सबसे अधिक है, जो शीघ्र पता लगाने और सुलभ उपचार सुविधाओं की आवश्यकता को दर्शाता है।



भारत में कैंसर की वास्तविक घटनाएं आधिकारिक आंकड़ों से काफी अधिक हो सकती हैं, जैसा कि फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री और अर्न्स्ट एंड यंग (फिक्की–ईवाई) द्वारा किए गए 2022 के एक अध्ययन में उजागर हुआ है। इससे पता चलता है कि स्थिति आंकड़ों से कहीं अधिक गंभीर है, जिससे इस मुद्दे का तुरंत समाधान करना और भी जरूरी हो गया है। भारत में कैंसर संकट में योगदान देने वाले केंद्रीय मुद्दों में से एक अनुभवी ऑन्कोलॉजिस्ट और अत्याधुनिक मशीनरी से सुसज्जित विशेष अस्पतालों तक आसान पहुंच की कमी है। बीमारी का समय पर पता लगाना और किफायती इलाज ऐसे महत्वपूर्ण कारक हैं जिन पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। सरकार को गुणवत्तापूर्ण कैंसर देखभाल की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए कैंसर संस्थानों और तृतीयक देखभाल केंद्रों की स्थापना को प्राथमिकता देनी चाहिए। जबकि सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा प्रणाली पर अत्यधिक बोझ है, निजी अस्पताल अक्सर ऐसे उपचार प्रदान करते हैं जो आर्थिक रूप से कई रोगियों की पहुंच से बाहर होते हैं। कैंसर की पहचान और रोकथाम के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाना इस संकट से प्रभावी ढंग से निपटने का एक महत्वपूर्ण पहलू है। तम्बाकू और शराब का सेवन, मोटापा और गतिहीन जीवन शैली जैसे प्रसिद्ध जोखिम कारकों के अलावा, पर्यावरणीय कारक भी बढ़ती बीमारी के बोझ में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उदाहरण के लिए, परिरक्षकों वाले प्रसंस्कृत और पैकेज्ड खाद्य पदार्थों के सेवन को कैंसर से जोड़ा गया है। नियमित व्यायाम सहित स्वस्थ आदतों को बढ़ावा देना, कैंसर के खतरे को कम करने में सहायक हो सकता है।

प्रजनन आयु की महिलाओं में, स्तन और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर कैंसर से संबंधित मृत्यु दर के प्रमुख कारण हैं। हालाँकि, प्रारंभिक जांच और समय पर हस्तक्षेप के माध्यम से इन कैंसर को काफी हद तक रोका जा सकता है। सार्वजनिक स्वास्थ्य अभियानों का उद्देश्य नियमित जांच को प्रोत्साहित करना और महिलाओं को शीघ्र पता लगाने के महत्व के बारे में शिक्षित करना कई लोगों की जान बचा सकता है। भारत के स्वास्थ्य सेवा परिदृश्य पर कैंसर की काली छाया लगातार बनी हुई है।

जैसे–जैसे कैंसर का बोझ बढ़ता है, स्वास्थ्य अधिकारियों के लिए शीघ्र पता लगाने, किफायती उपचार और निवारक उपायों पर ध्यान केंद्रित करना महत्वपूर्ण हो जाता है। जन जागरूकता अभियानों के साथ विशेषीकृत अस्पतालों की स्थापना से कैंसर से उत्पन्न चुनौतियों को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

अब कार्रवाई का समय आ गया है, क्योंकि भारत को बीमारियों के खतरनाक सम्राट के खिलाफ अपनी लड़ाई में एकजुट होना होगा। केवल सामूहिक प्रयासों के माध्यम से, हम स्थिति को बदलने और देश में कैंसर रोगियों के लिए एक उज्जवल भविष्य प्रदान करने की उम्मीद कर सकते हैं।

## आप की बात

### वीडियो बनाने की बीमारी

**वीडियो** बनाने की बीमारी अब अपनी सारी सीमायें तोड़ती जा रही है। एक मां अपने बच्चे को जंगली कुत्ते से बचा रही है, कोई पानी में डूब रहा है, कोई पहाड़ से गिर रहा है या कोई दुर्घटनाग्रस्त हो रहा है। ऐसे वीडियो बनाना और उनको वायरल करना लोग अपनी शान समझते हैं। लेकिन यही लोग समय रहते पीड़ितों को बचाने के प्रयास नहीं करते। कारण यह है कि यदि कोई दयावान किसी संकटग्रस्त व्यक्ति को बचाने लगे तो वह उसका वीडियो नहीं बना सकता। ऐसी स्थिति में वीडियो बनाने का अर्थ है कि उसकी मानवीय संवेदनायें मर चुकी हैं और वह किसी पीड़ित को राहत देने के बजाय उसकी पीड़ा को अपनी लोकप्रियता में बदलने का ज्यादा इच्छुक है। हालांकि, कानून किसी को पीड़ित की सहायता के लिए मजबूर नहीं कर सकता, पर पीड़ितों के प्रति इस प्रकार संवेदनहीनता का प्रदर्शन कर वीडियो बनाने वालों का सोशल मीडिया पर बहिष्कार होना चाहिए। यदि बड़े पैमाने पर लोग ऐसे लोगों का बहिष्कार और निन्दा करने लगें तो शायद वीडियो बनाने की इस बीमारी से कुछ निजात मिल सके। विडंबना है कि तकनीक नकारात्मक रूप से कुछ लोगों के लिए अहंकार, आत्मसंतुष्टि व परपीड़न का माध्यम बन जाती है।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### मोदी का समर्थन

**भारतीय प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी के लक्षद्वीप भ्रमण की फोटो पर मालदीव के मंत्रियों द्वारा की गई घटिया टिप्पणियों का जवाब तो सोशल मीडिया पर देश की जनता ने ही दे दिया। फिर मालदीव सरकार ने इन बयानों को खुद से अलग रखते हुए तीनों मंत्रियों को निलंबित करके मामले को ठंडा करने के प्रयास किए हैं। भारतीय पर्यटकों की तारीफ करनी चाहिए कि उन्होंने बड़ी संख्या में मालदीव भ्रमण का प्रोग्राम निरस्त करके अपनी हवाई ट्रैवल बुकिंग और होटल की बुकिंग रद्द कर दी। इसके साथ ही गूगल व सोशल मीडिया पर सर्वाधिक लक्षद्वीप पर्यटन के बारे में जानकारी ली गई। इससे लोगों को ज्ञात हुआ कि लक्षद्वीप में ही कम खर्चे में मालदीव जैसा पर्यटन का आनंद लिया जा सकता है। इसराइल सरकार ने लक्षद्वीप पर समुद्र के खारे पानी को मीठा करने वाले संयंत्र का काम शुरू करने का ऐलान करके पर्यटकों के लिए नया आकर्षण पैदा किया है। पूरे प्रकरण से स्पष्ट है कि देश की जनता में मोदी का समर्थन बढ़ रहा है, इसलिए भारतीयों से लाभ उठा कर भारत की आलोचना करने वालों को सतर्क हो जाना चाहिए कि पुराना जमाना बीत गया है।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### पाकिस्तानी राजनीति

**तानाशाही** या एकतंत्र अब पहले जैसी खून खराबे और सत्तापलट जैसी सैन्य कार्रवाई नहीं करता। बल्कि अब वो लोकतंत्र की चादर ओढ़े, लोकतांत्रिक प्रतिष्ठानों के जरिए कोई शीर्ष पद हासिल कर आजीवन राज करता है या अपने पसंद के इंसान को सिंहासन पर बैठाकर उसे अपनी उंगलियों पर नचाता है। पाकिस्तान वर्तमान समय में इसी परिघटना का उदाहरण है जहां सेना आजादी के बाद से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से शासन कर रही है। पाकिस्तान में आगामी चुनाव में जीत का सेहरा एक बार फिर मियां नवाज़ शरीफ के सिर पर बंधेगा। उनकी ताजपोशी के लिए सेना जीजान से मेहनत कर रही है। पहले उनका विदेशी प्रवास समाप्त कर वतन वापस लाया गया। फिर उन पर चल रहे तमाम मुकदमों को हल्का किया गया या समाप्त कर दिया गया और अब सुप्रीम कोर्ट ने लाहौर उच्च न्यायालय का वह फैसला खारिज कर दिया जो नवाज़ शरीफ को आजीवन चुनाव लड़ने से रोकता था। मजेदार है कि सेना के हाथों जान जाने से बचे नवाज शरीफ एक बार फिर उसका मुहरा बनने को तैयार हो गए हैं। इसके अंजाम पर नजर रखनी होगी।

– **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### एक देश एक चुनाव

**भारत के पूर्व राष्ट्रपति** रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समिति का गठन भारत सरकार द्वारा किया गया था ताकि एक देश, एक चुनाव पर व्यापक बहस के बाद रिपोर्ट तैयार की जा सके। इस संदर्भ में भारत के नागरिकों से सुझाव आमंत्रित किए हैं। बुद्धिजीवियों, समाजशास्त्रियों, राजनीतिक दलों तथा राजनीति विश्लेषकों के साथ आम जनता को भी अपने सुझाव देने चाहिए ताकि समुचित बहस कर सही निर्णय लिया जा सके। देश की चुनाव प्रक्रिया पर कमेटी की सिफारिश और सरकार के रुख पर देश ही नहीं पूरी दुनिया की निगाह लगी रहेगी। यदि लोकसभा, विधानसभा व स्थानीय चुनाव एकसाथ कराने की व्यवस्था लागू होती है तो निसंदेह बहुत खर्च, समय और संसाधनों को बचाया जा सकता है। दुनिया की सर्वाधिक जनसंख्या वाला भारत आज दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र भी है। अतः उसके द्वारा किए जाने वाले चुनाव संबंधी प्रयोग सारी दुनिया के लिए आकर्षण, चर्चा व विचार–विमर्श का केन्द्र बनेंगे। चुनाव को तकनीक से और जोड़ना भी जरूरी है।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई–मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 10 जनवरी, 2024









# अयोध्या में स्वच्छता का कुंभ मॉडल लागू करें: योगी

## मुख्यमंत्री ने रामनगरी में विकास कार्यों की देखी हकीकत, गुणवत्तापूर्ण कार्य करने का दिया निर्देश



● गोरक्षपीठाधीश्वर ने महंत नृत्य गोपालदास से भेंटकर जाना हाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ अयोध्या

2024 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पहला अयोध्या दौरा भी विकास और स्वच्छता को ही समर्पित रहा। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया कि रामनगरी स्वच्छतम व सुंदरतम नजर आए। यहां भी स्वच्छ्ता का कुंभ मॉडल लागू करें। सड़कों भी कहीं भी धूल उड़ती न दिखे, शौचालयों की प्रतिदिन सफाई हो। मंगलवार को यहां उन्होंने विकास कार्यों की हकीकत देखी। बारीकी से कार्यों का निरीक्षण किया और साधु-संतों का हाल चाल भी जाना। मुख्यमंत्री कुबेर टीला भी गए, जहां जटायु को नमन किया। वहीं विकास कार्यों को लेकर अफसरों को निर्देश दिया कि 22 जनवरी के बाद यहां श्रद्धालुओं व पर्यटकों की संख्या में तेजी से वृद्धि होगी। लिहाजा हर काम गुणवत्तापूर्ण और समय से हो। लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं होगी।

तीर्थ क्षेत्र पुरम में मुख्यमंत्री को ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने ट्रस्ट द्वारा विकसित टेंट सिटी का भ्रमण कराकर व्यवस्थाओं से अवगत कराया। यहां महंत अवेद्यनाथ नगर, ओंकार भावे नगर, वामदेव महाराज नगर सहित सभी नगरों में भ्रमण कर व्यवस्था देखी और कहा कि साफ-सफाई को शीर्ष प्राथमिकता दें। कुंभ जैसी स्वच्छ्ता व्यवस्था हो। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नगर निगम द्वारा बनाई जा रही टेंट सिटी का अवलोकन किया। 22 जनवरी के बाद रामनगरी में आने वाले दर्शनार्थियों के रहने की व्यवस्था के दृष्टिगत मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि बरसात के मौसम में यहां दिक्कत न हो, इसका ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि यहां चौखट थोड़ा ऊंचा कराया जाए। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला/पुरुष शौचालयों की नियमित साफ-सफाई हो, किसी प्रकार की दुर्व्यवस्था न हो। संकटमोचन हनुमानगढ़ी व रामलला के दर्शन-पूजन के उपरांत मुख्यमंत्री कुबेर टीला गए, यहां जटायु को नमन किया। यहां से मुख्यमंत्री नगर निगम जलकल भवन बेनीगंज अमानीगंज का निरीक्षण किया। यहां मुख्यमंत्री ने विकास कार्यों को देखा।

### राम मंदिर में लगा पहला स्वर्ण द्वार

● सोने के दरवाजे, की आई पहली तस्वीर, 12 फीट ऊंचा और 8 फीट चौड़ा है दरवाजा'

● तीन दिन में लगेंगे 13 और दरवाजे'




**अयोध्या।** अयोध्या में बन रहे रामलला के मंदिर के सोने के दरवाजे की पहली तस्वीर सामने आई है। यह दरवाजा करीब 12 फीट ऊंचा और 8 फीट चौड़ा है। आने वाले 3 दिन में 13 और दरवाजे लगाए जाएंगे। ये दरवाज़ा गर्भगृह की ऊपरी मंज़िल पर लगाये जा रहे हैं। गर्भगृह में सिर्फ1 दरवाजा होगा इसके चौखट के ऊपर भगवान विष्णु की शयन मुद्रा में चित्र को उकेरा गया है। राम मंदिर में कुल 46 दरवाजे लगेंगे, इनमें से 42 पर 100 किलोग्राम सोने की परत चढ़ाई जाएगी।

## मुख्यमंत्री योगी ने रामलला व हनुमानगढ़ी मन्दिर में किया दर्शन-पूजन

● नए साल में सीएम की रामनगरी की पहली यात्रा भी विकास पर रही फोकस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ अयोध्या

**नए** साल में रामनगरी की पहली यात्रा पर मंगलवार को आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामलला व हनुमानगढ़ी के दर्शन-पूजन किए। सीएम योगी आदित्यनाथ सबसे पहले हनुमानगढ़ी गए। यहां उन्होंने दर्शन-पूजन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री रामलला के दरबार में गए और शीश नवाया। सीएम ने यहां प्रदेशवासियों के सुखी-स्वस्थ जीवन की प्रार्थना की। इसके पहले मुख्यमंत्री ने 29 दिसंबर को यहां पूजन-अर्चन किया था। गौरतलब है कि नए साल में सीएम की रामनगरी की पहली यात्रा भी विकास पर ही फोकस है। दर्शन-पूजन के उपरांत



सीएम ने विकास से जुड़ी योजनाओं-परियोजनाओं का भी जायजा लिया।

मुख्यमंत्री ने राममंदिर से जुड़े कार्यों का अवलोकन भी किया।

## वनवास के बाद भगवान राम की अयोध्या वापसी के रास्ते पर करीब 500 इन्फ्लुएंसर करेंगे यात्रा



भाषा। नई दिल्ली

**सोशल** मीडिया पर अपनी गतिविधियों से लोगों को प्रभावित करने वाले 500 से अधिक लोग एक महीने में अयोध्या तक की 4,500 किलोमीटर की यात्रा करेंगे और उनका दावा है कि वे भगवान राम का वनवास समाप्त होने के बाद उनके द्वारा अपनाए गए मार्ग का अनुकरण करेंगे। रामोत्सव यात्रा के आयोजकों के मुताबिक यह यात्रा पांच राज्यों तमिलनाडु, कर्नाटक, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश से गुजरेगी। रामोत्सव यात्रा टीम में शामिल अपूर्वा सिंह ने मंगलवार को पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा कि करीब एक महीने की यह यात्रा 14 जनवरी को मध्य प्रदेश के इंदौर से शुरू होगी। आयोजक दल के एक अन्य प्रमुख सदस्य मलय दीक्षित ने पीटीआई-भाषा को बताया, करीब 500 इन्फ्लुएंसर, इंस्टाग्रामर, यूट्यूबर, ब्लॉगर, खेल और बॉलीवुड की हस्तियां इस यात्रा में शामिल होंगी। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का आयोजन राम महोत्सव यात्रा समिति कर रही है जिसका गठन ऑल इंडिया इन्फ्लुएंसर एसोसिएशन ने किया है। यह यात्रा ऐसे समय की जा रही है जब 22 जनवरी को अयोध्या में राम जन्मभूमि पर बन रहे भव्य मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। दीक्षित ने कहा, हमारी यह यात्रा न केवल शिक्षाप्रद है बल्कि यह भगवान श्री राम की यात्रा का उत्सव है जो जंगल से गुजरी और यह हमें भारतीय सांस्कृतिक विरासत की जानकारी देगी। यात्रा के रास्ते में प्रतिभागी प्रमुख तीर्थ स्थलों से मिट्टी एकत्र करेंगे और उस मिट्टी का इस्तेमाल अयोध्या में पौधे लगाने में किया जाएगा जिनका नाम रामायण रखा जाएगा। यात्रा के दौरान प्रतिभागी रामेश्वरम, त्र्यम्बकेश्वर, घृष्णेश्वर और काशी विश्वनाथ ज्योर्तिलिंग का भी दर्शन करेंगे। दीक्षित ने बताया कि उत्तर प्रदेश पहुंचने के बाद श्रद्धालु अपने वाहनों को अयोध्या से करीब 20 किलोमीटर दूर नंदीग्राम में छोड़ देंगे और पैदल आगे का रास्ता तय करेंगे। इस बीच, उच्च गुणवत्ता वाली त्रिआयामी (3डी) तस्वीर जारी करने वाली कंपनी जेनेसिस इंटरनेशनल के मंच पर जारी मानचित्र को श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अयोध्या का आधिकारिक मानचित्र बनाने का फैसला किया गया है।

जेनेसिस इंटनरेशनल ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि शहर का मानचित्र श्रद्धालुओं और यात्रियों को सटीक जानकारी देगा। कंपनी ने कहा, अन्य उपयोगों के साथ मानचित्र अयोध्या को तीर्थयात्रियों, नागरिकों और अधिकारियों के लिए एक स्मार्ट शहर बनाने में काफी मदद करेगा। बयान के मुताबिक अयोध्या विकास प्राधिकरण ने जेनेसिस के नए भारत मानचित्र प्लेटफॉर्म को अयोध्या शहर के आधिकारिक मानचित्र के रूप में चुना है।

# प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर श्रद्धालुओं को फीलगुड कराएगा परिवहन विभाग

● टैक्सी एवं बस ड्राइवरों को यातायात के साथ ही अच्छे बिहेवियर के लिए दिया जा रहा है प्रशिक्षण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अयोध्या** में निर्मित भव्य राम मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर उत्तर प्रदेश की योगी सरकार श्रद्धालुओं को फील गुड कराने की तैयारी में है। सीएम योगी के निर्देश पर ट्रांसपोर्ट विभाग की ओर से इसके लिए कार्ययोजना पर काम शुरू कर दिया गया है। इसके तहत टैक्सी एवं टूरिस्ट बस वाहन स्वामियों के साथ बैठक कर रामोत्सव के दौरान अयोध्या में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के तहत टैक्सी एवं टूरिस्ट बसों को आवश्यकतानुसार आरक्षित रखने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। साथ ही टैक्सी एवं बस ड्राइवरों को सुरक्षित ड्राइविंगए ट्रैफिक रूल्स को फॉलो करने, टूरिस्ट्स के साथ अच्छा बिहैव करने और अनिवार्य रूप से वर्दी पहनने के निर्देश दे दिए गए हैं। साथ ही इस दौरान किसी भी तरह के नशे एवं पान गुटका के सेवन से दूर रहने और वाहनों की नियमित साफ-सफाई की हिदायत भी दी गई है। ये भी निर्देश जारी कर दिए गए हैं कि यात्रियों से किसी भी हालत में निर्धारित किराए से अधिक की वसूली नहीं होनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर पूरे देश में माहौल बन चुका है। लाखों यात्री प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में अपने अराध्य के नए मंदिर में उनके दर्शनों को लेकर उतावले हैं। ऐसे में प्रदेश सरकार ने कार्यक्रम के साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने की तैयारी की है।

परिवहन विभाग की ओर से कार्ययोजना पर अमल शुरू कर दिया गया है। ट्रांसपोर्ट कमिश्नर चंद्र भूषण सिंह के अनुसार अयोध्या में टैक्सी एवं बस ड्राइवरों को संवेदनशील बनाने के लिए निर्धारित बिंदुओं पर प्रशिक्षण देकर उनका अनुपालन सुनिश्चित किया जा रहा है। इसमें सुरक्षित वाहन चलाना एवं यातायात नियमों का पालन कराया जानाए चालकों का टूरिस्ट के प्रति व्यवहारए चालकों द्वारा अनिवार्य रूप से वर्दी धारण किया जाना, किसी भी नशे एवं पान गुटका के सेवन से दूर रहना, वाहन की साफ-सफाई को सुनिश्चित करना, निर्धारित किराया से अधिक किराया किसी भी दशा में न वसूल किया जाना शामिल है। इसके अतिरिक्त अयोध्या की परिधि के 200 किमी में सभी मार्गों पर इंटरसेप्टर वाहनों द्वारा प्रवर्तन टीमों को टूरिस्ट के सहायतार्थ लगाया जाना तथा सड़क दुर्घटना से संबधित बिन्दुओं जैसे ओवरलोडिंग, ड्रंकन ड्राइविंग, रांग साइड ड्राइविंग, निर्धारित किराया से अधिक किराया लिए जाने चालकों के ड्रेस कोड तथा सुरक्षा की दृष्टि से अन्य उपायों को अपनाए जाने के लिए जागरूक किए जाने के साथ आवश्यकतानुसार प्रवर्तन कार्यवाही किया जाना महत्वपूर्ण है।

उन्होंने बताया कि लखनऊ से अयोध्या, गोरखपुर से अयोध्या तथा सुल्तानपुर से अयोध्या के बीच पड़ने वाले समस्त टोल प्लाजा पर टूरिस्ट के सहायतार्थ परिवहन विभाग का हेल्पडेस्क स्थापित की जा रही है। सुरक्षित सफर के लिए सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों का होर्डिंग, समाचार पत्रों, पब्लिसिटी वैन, डिजिटल बैनर तथा समस्त सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। सड़क सुरक्षा के लिए एनएचएआई के एनएच तथा एसएच मार्गों पर एंबुलेंसए पेट्रोलिंग एवं क्रेन वाहनों को मार्गों पर तैनाती सुनिश्चित की गई है। उन्होंने बताया कि अयोध्या में मारूति सुजुकी इंडिया लि. द्वारा ड्राइविंग ट्रेनिंग एवं टेस्टिंग इंस्टीट्यूट में ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक के आटोमेशन पर कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है तथा मार्च, 2024 तक पूर्ण किया जाना संभावित है। डीटीटीआई का निर्माण उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम द्वारा किया गयाए जिस पर कुल 856.84 लाख रुपए का व्यय हुआ है। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद वर्तमान में विभाग द्वारा मैनुअल ड्राइविंग टेस्टिंग का कार्य किया जा रहा है।

15 दिसंबर से 31 दिसंबर 2023 तक पूरे प्रदेश में आयोजित सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत अयोध्या में भी इसको प्रभावी तरीके से संचालित किया गया। यहां उद्घाटन समारोह में 33343 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। 33020 प्रतिभागियों को शपथ दिलाई गई। इस दौरान 109677 लोगों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। 195 स्थलों पर एलईडी युक्त पब्लिसिटी वैन द्वारा एवं 362 स्थापित पब्लिक एड्रेस सिस्टम द्वारा सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों का प्रचार-प्रसार किया गया। राजकीय चिकित्सालयों में स्वास्थ्य जांच कार्ड के अनुसार नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण किए गएए जिसमें 11274 व्यवसायिक वाहन चालक सम्मिलित हुए। मेडिकल कॉलेज में आयोजित बेसिक ट्रामा लाइफ सपोर्ट कार्यक्रम में 5709 लोगों ने प्रतिभाग किया। 9373 व्यवसायिक वाहनों, ट्रैक्टर ट्रालियों के पीछे रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप, बैक लाइट, फॉग लाइट व मानक के अनुरूप लगे होने जांच की गई। सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत लेन ड्राइविंग एवं रात्रि में हेडलाइट के हाइबीम लोबीम के प्रयोग के संबंध में 12438 लोगों को जागरूक किया गया। प्रदूषण जांच केंद्रों की चेकिंग अभियान में 825 केंद्रों को चेक किया गया, जिसमें 20 अनफिट पाए गए। स्कूली वाहनों की सड़क सुरक्षा के मानकों के अनुरूप चेकिंग अभियान में 3477 वाहन चेक किए गए तथा 176 अनफिट पाए गए। कार्यक्रम का आयोजन तथा हेल्मेट वितरण किया गया। सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले एनजीओ, गुड सेमेरिटन, मास्टर ट्रेनर, रोड सेफ्टी क्लब को सम्मानित किया गया।

# रामनगरी में टूटेगा सऊदी अरब का वर्ल्ड रिकॉर्ड

● 470 सोलर स्ट्रीट लाइट्स लगाकर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में अयोध्या का नाम होगा दर्ज

## प्रदेश सरकार बना रही दुनिया की सबसे बड़ी 'सोलर पावर्ड स्ट्रीट लाइट्स लाइन'

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ अयोध्या

**सूर्यवंश** की गौरवशाली राजधानी अब सूर्य की ही आभा से नव्य-भव्य स्वरूप को प्राप्त करने के साथ ही वैश्विक कीर्तिमान स्थापित करने की दिशा में भी तेजी से आगे बढ़ रही है। अयोध्या को सीएम योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुसार जिस सोलर सिटी के मॉडल के तौर पर प्रोजेक्ट किया जा रहा है, उसका जल्द ही गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में भी उल्लेख होने वाला है।

सीएम योगी के दिशा-निर्देशन में बनी विशिष्ट कार्ययोजना को क्रियान्वित करते हुए उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (यूपीनेडा) जल्द ही 'दुनिया की सबसे बड़ी सोलर पावर्ड स्ट्रीट लाइट्स लाइन' परियोजना को पूर्ण करके वैश्विक कीर्तिमान स्थापित करने की दिशा में तेजी से प्रयास कर रहा है। इस परियोजना के तहत 10.15 किमी के स्ट्रेच में 470 सोलर पावर्ड स्ट्रीट लाइट्स लगाकर यूपीनेडा अयोध्या की गौरवगाथा में एक नया अध्याय जोड़ने जा रही है। फिलहाल करीब 70 प्रतिशत कार्यों को पूर्ण कर लिया गया है और 22 जनवरी से पहले ही निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करके वर्ल्ड रिकॉर्ड कायम कर लिया जाएगा। अयोध्या का नाम यूं तो दीपोत्सव को लेकर पहले ही गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है मगर अब अयोध्या में सौर ऊर्जा के जरिए भी वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की तैयारी योगी सरकार द्वारा पूर्ण कर ली गई है। इस संबंध में यूपीनेडा के परियोजना अधिकारी (अयोध्या) प्रवीण नाथ पाण्डेय ने बताया कि 22 जनवरी के पहले ही अयोध्या में लक्ष्मण घाट से लेकर गुप्तार घाट होते हुए निर्मली कुंड तक 10.2 किमी के स्ट्रेच में 470 सोलर स्ट्रीट लाइट्स लगाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज किया जाएगा। 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है और शेष 30 प्रतिशत कार्य भी जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। परियोजना के अंतर्गत लक्ष्मण घाट से गुप्तार घाट तक 310 सोलर लाइट्स को इम्पैनल्ड करके रोलआउट कर दिया गया है। जबकि गुप्तारघाट से लेकर निर्मली कुंड तक 1.85 किमी के स्ट्रेच में 160 सोलर पावर्ड स्ट्रीट लाइटों को लगाने का कार्य जारी है। यह सभी सोलर पावर्ड स्ट्रीट लाइटें एलईडी बेस्ड हैं जो कि 4.4 वॉट पावर पर कार्य करती हैं तथा स्मार्ट टेक्नोलॉजी युक्त हैं। इनके इंस्टॉलेशन के जरिए लक्ष्मण घाट से लेकर निर्मली कुंड तक 10.2 किमी का स्ट्रेच दूधिया रोशनी से जगमगा उठेगा। योगी सरकार द्वारा सौर ऊर्जा चालित परियोजना के जरिए जिस विश्व रिकॉर्ड को तोड़ने की प्रक्रिया के तहत कार्य जारी है वह फिलहाल सऊरी अरब के मलहम के नाम दर्ज है। यहां वर्ष 2021 में 'लॉन्गेस्ट लाइन ऑफ द सोलर पावर्ड स्ट्रीट लाइट्स' के तौर पर गिनीज बुक में रिकॉर्ड कायम किया गया था। मलहम में 9.7 किमी स्ट्रेच में 468 सोलर पावर्ड लाइटें लगाकर वैश्विक कीर्तिमान स्थापित किया गया था जबकि अब योगी सरकार के विजन अनुसार अयोध्या में 10.2 किमी स्ट्रेच में 470 सोलर पावर्ड लाइटें लगाकर इस रिकॉर्ड को ध्वस्त किया जाएगा।

# वैश्विक उदाहरणों का अध्ययन कर पुनर्विकसित की जा रही अयोध्या

## प्रतिदिन तीन लाख लोगों के आने की उम्मीद

भाषा। नई दिल्ली

**आने** वाले वर्षों में प्रतिदिन तीन लाख से अधिक लोगों के अयोध्या आने की उम्मीद है और मंदिर शहर की योजना वेटिकन सिटी, कंबोडिया, यरूशलम सहित विदेश में इसी तरह के उदाहरणों तथा भारत के तिरुपति और अमृतसर जैसे स्थानों का अध्ययन करने के बाद बनाई गई है। यह बात इस परियोजना के प्रमुख योजनाकर दीक्षु कुकरेजा ने कही। कुशल भूमि उपयोग, न्यूनतम भीड़, धर्मशालाओं और होमस्टे पर ध्यान, शहर के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक चरित्र को बनाए रखते हुए बुनियादी ढांचे को उन्नत करना, सीपी कुकरेजा आर्किटेक्ट्स के प्रबंधन प्रमुख कुकरेजा द्वारा तैयार की गई योजना के कुछ मुख्य आकर्षण हैं। कुकरेजा ने पीटीआई-भाषा के साथ साक्षात्कार में कहा, "अयोध्या के आध्यात्मिक, सांस्कृतिक, विरासत संपत्तियों और घटनाओं पर ध्यान देने के साथ एक वैश्विक पर्यटन स्थल बनने की उम्मीद है, क्योंकि आतिथ्य और संबद्ध उद्योगों में महत्वपूर्ण मांग के साथ शहर में कई गुना प्रगति होने की संभावना है। उन्होंने कहा, इस शहर को पर्यटन, आर्थिक और धार्मिक गतिविधियों के लिए एक मेगा केंद्र के रूप में विकसित करने की परिकल्पना की गई है। अगले तीन-चार वर्षों के भीतर प्रतिदिन तीन लाख से अधिक श्रद्धालुओं के अयोध्या आने की उम्मीद है। कुकरेजा ने कहा, बढ़ती आबादी और पर्यटन की जरूरतों को समायोजित करने के लिए, हमने सड़कों, पुलों, सीवेज प्रणाली और उपयोगिताओं जैसे आधुनिक बुनियादी ढांचे को डिजाइन किया, और यह सुनिश्चित किया कि इससे शहर के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक चरित्र से समझौता न हो। हमने एक टाउनशिप के लिए डिजाइन तैयार करने पर काम किया, जो कुशल भूमि उपयोग को बढ़ावा देता है, भीड़भाड़ को कम करता है और निवासियों के लिए जीवन की समग्र गुणवत्ता को बढ़ाता है। उन्होंने इससे पहले दिल्ली में एयरोसिटी और द्वारका में यशोभूमि - इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (आईआईसीसी) का डिजाइन तैयार किया है। कुकरेजा ने बताया कि उनकी टीम ने जरूरतों को समझने के लिए दुनिया भर के साथ-साथ भारत में मौजूद मंदिर शहरों का अध्ययन किया और वहां अपनाई गई सर्वोत्तम प्रथाओं से प्रेरणा ली। उन्होंने कहा, हमने वेटिकन सिटी, यरूशलम और कंबोडिया सहित विदेश में समान स्थानों का अध्ययन किया। हमने तिरुपति और अमृतसर जैसे उदाहरणों पर भी गौर किया। वहां अपनाई गई सर्वोत्तम प्रथाओं को अयोध्या के स्थानीय संदर्भ के अनुरूप अनुकूलित करने के बाद हमारी योजना में शामिल किया गया है। मास्टर प्लान के अनुसार, पवित्र शहर को उन्नत करने के लिए 85,000 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश के साथ अयोध्या का पुनर्विकास 10 वर्षों में पूरा किया जाएगा। कुकरेजा ने कहा कि अयोध्या पुनर्विकास परियोजना का पहला चरण कनेक्टिविटी सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा, किसी भी स्थान को वैश्विक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने में कनेक्टिविटी बहुत महत्वपूर्ण होती है। हम स्पष्ट थे कि एक घरेलू हवाई अड्डा इस उद्देश्य को पूरा नहीं कर सकता और हम इसे एक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे में बदलने के लिए एक दशक तक इंतजार नहीं कर सकते। हवाई अड्डे और पुनर्विकसित रेलवे स्टेशन का पहले ही उद्घाटन किया जा चुका है। कुकरेजा ने बताया कि अयोध्या की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को संरक्षित करना परियोजना का एक प्रमुख पहलू है।

# लोग अपने बच्चों के नाम वेदों, पुराणों, रामायण और महाभारत से चुनें: स्वामी विश्वप्रसन्ना तीर्थ

भाषा। लखनऊ

**अयोध्या** में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले मंदिर ट्रस्ट के एक वरिष्ठ सदस्य ने लोगों से अपने बच्चों के लिए नाम हिंदू ग्रंथों से चुनने का आग्रह किया और उन्हें संस्कृति की शिक्षा देने का आह्वान किया है। ट्रस्ट के सदस्य स्वामी विश्वप्रसन्ना तीर्थ ने पीटीआई-भाषा से कहा कि मंदिर के निर्माण से भी बड़ा काम उसे संरक्षित करना है। उन्होंने कहा, सदियों से हमने जो सपना देखा था, वह पूरा हो गया है। लेकिन यह नहीं मान लेना चाहिए कि हमारी जिम्मेदारियां खत्म हो गईं। हमारी सोच यह होनी चाहिए कि कितने वर्षों तक मंदिर उसी रूप में बना रहे और कोई उसे फिर नुकसान न पहुंचा सके। उन्होंने बामियान में बुद्ध की मूर्तियों को नष्ट किए जाने का जिक्र करते हुए कहा, जब तक हमारे बच्चे हिंदू बने रहेंगे और हिंदू बहुसंख्यक रहेंगे, तब तक मंदिर एक मंदिर के रूप में मौजूद रहेगा। देखिए अफगानिस्तान में क्या हुआ, जहां बुद्ध की मूर्तियों को नष्ट कर दिया गया। स्वामी विश्वप्रसन्ना तीर्थ ने यह भी कहा कि मंदिर बनाना कोई बड़ा काम नहीं है - बड़ा कर्तव्य इसे मंदिर के रूप में संरक्षित करना है। पेजावर मठ के संत ने कहा, हम हमेशा के लिए जीवित नहीं रहने वाले हैं। हमें अपने बच्चों में हिंदू धर्म और सनातन धर्म के मूल्य डालने होंगे। अपने संतति (बच्चों) को संस्कृति की शिक्षा देकर ही हम इसे संरक्षित करने में सक्षम होंगे। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बारे में पूछे जाने पर स्वामी ने कहा, सदियों का सपना अब पूरा हो गया है। यह एक कानूनी लड़ाई थी। उच्चतम न्यायालय ने हमारे पक्ष में फैसला दिया। जो लोग संविधान में विश्वास करते हैं और उच्चतम न्यायालय के प्रति सम्मान रखते हैं, उन्होंने इसे स्वीकार किया है। विश्वप्रसन्ना तीर्थ ने यह भी कहा कि बच्चों के नाम वेदों, पुराणों, रामायण और महाभारत से चुने जाने चाहिए। उन्होंने कहा, इससे बच्चों को यह जानने में मदद मिलेगी कि वे किस संस्कृति से हैं। स्वामी ने कहा, (लोगों के) नाम बदलने के लिए एक अभियान होना चाहिए। इसे सार्वजनिक रूप से मंदिरों में आयोजित किया जाना चाहिए।

मतांतरण को रोका जाना चाहिए और बच्चों को संस्कृति की शिक्षा देने की शुरुआत होनी चाहिए। रामानंद सागर के धारावाहिक रामायण में सीता की भूमिका निभाने वाली दीपिका चिखलिया द्वारा मंदिर में राम के साथ सीता की प्रतिमा स्थापित करने की अपील का जिक्र करने पर उन्होंने यह भी कहा कि मंदिर में भगवान राम और देवी सीता होंगी। स्वामी ने आगे कहा कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद 48-दिवसीय मंडल पूजा होगी जिसकी वह देखरेख करेंगे। अब की अयोध्या और उसके पुराने अवतार के बीच तुलना करते हुए स्वामी विश्वप्रसन्ना तीर्थ ने कहाकि ऐसा लगता है कि अयोध्या ने खुद को कलयुग (आधुनिक युग) से त्रेता युग (भगवान राम का युग) में बदल दिया है।

## 22 को सभी विधायकों को ले जाया जाए अयोध्या: राकेश प्रताप

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा** विधायक राकेश प्रताप सिंह ने सभी विधायकों को अयोध्या ले चलने के लिए विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर कर आग्रह किया है। सपा विधायक राकेश प्रताप सिंह ने विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर आग्रह किया कि मेरी हार्दिक इच्छा है कि उत्तर प्रदेश विधान सभा के सभी सदस्यों के साथ पवित्र स्थल अयोध्या धाम में जन-जन के प्रभु मर्यादा पुरूषोत्तम श्री राम के मंदिर में बाल विग्रह स्वरूप के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में सम्मिलित करने के लिए 22 जनवरी को ले चलें जिससे दर्शन लाभ हो सके और सभी सदस्य आपके संरक्षण में वहाँ पहुँच सकें । अतः आपसे विनम्र अनुरोध है कि विधान सभा के सभी वर्तमान सदस्यों को अयोध्या धाम ले जाने, लाने, ठहरने एवं दर्शनार्थ उचित स्थान दिलाने हेतु आवश्यक व्यवस्था के लिए आदेश देने की व्यवस्था करें ।

# शिवसेना के विधायकों के अयोग्यता संबंधी मामले में ठाकरे और नार्वेकर भिड़े, देवेंद्र फडणवीस ने कहा सरकार स्थिर

**महाराष्ट्र में राजनीतिक पारा चढ़ा**

भाषा। मुंबई

**शिवसेना** में विभाजन के बाद पार्टी के दोनों गुटों के विधायकों की अयोग्यता संबंधी एक दूसरे की याचिका पर विधानसभा अध्यक्ष के महत्वपूर्ण फैसले से पहले मंगलवार को महाराष्ट्र में राजनीतिक पारा चढ़ गया। मामले में अध्यक्ष के फैसले से मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाले दोनों गुटों का आगे का रास्ता तय होगा। फैसले की पूर्व संध्या पर विरोध जताते हुए विपक्षी शिवसेना (यूबीटी) नेता उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को कहा कि उनकी पार्टी ने उच्चतम न्यायालय में हलफनामा देकर शिवसेना विधायकों की अयोग्यता संबंधी याचिका पर फैसले से पहले महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के बीच हुई बैठक पर आपत्ति जताई। इसके बाद ठाकरे और नार्वेकर के बीच आरोप-प्रत्यारोप शुरू हो गए।

विधान भवन के अधिकारियों ने बताया कि अयोग्यता संबंधी याचिकाओं पर नार्वेकर 10 जनवरी को शाम चार बजे बहुप्रतीक्षित फैसला सुनाएंगे। विभाजन के 18 महीने से अधिक समय बीत जाने के बाद यह फैसला सुनाया जाएगा। शिवसेना में हुए इस विभाजन के बाद प्रदेश की उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली एमवीए सरकार को जाना पड़ा था। ठाकरे ने बांद्रा स्थित अपने आवास मातोश्री में संवाददाताओं से बातचीत में कहा, अगर न्यायाधीश (नार्वेकर) आरोपी से मिलते जाते हैं, तो हमें न्यायाधीश से क्या उम्मीद करनी चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री ने यहां संवाददाताओं से कहा कि यह



हलफनामा सोमवार को दायर किया गया। ठाकरे के सहयोगी और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के संस्थापक शरद पवार ने भी कहा कि जब किसी मामले की सुनवाई कर रहा कोई व्यक्ति उस व्यक्ति से मिलता है, जिसके खिलाफ मामले की सुनवाई हो रही है, तो इससे संदेह पैदा होता है। पलटवार करते हुए नार्वेकर ने कहा कि ठाकरे को पता होना चाहिए कि विधानसभा अध्यक्ष किस उद्देश्य से मुख्यमंत्री से मिल सकता है।

नार्वेकर ने तर्क दिया, अगर वह अब भी ऐसे आरोप लगाते हैं, तो उनका मकसद बहुत स्पष्ट है। ऐसा कोई नियम नहीं है कि अयोग्यता याचिकाओं पर सुनवाई करते समय विधानसभा अध्यक्ष कोई अन्य काम नहीं कर सकता है। विधानसभा अध्यक्ष ने रविवार को दक्षिण मुंबई में मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास वर्षा में एकनाथ शिंदे से मुलाकात की थी। ठाकरे ने कहा कि दोनों की मुलाकात पिछले साल अक्टूबर में भी हुई थी। शिवसेना (यूबीटी) नेता ने कहा, नार्वेकर का फैसला यह तय करेगा कि देश में लोकतंत्र मौजूद है या नहीं या क्या दोनों (विधानसभा अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री) लोकतंत्र की हत्या करेंगे।

ठाकरे ने कहा, हमने एक हलफनामा दाखिल कर पूछा है कि क्या न्यायाधीश और आरोपियों के बीच मिलीभगत है। उन्होंने पूछा कि क्या विधाानसभा अध्यक्ष फैसला करने में और देरी करेंगे। ठाकरे ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष कभी मुख्यमंत्री से मिलने नहीं जाते हैं। शिवसेना में विभाजन के बाद ठाकरे को जून 2022 में मुख्यमंत्री पद से हटना पड़ा था। शिवसेना की स्थापना ठाकरे के पिता दिवंगत बाला साहेब ठाकरे ने 1966 में की थी। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष मुख्यमंत्री को मिलने के लिए बुलाते हैं। उच्चतम न्यायालय ने पिछले महीने नार्वेकर के लिए विधायकों को अयोग्य ठहराने की मांग करने वाली शिवसेना के दोनो गुटों द्वारा दायर याचिकाओं पर निर्णय लेने की समय सीमा 10 जनवरी तक बढ़ा दी थी। ठाकरे ने कहा कि चूंकि उच्चतम न्यायालय ने पिछले साल मई में नार्वेकर को अयोग्यता याचिकाओं पर निर्णय करने का निर्देश दिया था, इसलिए विधानसभा अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से दो बार मुलाकात की।

# हिप्र में डीजीपी, कांगड़ा पुलिस अधीक्षक की स्थानांतरण आदेश को लेकर दायर पुनर्विचार याचिका खारिज

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) संजय कुंडू और कांगड़ा की पुलिस अधीक्षक शालिनी अग्निहोत्री को झटका देते हुए उच्च न्यायालय ने मंगलवार को उनकी पुनर्विचार याचिका खारिज कर दी, जिसमें 26 दिसंबर, 2023 के इस अदालत के एक आदेश को वापस लेने का अनुरोध किया गया था। इस आदेश में दोनों अधिकारियों के स्थानांतरण का निर्देश दिया गया था ताकि वे एक कारोबारी की जान को कथित खतरे की शिकायत मामले की जांच को प्रभावित नहीं कर सकें। पुलिस अधिकारियों के मामले में सीबीआई जांच के अनुरोध को भी खारिज कर दिया और दो सप्ताह के भीतर सभी प्राथमिकियों में जांच का समन्वय करने के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) के गठन का निर्देश दिया, जिसमें पुलिस महानिरीक्षक स्तर के अधिकारी शामिल हों।

दोनों अधिकारियों के आचरण को अस्वीकार करते हुए मुख्य न्यायाधीश एम.एस.रामचंद्र राव और न्यायमूर्ति ज्योत्सना रेवाल दुआ की पीठ ने कहा, विवाद को सुलझाने का डीजीपी का प्रयास प्रथम दृष्टया उनकी शक्ति और अधिकार से परे जाकर की गई कवायद प्रतीत होती है। एक दीवानी विवाद में कुंडू का हस्तक्षेप अत्यधिक अनुचित था। अग्निहोत्री की ओर से प्रथम दृष्टया कर्तव्य निर्वहन में लापरवाही हुई। 10 साल से अधिक समय तक सेवा में रह चुके किसी आईपीएस अधिकारी को शिकायतकर्ता द्वारा भेजे गए ईमेल पर कानूनी कार्वाई किए जाने के बारे में जानकारी होनी चाहिए कि उनके (अधिकारी) पास प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश देने, मजिस्ट्रेट को एक रिपोर्ट सौंपने और फिर इसकी जांच आगे बढ़ाने के अलावा कोई विकल्प नहीं था।

पक्षों के दावों के गुण-दोष पर कोई राय व्यक्त नहीं कर रही है क्योंकि जांच अभी पूरी नहीं हुई है। पीठ ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि शिकायतकर्ता – पालमपुर के व्यवसायी निशांत शर्मा और उनके परिवार को पर्याप्त और प्रभावी सुरक्षा प्रदान की जाए। पिछले साल 28 अक्टूबर को दी गई अपनी शिकायत में, शर्मा ने अपने व्यापारिक साझेदारों से उन्हें, उनके परिवार और संपत्ति को खतरे का आरोप लगाया था। शर्मा ने कुंडू के आचरण पर भी सवाल उठाया था और आरोप लगाया था कि अधिकारी ने उन्हें फोन किया और शिमला आने के लिए कहा था। कुंडू ने उन्हें स्थानांतरित करने के उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देते हुए उच्चतम न्यायालय में एक विशेष अनुमति याचिका दायर की थी, जिसमें कहा गया था कि उन्हें मामले में एक पक्ष के रूप में शामिल नहीं किया गया था और 28 अक्टूबर के ईमेल में उनके खिलाफ शर्मा द्वारा लगाए गए आरोपों पर इस पीठ ने उनकी बात नहीं सुनी थी।

## कोर्ट ने न्यूजक्लिक के मानव संसाधन प्रमुख को सरकारी गवाह बनने की अनुमति दी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने समाचार पोर्टल न्यूजक्लिक के मानव संसाधन विभाग के प्रमुख अमित चक्रवर्ती को सरकारी गवाह बनने की अनुमति दे दी है। चक्रवर्ती को चीन के समर्थन में प्रचार के लिए धन प्राप्त करने के आरोप में आतंकवाद रोधी कानून यूएपीए के तहत समाचार पोर्टल के खिलाफ दर्ज मामले में सरकारी गवाह बनने की अनुमति दी गई है। विशेष न्यायाधीश हरदीप कौर ने मामले में गिरफ्तार चक्रवर्ती को उनके उस आवेदन पर माफी दी, जिसमें उन्होंने हाल ही में अदालत से सरकारी गवाह बनने की अनुमति मांगी थी। यह एक ऐसा कदम है, जो न्यूजक्लिक के प्रधान संपादक और संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ के लिए परेशानी खड़ी कर सकता है।

चक्रवर्ती ने यह भी दावा किया कि उनके पास मामले के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी है, जिसका वह दिल्ली पुलिस को खुलासा करने को तैयार हैं। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने 3 अक्टूबर को पुरकायस्थ और चक्रवर्ती को गिरफ्तार किया था और ए दोनों फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। भारत की संप्रभुता को बाधित करनै और देश के खिलाफ असंतोष उत्पन्न करने के लिए समाचार पोर्टल को बड़ी मात्रा में धनराशि चीन से आई थी। इसमें यह भी आरोप लगाया गया है कि पुरकायस्थ ने 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान चुनावी प्रक्रिया को बाधित करने के लिए एक समूह - पीपुल्स अलायंस फॉर डेमोक्रेसी एंड सेक्युलरिज्म (पीएडीएस) के साथ साजिश रची थी। प्राथमिकी में नामजद संदिग्धों और डेटा के विश्लेषण में सामने आए संदिग्धों के खिलाफ 3 अक्टूबर को दिल्ली में 88 स्थानों और अन्य राज्यों में सात स्थानों पर छापे मारे गए थे। न्यूजक्लिक के कार्यालयों और जिन पत्रकारों के खिलाफ जांच की गई, उनके आवासों से लगभग 300 इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी जब्त किए गए। छापेमारी के बाद विशेष प्रकोष्ठ ने नौ महिला पत्रकारों समेत 46 लोगों से पूछताछ की।

## अवैध गैस रीफिलिंग की दुकान में धमाके के बाद लगी आग, दो बच्चों की मौत

**वाराणसी (उप्र)।** वाराणसी के आदमपुर क्षेत्र में मंगलवार को अवैध गैस रीफिलिंग की दुकान में धमाके के बाद आग लगने से दो बच्चों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि आदमपुर थाना क्षेत्र स्थित कोयला बाजार की एक दुकान में संदिग्ध रूप से गैस सिलिंडर में हुए धमाके के बाद आग लग गई। उनके मुताबिक आग लगने की सूचना के बाद दमकलकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया, मगर धुंआ बहुत ज्यादा होने के कारण कोई अंदर नहीं जा पा रहा था। धुंआ कम होने के बाद दुकान के अंदर दो बच्चों के शव पाए गए जिनकी मौत दम घुटने और जलने से हुई है। उनके अनुसार एक बच्चे की शिनाख्त हसनपुर निवासी फैजान (14) के रूप में हुई है जबकि दूसरे बच्चे की पहचान अभी नहीं हो पाई है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। बताया जाता है कि इस दुकान में अवैध रूप से गैस रीफिलिंग का काम होता था।

## न्यायालय ने कैदियों से परिजनों, वकीलों की मुलाकात की संख्या सीमित करने के फैसले को बरकरार रखा

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने मंगलवार को दिल्ली उच्च न्यायालय के उस आदेश को बरकरार रखा जिसमें कहा गया था कि कैदियों से उनके परिजनों, दोस्तों तथा कानूनी सलाहकारों की मुलाकात की संख्या को सप्ताह में दो बार सीमित करने का निर्णय बंदियों की संख्या को ध्यान में रखते हुए लिया गया है और इसे पूरी तरह से मनमानौ नहीं कहा जा सकता। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने कहा कि वह उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने की इच्छुक नहीं है क्योंकि यह एक नीतिगत निर्णय है।

उच्च न्यायालय ने पिछले साल 16 फरवरी के अपने आदेश में कहा था कि जेलों में उपलब्ध सुविधाओं, कर्मचारियों की उपलब्धता और विचाराधीन कैदियों की संख्या पर सावधानीपूर्वक विचार करने के बाद यह निर्णय लिया गया है। इसने कहा था, नीति संबंधी मामलों में, अदालतें अपने निष्कर्ष को सरकार द्वारा निकाले गए निष्कर्ष से प्रतिस्थापित नहीं करती हैं, केवल इसलिए कि एक और दृष्टिकोण संभव है। इसलिए, यह अदालत परमादेश की रिट जारी करने वाला कोई भी आदेश पारित करने की इच्छुक नहीं है।

उच्च न्यायालय का फैसला दिल्ली जेल नियम, 2018 के कुछ प्रावधानों को चुनौती देने वाली एक याचिका का निपटारा करते हुए आया था। वकील जय अनंत देहाद्राई की याचिका में नियमों में संशोधन की मांग की गई थी ताकि कानूनी सलाहकारों के साथ मुलाकात उचित आवंटित समय में सोमवार से शुक्रवार तक खुली रहे और प्रति सप्ताह मुलाकात की कोई सीमा न हो। याचिकाकर्ता ने, अंतरिम रूप से, दिल्ली की जेलों में कानूनी सलाहकारों की अपने मुवक्किलों से सप्ताह में दो बार से अधिक मुलाकात का आग्रह किया था।

उच्च न्यायालय ने कहा था, कैदियों की संख्या के आधार पर, सरकार ने परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों, दोस्तों और कानूनी सलाहकारों की कुल मुलाकातों की संख्या को सप्ताह में दो बार सीमित करने का निर्णय लिया है और यह नहीं कहा जा सकता है कि उक्त निर्णय पूरी तरह से मनमाना है। दिल्ली सरकार ने अपने जवाब में कहा था कि दिल्ली में 16 जेलों में 10,026 की स्वीकृत क्षमता के मुकाबले 18,000 से अधिक कैदी हैं। इसने कहा था कि यहां की जेलों में कैदियों की संख्या को देखते हुए परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों, दोस्तों और कानूनी सलाहकारों की मुलाकात की संख्या को सीमित करने का निर्णय लिया गया है।

## राजस्थान विधानसभा की टीवी चैनल शुरू करने की योजना

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा अपना टीवी चैनल शुरू करेगी ताकि सदन की गतिविधियो की जानकारी आमजन को तुरन्त मिल सके। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने मंगलवार को यहां एक बैठक मे यह बात की। उन्होंने कहा कि राजस्थान विधानसभा की कार्यप्रणाली पेपरलेस होगी। आधिकारिक बयान के अनुसार देवनानी ने विधानसभा को पेपरलेस बनाए जाने के लिए विधानसभा के सूचना तकनीक से जुड़े अधिकारियो के साथ बैठक की। बयान के अनुसार देवनानी ने कहा कि राजस्थान विधानसभा की गतिविधियों की जानकारी आमजन को तुरन्त मिल सके, इसके लिए संसद टीवी की तरह राजस्थान विधानसभा का भी टीवी चैनल और वॉटसअप चैनल बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान विधानसभा को आमजन से जोड़ने के लिए उन्नत सूचना तकनीक का उपयोग किया जाएगा तथा राजस्थान विधानसभा की कार्यप्रणाली को पेपरलेस बनाया जाएगा। उन्होंने अधिकारियो से कहा कि आईटी एक्ट के प्रावधानो के तहत कार्य करे, ताकि साइबर खतरो से विधानसभा सुरक्षित रह सके। बयान के अनुसार देवनानी ने कहा है कि विधानसभा मे शीघ्र ही हेल्प डेस्क की स्थापना होगी जो राजस्थान के प्रत्एक विधायक को पेपरलेस प्रक्रिया का प्रशिक्षण देगी क्योंकि आज के जमाने मे डिजिटल सुरक्षा आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आज का जमाना आमजन तक जल्द से जल्द सूचना पहुंचाने का है। उन्होंने अधिकारियो से कहा कि वे विधानसभा के सोशल मीडिया के सभी एप्लीकेशन को तुरन्त अद्यतन बनाएं, नई-नई सूचनाएं डालें। देवनानी ने विधानसभा के यूट्यूब चैनल को अधिक प्रभावी बनाने के लिए नई सोच और अद्यतन सूचना तकनीक के साथ कार्य करने के लिए भी निर्देश दिए। बैठक में विधानसभा के प्रमुख सचिव महावीर प्रसाद शर्मा, नेशनल इन्फोर्मेटिक्स सेंटर के राजस्थान प्रभारी जितेन्द्र वर्मा एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## बैंक घोटाले में कांग्रेस नेता सुनील केदार को जमानत

**नागपुर।** बंबई उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ ने पिछले महीने बैंक घोटाले में दोषी ठहराए जाने के बाद विधानसभा से अयोग्य करार दिए गए कांग्रेस विधायक सुनील केदार को मंगलवार को जमानत दे दी। अदालत ने उनकी सजा भी निलंबित कर दी है। नागपुर जिले के सावनेर विधानसभा से पांच बार के विधायक केदार को 22 दिसंबर 2023 को मजिस्ट्रेट अदालत ने पांच साल कारावास की सजा सुनाई थी। उन्हे यह सजा नागपुर जिला केंद्रीय सहकारी बैंक (एनडीसीसीबी) मे अनियमितता के मामले मे सुनाई जिसके वह 1999 से 2002 के बीच अध्यक्ष थे। सत्र अदालत ने पिछले सप्ताह उनकी दोषसिद्धि और सजा को निलंबित करने की अर्जी खारिज कर दी थी। साथ ही जमानत देने से भी इनकार कर दिया था। सत्र न्यायायल से राहत नही मिलने के बाद केदार के वकीलो सुनील मनोहर और देवेंद्र चौहान ने उच्च न्यायालय का रुख किया था। न्यायमूर्ति उर्मिला जोशी ने मंगलवार को दोषसिद्धि को चुनौती देने वाली केदार की याचिका पर सुनवाई होने तक उनकी सजा पर अंतरिम रोक लगा दी और उन्हें जमानत दे दी। सुनवाई के दौरान जमानत पर रहे कांग्रेस नेता को सजा सुनाए जाने के बाद हिरासत में ले लिया गया था। इस समय वह नागपुर के केंद्रीय कारवास में कैद हैं। मजिस्ट्रेट अदालत ने केदार और पांच अन्य को विश्वासघात, आपराधिक साजिश, फर्जीवाड़ा और भारतीय दंड संहिता की अन्य सुसंगत धाराओ मे दोषी करार दिया। सभी आरोपियो पर 12.5-12.5 लाख रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया है।

## एएमयू के अल्पसंख्यक दर्जे के मुद्दे पर सुनवाई शुरू

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कहा कि कोई शिक्षण संस्थान किसी कानून द्वारा विनियमित है, महज इसलिए उसका अल्पसंख्यक संस्थान का दर्जा समाप्त नही हो जाता। शीर्ष अदालत ने अलीगढ़ मुस्लिम विवि के अल्पसंख्यक दर्जे के जटिल मुद्दे पर सुनवाई शुरू करते हुए यह टिप्पणी की। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सात न्यायाधीशो की संविधान पीठ ने संविधान के अनुच्छेद 30 का जिक्र किया जो शिक्षण संस्थानो की स्थापना और उनके संचालन के अल्पसंख्यकों के अधिकारो से संबंधित है। अनुच्छेद 30 को प्रभावी बनाने के लिए किसी अल्पसंख्यक समूह को इस तरह के दर्जे का दावा करने के लिए स्वतंत्र प्रशासन की जरूरत नही है। शीर्ष अदालत ने 12 फरवरी, 2019 को अलीगढ़ मुस्लिम विवि के अल्पसंख्यक दर्जे के विवादास्पद मुद्दे को सात न्यायाधीशो की पीठ को भेज दिया था। 1981 में भी इसी तरह के मामले को संदर्भित किया गया था। संस्थान के अल्पसंख्यक दर्जे का मुद्दा कई दशकों से कानूनी विवाद में फंसा है।

## कवि, गीतकार हरिराम का निधन, मोदी ने दुःख प्रकट किया

**वाराणसी (उप्र)।** हिंदी और भोजपुरी के प्रख्यात कवि, गीतकार और साहित्यकार पंडित हरिराम द्विवेदी हरि भैया का लंबी बीमारी के बाद यहां निधन हो गया। मंगलवार को द्विवेदी के परिजनो ने यह जानकारी दी। परिजनो के अनुसार हरिराम द्विवेदी (87) काफी समय से बीमार थे। उन्होंने सोमवार की दोपहर वाराणसी के महमूरगंज के मोतीझील स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार आज मणिकर्णिका घाट पर होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनके निधन पर शोक प्रकट किया है। हरिराम त्रिवेदी को साहित्य अकादमी भाषा सम्मान, साहित्य भूषण, साहित्य सारस्वत, राहुल सांकृत्यायन जैसे कई पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है। उनके परिजनों ने बताया कि पंडित हरिराम द्विवेदी पिछले कई महीनो से अस्वस्थ थे।

## भारतीय नौसेना का तेजी से हमला करने में सक्षम पोत श्रीलंका दौरे पर

**नई दिल्ली।** दोनों पक्षों के बीच बढ़ते समुद्री सुरक्षा सहयोग को दर्शाते हुए भारतीय नौसेना के एक तेजी से हमला करने में सक्षम जहाज श्रीलंका के दौरे पर है। फास्ट अटैक क्राफ्ट आईएनएस काबरा सोमवार को कोलंबो पहुंचा। भारतीय नौसेना ने कहा, जहाज का श्रीलंका नौसेना द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। पड़ाव के दौरान, आईएनएस काबरा के कमांडिंग अफसर ने पश्चिमी नौसेना क्षेत्र के कमांडर, रियर एडमिरल टी.एस.के. परेरा से मुलाकात की। इसमें कहा गया, एक औपचारिक समारोह में, श्रीलंका नौसेना और वायु सेना के लिए आवश्यक पुर्जे और भंडार जहाज द्वारा सौंपे गए। उसने एक बयान में कहा, यह यात्रा प्रधानमंत्री के सागर (क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास) के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए दोनों नौसेनाओं के बीच द्विपक्षीय सहयोग और सौहार्द को और मजबूत करती है।

## शीर्ष अदालत ने दिल्ली सरकार के निलंबित अधिकारी के बच्चों को अग्रिम जमानत दी

**यौन उत्पीड़न मामला**

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली सरकार के निलंबित अधिकारी प्रेमोदय खाखा की बेटी और बेटे को एक नाबालिग लड़की के कथित यौन उत्पीड़न के मामले में अग्रिम जमानत दे दी है। न्यायमूर्ति सी टी रविकुमार और न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की पीठ ने यह कहते हुए आरोपियों को राहत दी कि याचिकाकर्ता जांच में शामिल हो गए हैं। पीठ ने सोमवार को एक आदेश में कहा, बयान पर गौर करने और दोनों पक्षों के वकीलों को सुनने और रिकॉर्ड पर मौजूद सामग्री को देखने के बाद, हमारा विचार है कि इन विशेष अनुमति याचिकाओं का निपटारा किया जा सकता है, जिसमें याचिकाकर्ताओं को 25,000 रुपए के मुचलके पर गिरफ्तारी की स्थिति में जमानत पर रिहा करने का निर्देश दिया जा सकता है। यह जांच अधिकारी की संतुष्टि और सीआरपीसी की धारा



438 (2) के तहत निर्धारित शर्तों का विषय है।

याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता शुभाशीष आर सोरेन और भक्ति सिंह पेश हुए। दिल्ली उच्च न्यायालय ने पिछले साल 11 अक्टूबर को खाखा की बेटी और बेटे को अग्रिम जमानत देने से इनकार करते हुए कहा था कि इस चरण में प्रथम दृष्टया उनसे व्यापक पूछताछ की जरूरत है। पीठ ने कहा था कि भाई-बहन का कोई अता-पता नहीं है और उन्हें अग्रिम जमानत देना समझदारी नहीं होगी क्योंकि इससे जांच पटरी से उतर सकती है जो अभी शुरुआती चरण में है।

अपराध के लिए उकसाने के आरोपी अधिकारी के बेटे और बेटी ने निचली अदालत से राहत नहीं मिलने पर मामले में अग्रिम जमानत के लिए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। खाखा ने कथित तौर पर नवंबर 2020 और जनवरी 2021 के बीच कई बार नाबालिग लड़की के साथ बलात्कार किया था। अगस्त में गिरफ्तारी के बाद से वह जेल में है। पुलिस ने बताया था कि नाबालिग पीड़िता आरोपी के एक परिचित व्यक्ति की बेटी है। अधिकारी की पत्नी सीमा रानी भी इस मामले में आरोपी है और वह भी न्यायिक हिरासत में है। उसने कथित तौर पर लड़की को गर्भपात के लिए दवा दी थी। पीड़िता द्वारा एक अस्पताल में मजिस्ट्रेट के समक्ष अपना बयान दर्ज कराने के बाद दंपति को गिरफ्तार कर लिया गया था।

## धनशोधन मामले में गिरफ्तारी के खिलाफ भूषण स्टील के पूर्व प्रवर्तक सिंघल की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने भूषण स्टील के पूर्व प्रवर्तक नीरज सिंघल की उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने 46,000 करोड़ रुपए की कथित बैंक धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले में पिछले साल प्रवर्तन निदेशालय द्वारा की गई अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति विकास महाजन ने मामले में नियमित जमानत की मांग करने वाली सिंघल की याचिका भी खारिज कर दी और कहा कि गिरफ्तारी अवैध नहीं है। न्यायाधीश ने सोमवार के आदेश में यह भी कहा, यह नहीं कहा जा सकता कि याचिकाकर्ता की गिरफ्तारी अवैध है। इन परिस्थितियों में, मेरा विचार है कि सीआरएलएमसी 4376/2023 (गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका) और साथ ही जमानत आवेदन 2356/2023 खारिज किए जाने योग्य हैं तथा तदनुसार खारिज किया जाता है।

भूषण स्टील के पूर्व प्रबंध निदेशक सिंघल को 9 जून, 2023 को गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने अपने खिलाफ ईडी की कार्वाई का विरोध किया और दावा किया कि उन्हें उनकी गिरफ्तारी के आधार के बारे में सूचित नहीं किया गया था। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह कानून के विपरीत है। अदालत ने कहा कि शीर्ष अदालत का फैसला, जिसमें गिरफ्तारी के समय इसके (गिरफ्तारी) आधार को लिखित रूप में उपलब्ध कराना अनिवार्य है, वर्तमान मामले में सिंघल की गिरफ्तारी के बाद पारित किया गया था, इसलिए गिरफ्तारी को अवैध नहीं कहा जा सकता। प्रवर्तन निदेशालय ने उच्च न्यायालय के समक्ष आरोप लगाया कि बैंकिंग धोखाधड़ी के सबसे बड़े मामलों में से एक के साथ ही सिंघल धनशोधन के अपराध में शामिल थे, जिससे 46,000 करोड़ रुपए से अधिक के सार्वजनिक धन का नुकसान हुआ।

# पेज एक का शेष

## विकास के...

राष्ट्रपति जोस रामोस-होर्टा के साथ द्विपक्षीय बैठक के दौरान मोदी ने उन्हें आसियान (दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संघ) में उनके देश की आगामी सदस्यता के लिए बधाई दी और उन्हें आपदा प्रतिरोधी बुनियादी ढांचे के लिए अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन और गठबंधन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स को बताया कि चर्चा में स्वास्थ्य, पारंपरिक चिकित्सा, ऊर्जा, आईटी, फिनटेक, क्षमता निर्माण में विकास साझेदारी सहित विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग पर भी चर्चा हुई। उन्होंने कहा, 'दिल्ली-दिली संपर्क को आगे बढ़ाते हुए! प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गांधीनगर में तिमोर-लेस्ते के राष्ट्रपति जोसेरामोस होर्टा के साथ एक सार्थक बैठक की। विदेश मंत्रालय ने कहा, 'प्रधानमंत्री ने तिमोर-लेस्ते को अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन और आपदा प्रतिरोधी बुनियादी ढांचे के लिए गठबंधन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। चर्चा में स्वास्थ्य, पारंपरिक चिकित्सा, ऊर्जा, आईटी, फिनटेक, क्षमता निर्माण में विकास साझेदारी सहित विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा हुई।' प्रवक्ता ने कहा. मोदी ने मोजाम्बिक के राष्ट्रपति फिलिप न्युसी के साथ द्विपक्षीय बैठक भी की। अधिकारी ने कहा, 'दोनों नेताओं ने रक्षा, आतंकवाद-रोधी, ऊर्जा, स्वास्थ्य, व्यापार और निवेश, क्षमता निर्माण, समुद्री सहयोग और लोगों से लोगों के संबंधों सहित द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के तरीकों पर सार्थक चर्चा की।' उन्होंने कहा, बहुपक्षीय मंचों पर सहयोग सहित क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर दृष्टिकोण का आदान-प्रदान किया।

## मालदीव में...

चिंता में है। इससे पहले राष्ट्रपति मुइज्जू ने मालदीव में भारतीय सेना की तैनाती खत्म करने का फरमान और हाइड्रोग्राफी समझौता रोक कर अपनी 'इंडिया आउट' नीति पर आगे बढ़ रहे हैं। भारत विरोधी और पीएम मोदी के खिलाफ विवादित टिप्पणी इसी नजरिये को आगे ले जाने वाला माना जा रहा है। मालदीव के एक सांसद मिकेल नसीम ने संसद से अनुरोध किया है कि इस पूरे मामले में तुरंत कार्रवाई करने में नाकाम रहे विदेश मंत्री को तलब किया जाए। इस बीच आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले एक उप मंत्री मेजूम माजिद ने अपना ट्विटर अकाउंट डिलीट कर दिया है। चीन की अपनी पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा के दूसरे दिन मुइज्जू ने मंगलवार को फुजियान प्रांत में मालदीव बिजनेस फोरम को संबोधित करते हुए चीन को द्वीपीय राष्ट्र का निकटतम सहयोगी बताया। मालदीव के राष्ट्रपति ने कहा, चीन हमारे सबसे करीबी सहयोगियों और विकास साझेदारों में से एक है। मुइज्जू ने चीन से अधिक से अधिक संख्या में मालदीव में अपने पर्यटकों भेजने का आग्रह किया। मुइज्जू की आधिकारिक वेबसाइट पर साझा किए गए एक बयान के अनुसार, कोविड से पहले चीन के पर्यटक सबसे अधिक संख्या में हमारे देश में आते थे, और मेरा अनुरोध है कि चीन इस स्थिति को फिर से हासिल करने के लिए प्रयास तेज करे। मालदीव के पर्यटन मंत्रालय द्वारा पहले जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, भारत 2023 में देश के लिए सबसे बड़ा पर्यटक बाजार बना हुआ है। पिछले साल मालदीव में सबसे अधिक 2,09,198 भारतीय पर्यटक पहुंचे थे, इसके बाद 2,09,146 रूसी पर्यटक और 1,87,118 चीनी पर्यटक पहुंचे थे।

## राम मंदिर...

मौन व्रत से कुछ समय का विराम लिया था और 2020 तक हर दिन दोपहर में एक घंटे बोलती थीं। लेकिन जिस दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंदिर की आधारशिला रखी उस दिन से उन्होंने पूरे दिन का मौन धारण कर लिया। सरस्वती देवी के सबसे छोटे बेटे 55 वर्षीय हरेराम अग्रवाल ने बताया, छह दिसंबर, 1992 को जब बाबरी मस्जिद को ध्वस्त किया गया था तब मेरी मां ने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण तक मौन धारण करने का एक संकल्प ले लिया था। जब से मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की तारीख की घोषणा की गई है तब से वह बहुत खुश हैं। बाघमारा खंड के भौंरा निवासी हरेराम ने कहा, मेरी मां सोमवार रात धनबाद रेलवे स्टेशन से गंगा-सतलुज एक्सप्रेस से अयोध्या के लिए रवाना हुईं। वह 22 जनवरी को अपना मौन व्रत तोड़ेंगी। उन्होंने बताया कि सरस्वती देवी को महंत नृत्य गोपाल दास के शिष्यों ने राम मंदिर उद्घाटन कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। परिवार के सदस्यों ने कहा कि चार बेटियों सहित आठ बच्चों की मां सरस्वती देवी ने 1986 में अपने पति देवकीनंदन अग्रवाल की मृत्यु के बाद अपना जीवन भगवान राम को समर्पित कर दिया और अपना अधिकांश समय तीर्थयात्राओं में लगाया। सरस्वती देवी वर्तमान में कोल इंडिया की शाखा भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) में एक अधिकारी के रूप में कार्यरत अपने दूसरे बेटे नंदलाल अग्रवाल के साथ धनबाद के धैया में रह रही हैं। नंदलाल की पत्नी इन्नू अग्रवाल (53) ने कहा कि विवाह के कुछ महीने बाद ही उन्होंने अपनी सास को भगवान राम की भक्ति में मौन व्रत धारण करते हुए देखा। इन्नू अग्रवाल ने कहा, वैसे तो हम उनकी ज्यादातर सांकेतिक भाषा समझ लेते हैं और लेकिन वह जटिल वाक्यों को लिख देती हैं। उन्होंने कहा, बाबरी मस्जिद के विध्वंस के बाद मेरी सास ने अयोध्या का दौरा किया और राम मंदिर के निर्माण तक मौन व्रत रखने का संकल्प लिया। वह दिन में 23 घंटे मौन रहती थीं। दोपहर में केवल एक घंटे का विराम लेती थीं। बाकी समय वह कलम और कागज के माध्यम से हमसे संवाद करती थीं। इन्नू अग्रवाल ने कहा, हालांकि, जब 2020 में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा राममंदिर की आधारशिला रखी गई, तो वह 24 घंटे का मौन व्रत रख लिया और मंदिर के उद्घाटन के बाद ही बोलने की प्रतिज्ञा ली। इन्नू अग्रवाल ने दावा किया कि 2001 में, सरस्वती देवी ने मध्य प्रदेश के चित्रकूट में सात महीने तक तपस्या की थी, जहां माना जाता है कि भगवान राम ने अपने वनवास का एक बड़ा हिस्सा बिताया था।

## सीईओ ने...

के बारे में सवाल किए। अधिकारी ने कहा, महिला ने हमें बताया कि खून के धब्बे उसके मासिक धर्म के कारण थे। उसने हमें यह भी बताया कि उसका बेटा मडगांव शहर (दक्षिण गोवा में) में उसके दोस्त के साथ है। उसने उसका पता भी दिया। नाइक ने बताया कि उन्होंने तुरंत फतोर्डा पुलिस (मडगांव के पास) की मदद ली, लेकिन पता चला कि उसने जो पता दिया था, वह फर्जी है। निरीक्षक ने बाद में टैक्सी चालक से फोन पर बात की, जो उस समय बेंगलुरु जा रहा था और चित्रदुर्ग जिले पहुंच गया था। निरीक्षक ने टैक्सी चालक से आरोपी महिला को कर्नाटक के चित्रदुर्ग जिले के नजदीकी पुलिस थाने ले जाने को कहा। नाइक ने बताया चित्रदुर्ग में पुलिस ने महिला के बैग की तलाशी ली, तो उसमें उन्हें बच्चे का शव मिला। उन्होंने बताया कि कलंगुट पुलिस का एक दल इसके बाद चित्रदुर्ग रवाना हुआ और आरोपी की ट्रांजिट रिमांड हासिल की। नाइक ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम चित्रदुर्ग में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सेठ के खिलाफ गोवा के कलंगुट पुलिस थाने में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की 302 (हत्या) तथा 201 (सबूत नष्ट करना) और गोवा बाल अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। जांचकर्ताओं को बताया कि वह और उनके पति अलग हो चुके हैं और उनके तलाक की कानूनी प्रक्रिया जारी है। आरोपी महिला पश्चिम बंगाल की रहने वाली है और बेंगलुरु में रह रही है, जबकि उनका पति केरल से है। वलसन ने बताया कि उनका पति फिलहाल जकार्ता (इंडोनेशिया) में है और उन्हें घटना के बारे में सूचित कर दिया गया है।

## योगी ने...

दुकानें बंद रखने की भी हिदायत दी है। मुख्यमंत्री ने इससे पहले श्रीरामलला और हनुमान गढ़ी के दर्शन-पूजन के बाद श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों के साथ भी बैठक की। मकर संक्रांति के बाद शुरू हो रहे प्राण प्रतिष्ठा के वैदिक अनुष्ठानों की जानकारी लेते हुए आदित्यनाथ ने समारोह की सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं में तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को सभी आवश्यक सहयोग के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने कहा, प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में आ रहे गणमान्य जनों को अयोध्या में बेहतर आतिथ्य प्राप्त होना चाहिए। हर अतिविशिष्ट अतिथि के विश्राम स्थल का चयन पूर्व में ही कर लिया जाए। मौसम को देखते हुए ऐसा हो सकता है कि कुछ अतिथि एक-दो दिन पहले ही आ जाएं। ऐसे में उनके रुकने की बेहतर व्यवस्था हो। उन्होंने कहा, अयोध्या में होटल और धर्मशालाएं हैं। होम स्टे की व्यवस्था भी है। टेंट सिटी की संख्या और बढ़ाए जाने की जरूरत है।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 10 जनवरी 2024



# ईडी ने दायर की लालू के परिवार, अन्य के खिलाफ आरोपपत्र

● जमीन के बदले नौकरी मामला

भाषा। नई दिल्ली



**प्रवर्तन निदेशालय ने** रेलवे में नौकरी के बदले जमीन से संबंधित धन शोधन मामले में मंगलवार को अपना पहला आरोपपत्र दाखिल किया, जिसमें बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और उनकी सांसद बेटी मीसा भारती का नाम शामिल है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। आरोपपत्र में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रमुख लालू प्रसाद यादव की एक और बेटी हेमा यादव (40), परिवार के एक कथित नजदीकी सहयोगी अमित कात्याल (49), एक पूर्व रेलवे कर्मचारी हृदयानंद चौधरी, दो कंपनी ए.के. इंफोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड और ए.बी. एक्सपोर्ट्स प्रा. लिमिटेड और दोनों कंपनी के समान निदेशक का भी नाम शामिल है। सूत्रों ने बताया कि दिल्ली में एक विशेष धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत के समक्ष कुल सात आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया गया और अदालत ने मामले को 16 जनवरी को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है।ईडी ने इस मामले में कात्याल को पिछले साल नवंबर में गिरफ्तार किया था, जबकि लालू प्रसाद यादव और उनके बेटे एवं बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को समन जारी किया था, लेकिन वे अभी तक पूछताछ में शामिल नहीं हुए हैं। ईडी इस मामले में राबड़ी देवी (68) और उनकी तीन बेटियां- मीसा भारती (47), चंदा यादव और रागिनी यादव, से पूछताछ कर चुकी है। मीसा भारती राजद की राज्यसभा सदस्य भी हैं। कथित घोटाला उस समय का है जब लालू प्रसाद यादव संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग)-। सरकार में रेल मंत्री थे।आरोप है कि 2004 से 2009 तक कई लोगों को भारतीय रेल के विभिन्न जोन में ग्रुप डी के पदों पर नियुक्त किया गया और इसके बदले में इन लोगों ने अपनी भूमि तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद एवं ए.के. इंफोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड को हस्तांतरित की थी।ईडी ने पहले कहा था कि ए.के. इंफोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड इस मामले में कथित तौर पर एक लाभार्थी कंपनी है और दक्षिणी दिल्ली के न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में इसके पंजीकृत पते का इस्तेमाल तेजस्वी यादव द्वारा किया जा रहा था।एजेंसी के मुताबिक, कात्याल इस कंपनी के निदेशक रह चुके हैं।ए.बी. एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, तेजस्वी यादव और चंदा यादव के स्वामित्व वाली एक मुखौटा या नकली कंपनी है और इसका पंजीकृत पता भी न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी स्थित बंगले का है। ईडी ने आरोप लगाया कि राबड़ी देवी और हेमा यादव ने रेलवे में नियुक्त लोगों से अवैध रूप से हासिल किए गए चार भूखंड को मेरिडियन कंस्ट्रक्शन इंडिया लिमिटेड को बेच दिया। यह कंपनी राजद के पूर्व विधायक सैयद अबू दोजाना से संबंधित कंपनी है। इसके अलावा, राबड़ी देवी और हेमा यादव द्वारा प्राप्त अपराध की आय को ए.बी. एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड और भागीरथी ट्यूब्स को हस्तांतरित कर दिया गया। ईडी ने पहले दावा किया था, राबड़ी देवी और हेमा यादव ने इन जमीन को 7.5 लाख रुपए की अधिग्रहण लागत के मुकाबले 3.5 करोड़ रुपए में बेच दिया, जिससे उन्होंने भारी मुनाफा कमाया। एजेंसी ने आरोपपत्र में अदालत से आरोपियों के खिलाफ धन शोधन के अपराध के लिए मुकदमा चलाने का अनुरोध किया है और इस मामले में पूर्व में कुर्क की गई संपत्तियों को जब्त करने की मांग की है।

## ईडी ने धन शोधन मामले में शिवसेना-यूबीटी विधायक के यहां छापा मारा

**मुंबई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शहर के जोगेश्वरी इलाके में एक होटल के निर्माण में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में शिवसेना (यूबीटी) विधायक रवींद्र वायकर और उनसे जुड़ी कई संस्थाओं के परिसरों पर मंगलवार को छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।उन्होंने बताया कि एजेंसी मुंबई के लगभग सात स्थानों पर तलाशी ले रही है। सूत्रों ने बताया कि जिन स्थानों पर तलाशी ली जा रही है, उनमें वायकर और उनके कुछ साझेदारों तथा अन्य के परिसर शामिल हैं।वायकर (64) उद्धव बालासाहेब ठाकरे गुट से विधायक हैं और महाराष्ट्र विधानसभा में जोगेश्वरी पूर्व निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं।मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) की ओर से विधायक के खिलाफ बगीचे के लिए आरक्षित भूखंड पर पांच सितारा होटल के निर्माण के लिए गलत तरीके से मंजूरी लेने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

# मणिपुर की वर्तमान स्थिति से बचा जा सकता था : मुख्यमंत्री

**इंफाल।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने मंगलवार को कहा कि अगर मादक पदार्थों और अवैध प्रवासियों की कोई समस्या नहीं होती तो राज्य में मौजूदा स्थिति से बचा जा सकता था।सिंह ने कहा कि अगर सरकार मादक पदार्थों के उपयोग के खिलाफ कदम उठाती है और राज्य में स्थिति को नियंत्रित करने के लिए अनधिकृत अप्रवासियों की आमद के खिलाफ उसके अभियान असंवैधानिक पाए जाते हैं तो वह इस्तीफा दे देंगे। मणिपुरी शासक महाराजा गंभीर सिंह की 190वीं पुण्य तिथि पर आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की 30 लाख आबादी में से 1.5 लाख युवा नशे की लत के शिकार हैं। वर्तमान और भावी पीढ़ियों को बचाने के लिए (राज्य सरकार द्वारा) मादक पदार्थों के खिलाफ युद्ध की घोषणा की गई थी। यदि मादक द्रव्य नहीं होते, पोस्ता की खेती नहीं होती और अवैध आप्रवासन नहीं होता तो वर्तमान स्थिति नहीं होती। मणिपुर सरकार की वास्तव में क्या गलती और असंवैधानिक कृत्य था जिसके कारण आम लोगों पर हमले हुए और उनके घर जलाए गए? यदि मादक द्रव्यों के खिलाफ सरकारी अधिनियम और अवैध आप्रवासियों की आमद के खिलाफ अभियान में कुछ भी असंवैधानिक था तो मैं तुरंत इस्तीफा दे दूंगा। मुझे संविधान की रक्षा और कार्यान्वयन करना है, जो मेरी जिम्मेदारी है। पहले किसी ने भी राज्य के लोगों के साथ वर्तमान स्थिति पर चर्चा नहीं की थी और मादक पदार्थों के प्रभाव, पर्यावरण और पारिस्थितिक असंतुलन (अफीम की खेती के लिए बड़े पैमाने पर वनों की कटाई के कारण), जनसंख्या और जनसांख्यिकीय असंतुलन के मुद्दों पर लंबे समय तक ध्यान नहीं दिया गया था।

# हमले के मामले में कोलकाता पहुंचे ईडी के प्रभारी निदेशक

भाषा। कोलकाता

**प्रवर्तन निदेशालय** (ईडी) के प्रभारी निदेशक राहुल नवीन कथित सार्वजनिक वितरण और धान खरीद घोटाले की जांच की समीक्षा करेंगे और पश्चिम बंगाल में केंद्रीय जांच एजेंसी के तलाशी दलों पर हमलों की पृष्ठभूमि में स्थानीय ईडी प्रतिष्ठान की सुरक्षा चिंताओं पर चर्चा करेंगे।आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।अधिकारियों के साथ बैठक के लिए दोपहर से ठीक पहले नवीन सॉल्ट लेक इलाके में सीजीओ परिसर स्थित एजेंसी के कार्यालय गए। निदेशक को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के सशस्त्र बल की सुरक्षा उपलब्ध कराई गई है।जांच एजेंसी के एक अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया, ईडी प्रमुख हमले के संबंध में एक बैठक की अध्यक्षता करेंगे। अन्य जांच के सिलसिले में प्रगति पर भी चर्चा होगी। सूत्रों ने बताया कि मध्य रात्रि को यहां पहुंचे ईडी प्रमुख के मंगलवार को एजेंसी के कोलकाता स्थित क्षेत्रीय कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ घायल अधिकारियों से भी मिलने की उम्मीद है। उनके यहां राजभवन में राज्यपाल सी. वी. आनंद बोस से भी मुलाकात करने की संभावना है।तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली स्थित परिसरों पर छापेमारी के लिए पांच जनवरी को पहुंची ईडी की टीम पर हुए हमले में उसके तीन अधिकारी घायल हो गए थे और उनके मोबाइल, लैपटॉप और बटुए लूट लिए गए थे।शेख फिलहाल फरार हैं और ईडी ने उनके खिलाफ लुक-आउट सर्कुलर (एलसी) जारी किया है। शेख को देश से बाहर जाने से रोकने के लिए सभी जमीनी, वायु और समुद्री बंदरगाहों को अलर्ट कर दिया गया है। पांच जनवरी को ही उक्त जिले के बनगांव में एक अन्य तृणमूल कांग्रेस नेता शंकर आद्या की गिरफ्तारी के दौरान एजेंसी की एक और टीम पर हमला किया गया और उनका वाहन क्षतिग्रस्त कर दिया गया। ईडी ने प्रेस में दिए बयान में दावा किया कि यह बहुत बड़ा घोटाला है और एक संदिग्ध द्वारा हस्तांतरित की गई अपराध की राशि 9,000-10,000 करोड़ रुपए थी, जिसमें से 2,000 करोड़ रुपए या तो सीधे सीधे दुबई या फिर बांग्लादेश के जरिए हस्तांतरित किए जाने का संदेह है। ईडी ने इस मामले की जांच में पिछले साल पश्चिम बंगाल के मंत्री और तृणमूल कांग्रेस के नेता ज्योतिप्रिय मलिक और उनके सहयोगी बाकिबुर रहमान को गिरफ्तार किया था जबकि आद्या को पिछले हफ्ते गिरफ्तार किया गया था।

## ईडी अधिकारियों पर हमला जनाक्रोश का विस्फोट: पश्चिम बंगाल के मंत्री

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मंत्री शोभनदेब चट्टोपाध्याय ने मंगलवार को अपनी इस टिप्पणी से विवाद खड़ा कर दिया कि उत्तर 24 परगना में छापेमारी के दौरान प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर हालिया हमला जनाक्रोश का विस्फोट है। राज्य के कृषि मंत्री चट्टोपाध्याय ने यह भी दावा किया कि ऐसे हमले देश के अन्य हिस्सों में भी होंगे जहां जांच एजेंसियां छापेमारी करती है। उन्होने एक कार्यक्रम मे कहा, हमने राज्य मे एक स्थान पर जनाक्रोश का विस्फोट देखा... भविष्य मे भारत मे अन्य स्थानो पर भी ऐसी घटनाएं होंगी। राज्य की राशन प्रणाली मे कथित अनियमितताओं के संबंध में संदेशखाली में तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख के आवास पर पांच जनवरी को छापेमारी के लिए गई ईडी की टीम पर शेख के सैकड़ों समर्थकों ने हमला कर दिया था जिसमे उसके तीन अधिकारी घायल हो गए थे। चट्टोपाध्याय ने यह भी दावा किया कि नियंत्रकएवं महालेखा परीक्षक(कैग) ने केंद्र में वर्तमान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले शासन मे कई करोड़ रुपए के घोटालो का खुलासा किया है लेकिन पार्टी सिर्फ गैर-भाजपा शासित राज्यो मे ही जांच एजेंसियां भेजती है। मंत्री के आरोपो को खारिज करते हुए भाजपा सांसद दिलीप घोष ने कहा कि पश्चिम बंगाल के लोगो को बचाने के लिए तृणमूल कांग्रेस सरकार को तुरंत सत्ता से उखाड़ फेंकना चाहिए। एक अन्य स्थानीय भाजपा नेता ने केंद्रीय एजेंसियो के खिलाफ टिप्पणी के लिए चट्टोपाध्याय की गिरफ्तारी की मांग की।

## पूर्वी भारत में मादक पदार्थों की अब तक की सबसे बड़ी खेप जब्त, चार गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम के करीमगंज जिले से मंगलवार को लगभग 100 करोड़ रुपए का मादक पदार्थ जब्त कर चार तस्करों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। असम पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) के उप महानिरीक्षक पार्थसारथी महंत ने बताया, बाजार मूल्य के हिसाब से यह पूर्वी भारत में मादक पदार्थों की संभवतः सबसे बड़ी जब्ती है...जो कम से कम 100 करोड़ रुपए का है। असम पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) और करीमगंज जिला पुलिस के संयुक्त अभियान के दौरान यह मादक पदार्थ जब्त किया गया। महंत ने पीटीआई-भाषा को बताया, हमें मिजोरम से मादक पदार्थों की आवक के बारे में सूचना मिली, और उसके अनुसार एक अभियान शुरू किया गया। सूचना के अनुसार, हमने अपराह्न करीब सवा दो बजे नीलम बाजार पुलिस स्टेशन के सुप्राकांडी में एक कार को रोका।।

## जाड़े से बचाएगा गाजर व बादाम

**नोएडा।** स्वाद के साथ सेहत भी रहेगी चंगी विंटर सीजन सेहत बनाने और खाने के लिहाज से सबसे अच्छा माना जाता है। बादाम और गाजर का हलवा ठंड के मौसम की खास सौगात है और ये सेहत के लिए भी बहुत मुफीद है। यह एक ऐसा फूड आइटम है जो खाने में बहुत स्वादिष्ट होने के साथ ही शरीर को भरपूर एनर्जी भी प्रदान करता है। इस हलवा के सेवन से शरीर के इम्यून सिस्टम को ताकत मिलती है। यह शुगर मरीजों के लिए बहुत फायदेमंद है। शरीर में ब्लड शुगर को सामान्य रखता है। यह हृदय को स्वस्थ रखता है। बादाम के सेवन से वजन कम होता है। गाजर से आंखों की रोशनी बढ़ती है। इसमें विटामिन-ई मौजूद होता है जो बालों और त्वचा के लिए बहुत उपयोगी होता है। इसलिएए सर्दीके मौसम में बादाम गाजर हलवा को अपने आहार और व्यंजनों में शामिल करें। आप इस हलवा को आसानी से घर पर खुद भी तैयार कर सकते हैं।

## दिव्यांगता संबंधी सभी प्रश्नों के लिए पहली राष्ट्रीय टोल-फ्री हेल्पलाइन शुरू

**गोवा।** दिव्यांगता से संबंधित सभी प्रश्नों के लिए पहली बार एक राष्ट्रीय टोल-फ्री हेल्पलाइन सोमवार को शुरू की गई। सामाजिक न्याय राज्य मंत्री रामदास आठवले और दिव्यांग मामलों के सचिव राजेश अग्रवाल द्वारा इंटरनेशनल पर्पल फेस्ट गोवा 2024 के दौरान शुरू की गई हेल्पलाइन का उद्देश्य दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सहायता सुविधा प्रदान करना है। अग्रवाल ने पुनर्वास प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने, दिव्यांगता और स्थानीय सेवाओं संबंधी जानकारी तक आसान पहुंच प्रदान करने के लिए दिव्यांगता सूचना लाइन की आवश्यकता पर बल दिया।उन्होंने कहा कि हेल्पलाइन की सेवाओं में दिव्यांगता रोकथाम, प्रबंधन, विशेष स्कूलों में शैक्षिक अवसरों और केंद्र तथा राज्य सरकारों की योजनाओं के बारे में जानकारी शामिल है।

## नीट-पीजी 2024 परीक्षा अब सात जुलाई को होगी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातकोत्तर (नीट-पीजी) की तारीख पुनर्निर्धारित की गई है और अब यह इस साल सात जुलाई को होगी। राष्ट्रीय चिकित्सा विज्ञान परीक्षा बोर्ड (एनबीईएमएस) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इस वर्ष परीक्षा के वास्ते पात्रता के लिए कट-ऑफ तिथि 15 अगस्त है। पहले यह परीक्षा तीन मार्च को होनी थी। बोर्ड ने एक बयान में कहा, एनबीईएमएस नोटिस, दिनांक 09.11.2023 के अनुरूप और 3 जनवरी, 2024 को एनएमसी पत्र की प्राप्ति के अनुसार, नीट-पीजी 2024 परीक्षा, जिसे पहले 3 मार्च, 2024 को अस्थाई रूप से आयोजित करने के लिए अधिसूचित किया गया था, को पुनर्निर्धारित किया गया है। इसमें कहा गया,"नीट-पीजी 2024 अब 7 जुलाई 2024 को आयोजित की जाएगी" हाल ही में अधिसूचित "स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा विनियमन, 2023" के अनुसार, मौजूदा नीट-पीजी परीक्षा तब तक जारी रहेगी जब तक कि पीजी प्रवेश के उद्देश्य से प्रस्तावित राष्ट्रीय निकास परीक्षा (एनईएक्सटी) कार्यान्वित नहीं हो जाती।

# एलडीएफ की हड़ताल के बीच केरल के राज्यपाल को दिखाए गए काले झंडे

भाषा। इडुक्की

**केरल के** राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को मंगलवार को इडुक्की जिले के थोडुपुझा की यात्रा के दौरान सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चे (एलडीएफ) से जुड़े विभिन्न युवा संगठनों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा। राज्यपाल खान ने केरल सरकार भूमि आकलन (संशोधन) विधेयक-2023 को मंजूरी नहीं दी है। विधेयक को मंजूरी नहीं दिए जाने के खिलाफ एलडीएफ की हड़ताल के बीच राज्यपाल थोडुपुझा पहुंचे।राज्यपाल व्यापारियों की संस्था केरल व्यापारी व्यवसाई एकोपना समिति द्वारा आयोजित एक समारोह में भाग लेने के लिए आए थे। उनका वाहन जैसे ही पहाड़ी जिले में घुसा, वामपंथी कार्यकर्ताओं के एक समूह ने उन्हें काले झंडे दिखाते हुए उनके वाहन को रोकने का प्रयास किया। स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई), डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया (डीवाईएफआई) और यूथ फ्रंट सहित वाम मोर्चे के युवा संगठनों के कार्यकर्ता प्रदर्शन कर रहे थे। प्रदर्शनकारियों ने उस स्थान की ओर बढ़ने का प्रयास किया जहां राज्यपाल कार्यक्रम में शामिल होने वाले थे। इससे पहले, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की इडुक्की इकाई के स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं ने खान की इस यात्रा के खिलाफ जुलूस निकाला था। जुलूस के दौरान कुछ प्रदर्शनकारियों ने कथित तौर पर खान के खिलाफ आपत्तिजनक नारे भी लगाए। इस बीच, समिति की करुणा परिवार कल्याण योजना का उद्घाटन करने के बाद सभा को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि वह हर हाल में अपने संवैधानिक दायित्वों को पूरा करेंगे। विधानसभा द्वारा पारित कुछ विधेयकों पर हस्ताक्षर न करने सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर खान और माकपा नीत सरकार में जारी खींचतान के बीच, राज्यपाल ने इस बात पर जोर दिया कि वह रबर स्टांप नहीं बल्कि एक लोक सेवक हैं। राज्यपाल ने कहा, मैं रबर स्टांप नहीं हूं। मैंने बार-बार कहा है... संवैधानिक कानून को बरकरार रखना मेरा कर्तव्य है। यह देखना मेरा कर्तव्य है कि कोई भी केरल के लोगों के हित और कल्याण से समझौता न करे। खान ने कहा कि अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते समय केरल के आम लोगों के हित और कल्याण उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। बाद में, अपनी वापसी यात्रा के दौरान खान ने सड़क के किनारे एकत्र कुछ स्थानीय लोगों से बातचीत की।

## केंद्र ने ईडी के कार्यवाहक प्रमुख राहुल नवीन की अतिरिक्त सचिव के स्तर पर पदोन्नति की

**नई दिल्ली।** केंद्र ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के कार्यवाहक प्रमुख राहुल नवीन को अतिरिक्त सचिव के स्तर पर पदोन्नति किया है। एक आधिकारिक आदेश में यह जानकारी दी गई। भारतीय राजस्व सेवा (आयकर) अधिकारी नवीन (1993 बैच) पिछले साल 15 सितंबर को संजय कुमार मिश्रा का कार्यकाल पूरा होने के बाद से जांच एजेंसी के प्रभारी निदेशक के रूप में काम कर रहे हैं।केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने नवीन के पद और वेतन को अतिरिक्त सचिव के स्तर पर करते हुए उन्हें प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के विशेष निदेशक के रूप पदोन्नति को मंजूरी दे दी है। एसीसी ने इसी तरह 10 अन्य अधिकारियों को भारत सरकार के अतिरिक्त सचिव स्तर के बराबर पदोन्नति को मंजूरी दी है।

# साल के पहले नौ दिनों में हुई तीन बाघों की मौत, जहर देने की आशंका

अर्चना ज्योति। नई दिल्ली



**वन्यजीव प्रेमियों** के लिए नए साल 2024 की शुरुआत बुरी खबर के साथ हुई है, साल के पहले नौ दिनों में यानी 9 जनवरी तक तीन बाघों की मौत हुई है, इनमें से दो तेलंगाना और एक उत्तर प्रदेश से हैं। इतना ही नहीं तेलंगाना में दो वयस्क बाघों के लापता होने की सूचना मिलने के बीच राज्य के वन अधिकारियों ने खोज अभियान चलाने के साथ उनके सुरक्षित होने की कामना कर रहे हैं। वन्य जीव के लिए यह खबर आहत करने वाली है। पिछले साल, देश में रिकॉर्ड 179 बाघों की मौतें दर्ज की गईं, जो पिछले पांच वर्षों में सबसे अधिक है। महाराष्ट्र में सबसे अधिक 45 मौतें हुईं, उसके बाद मध्य प्रदेश (40) का स्थान रहा। तेलंगाना में 2022 और 2023 में बाघों की मृत्यु की कोई रिपोर्ट नहीं थी। लेकिन 2024 की शुरुआत तेलंगाना के वन अधिकारियों के लिए एक चेतावनी के साथ हुई है। वे सतर्क हो गए हैं क्योंकि इस महीने की शुरुआत के तीन दिनों के अंतराल में दो शाही बिल्लियों की मौत हो गई है, जबकि एक वयस्क मादा बाघ और एक अन्य अव्यस्क बाघ लापता हो गए। पहली मौत कागजनगर के दरेगांव में हुई जहां एक अव्यस्क बाघिन को मृत पाया गया, वन्यजीव अधिकारियों ने शुरू में मौत को क्षेत्रीय लड़ाई का संदेह जताया, क्योंकि मृत बाघिन की त्वचा, पंजे और दांत बरकरार थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक दो दिन बाद दूसरे बाघ का शव तेलंगाना के आसिफाबाद जिले में स्थित कागजनगर टाइगर कॉरिडोर में मिला। एक ही परिवार के अव्यस्कों सहित दो लापता बाघों की तलाश जारी है। हालांकि, अब संदेह है कि मवेशियों के शव को जहर देना इन मौतों का कारण हो सकता है क्योंकि स्थानीय लोग बाघ अभयारण्य से स्थानांतरण के लिए दिए जा रहे मुआवजे से असंतुष्ट थे।राज्य के प्रधान मुख्य वन संरक्षक आरएम डोबरियाल ने कहा, राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) ने एक सदस्य और विशेषज्ञों को मौके पर भेजा है। दोनों मृत बाघ कवल टाइगर रिजर्व के वयस्क बाघ थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अनुमान है कि कवल टाइगर रिजर्व के पास कॉरिडोर क्षेत्र में सात बाघ हैं। कागजनगर वन प्रभाग के तहत दरेगांव जंगल में एक मादा बाघ का शव पाए जाने के तीन दिन बाद, 8 जनवरी को सिर्फ दो किलोमीटर दूर एक और नर बाघ मृत पाया गया। पशु चिकित्सकों सहित वन अधिकारी मौत के कारण की जांच कर रहे हैं। अनुमान है कि कागजनगर वन प्रभाग में 8 से 10 बाघ हैं, जबकि चार-पांच बड़ी बिल्लियां (बाघ) प्राणहिता नदी के माध्यम से पड़ोसी महाराष्ट्र के ताडोबा टाइगर रिजर्व से प्रवास करती रहती हैं।उत्तर प्रदेश में एक बाघ की पहली मौत की सूचना मिली, एक पूर्ण विकसित वयस्क नर जिसका शव राज्य में 8 जनवरी को दक्षिण खीरी वन प्रभाग के गोला रेंज के जंगलों में बरौछा नाले में पाया गया था। दक्षिण खीरी वन प्रभाग के प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ) संजय बिस्वाल ने बाघ की मौत में किसी साजिश की संभावना से इनकार करते हुए कहा कि शरीर पर कोई स्पष्ट चोट या अंगों के नुकसान की बात सामने नहीं आई है। उन्होंने कहा कि नाखून, जबड़े, कुत्ते आदि सहित सभी महत्वपूर्ण अंग बरकरार पाए गए। हालांकि, बिस्वाल ने कहा, एनटीसीए दिशानिर्देशों के अनुसार, बाघ के शव परीक्षण के बाद ही मौत का वास्तविक कारण पता लगेगा। हालांकि एनटीसीए डेटा के अनुसार 2023 में 31 शावकों सहित 178 बाघों की मौत हुई, लेकिन एक गैर-लाभकारी संगठन, वाइल्डलाइफ प्रोटेक्शन सोसाइटी ऑफ इंडिया (डब्ल्यूपीएसआई) ने दावा किया है कि इस अवधि के दौरान रिकॉर्ड 204 धारीदार बिल्लियाँ विभिन्न कारणों से मर गईं। एनटीसीए के अनुसार, 2023 में महाराष्ट्र में सबसे अधिक 45, उसके बाद मध्य प्रदेश में 40, उत्तराखंड में 20, तमिलनाडु में 15 और केरल में 14 मौतें दर्ज की गईं। इसके अलावा, इनमें से बाघों की 54 प्रतिशत मौतें अभयारण्यों के बाहर हुई हैं। जंगल में एक बाघ की औसत आयु लगभग 10-12 वर्ष है, 2023 में बाघों की मृत्यु का 40 प्रतिशत शावक और उप-वयस्क हैं। जो उनकी स्वाभाविक मृत्यु दर से कहीं अधिक है। एनटीसीए के एक वरिष्ठ अधिकारी से पूछा गया कि क्या इन उच्च संख्या में मौतों के लिए बेहतर संरक्षण की आवश्यकता है, तो उन्होंने कहा कि जिन मामलों में मौत के कारणों से स्पष्ट है उनमें 77 फीसदी से अधिक मौत प्राकृतिक कारणों से है, न कि शिकार के कारण। उन्होंने यह भी कहा कि भारत में जंगली बाघ प्रति वर्ष 6 फीसदी की स्वस्थ दर से बढ़ रहे हैं, जो विभिन्न प्राकृतिक कारणों से बाघों की हानि को संतुलित करता है और निवास स्थान की वहन क्षमता के अनुसार बाघों की आबादी को बनाए रखता है।

## क्विक न्यूज़

### रेलवे परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले में सीबीआई ने एटेक लिमिटेड के खिलाफ मामला दर्ज किया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने रेलवे भर्ती केंद्र, मुंबई द्वारा आयोजित सामान्य विभागीय प्रतियोगी परीक्षा (जीडीसीई) का प्रश्नपत्र कथित रूप से लीक होने के लिए मुंबई स्थित एटेक लिमिटेड और अन्य के खिलाफ एक मामला दर्ज किया है। इस परीक्षा में 8,600 से अधिक अभ्यर्थी शामिल हुए थे। यह जानकारी मंगलवार को अधिकारियों ने दी।अधिकारियों ने बताया कि कंप्यूटर-आधारित परीक्षा 3 जनवरी, 2021 को अहमदाबाद, इंदौर, राजकोट, सूरत, वडोदरा और मुंबई जैसे छह शहरों के 28 परीक्षा केंद्रों पर हुई थी। अधिकारियों ने बताया कि इस परीक्षा को लेकर यह आरोप लगे थे कि परीक्षा शुरू होने से पहले प्रश्नपत्र अभ्यर्थियों को भारी धनराशि के भुगतान के बदले व्हाट्सऐप संदेश के माध्यम से और प्रत्यक्ष तरीके से मुहैया करा दिए गए थे। सीबीआई की प्राथमिकी में कहा गया है, आरोप है कि एटेक लिमिटेड को परीक्षा संचालन एजेंसी के रूप में नियुक्त किया गया था। जीडीसीई परीक्षा में बैठने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा शुरू होने से पहले धनराशि के भुगतान के बाद उत्तर के साथ प्रश्न पत्र प्रदान किए गए थे। गैर-तकनीकी लोकप्रिय श्रेणियों (गैर-स्नातक), कनिष्ठ लिपिक-सह-टाइपिस्ट और ट्रेन क्लर्क के पद के लिए परीक्षा के कुछ दिनों बाद, अभ्यर्थियों को एक गैर सत्यापित व्हाट्सऐप लिंक के माध्यम से परीक्षा परिणाम भी प्रदान किए गए, जबकि रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ (आरआरसी)- बॉम्बे सेंट्रल टर्मिनस (बीसीटी), पश्चिम रेलवे ने इस परीक्षा के नतीजे आधिकारिक तौर पर घोषित नहीं किए थे। उन्होंने बताया कि एजेंसी ने हाल ही में मामले के सिलसिले में सूरत, अमरेली, नवसारी, मुंबई और बक्सर में 12 स्थानों पर छापेमारी की थी, जिसमें 10 रेलवे अधिकारियों, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक हेड कांस्टेबल और अन्य व्यक्तियों सहित 15 लोगों को नामजद किया गया है। सीबीआई प्रवक्ता ने कहा कि छापेमारी के दौरान डिजिटल साक्ष्य और संबंधित दस्तावेज बरामद हुए हैं।

### किसानों के प्रति उदासीनता को लेकर भाजपा ने राज्यपाल से कर्नाटक सरकार की शिकायत की

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने संकट में फंसे किसानों की कथित तौर पर मदद नहीं करने के लिए राज्य सरकार की मंगलवार को आलोचना की। पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई और कर्नाटक विधानसभा में विपक्ष के नेता आर. अशोक ने अन्य विधायकों के साथ राज्यपाल थावरचंद गहलोत से मुलाकात की और किसानों की समस्याओं को दूर करने में सरकार की कथित विफलता के खिलाफ शिकायत करते हुए एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि राज्य में सूखे के कारण किसानों की आजीविका प्रभावित हुई है। राज्यपाल से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात करते हुए, अशोक ने दावा किया कि लगभग 600 से 700 किसानों ने आत्महत्या कर ली लेकिन राज्य की कांग्रेस सरकार ने इस मुद्दे पर कथित तौर पर आंखें मूंद ली है। अशोक ने दावा किया, उत्तरी कर्नाटक से बड़ी संख्या में किसान नौकरी की तलाश में पलायन कर रहे हैं। पिछले पांच महीने के सूखे के बाद भी सरकार ने उन्हें कोई राहत नहीं दी है। भाजपा नेता ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि उसके नेता राज्य की समस्याओं के लिए भाजपा नीत केंद्र को जिम्मेदार ठहराते हैं। उन्होंने कहा कि अगर किसानों के प्रति सरकार का उदासीन रवैया जारी रहा तो पार्टी आने वाले दिनों में आंदोलन शुरू करेगी। कर्नाटक इस साल भयंकर सूखे का सामना कर रहा है और मुख्यमंत्री सिद्धरमैया नीत कांग्रेस सरकार ने 236 तालुकों में से 221 को सूखाग्रस्त घोषित कर दिया है।

### डीएसपी म्यूचुअल फंड से बढ़ेगी पूंजी

**मुंबई।** डीएसपी म्यूचुअल फंड ने डीएसपी मल्टीकैप फंड लॉन्च करने की घोषणा की है। जो एक ओपन-एंडेड स्कीम है और इंवेस्टर्स को लार्ज कैप, मिड कैप और स्मॉल कैप स्टॉक, इंवेस्टमेंट स्टाइल और उद्योगों में इंवेस्टमेंट करने की सुविधा देती है। समय पर फिर से संतुलन करने के साथ.साथ मिड और स्मॉल कैप के लिए समर्पित मार्केट कैप एक्सपोज़र के साथ, मल्टीकैप रणनीति इंवेस्टर्स को निफ्टी 500 की तुलना में बेहतर डाइवर्सिफिकेशन और परफॉर्मेंस में सुधार मुहैया करवाती है। स्टॉक के एक ही तरह के सेट में इंवेस्ट करने की रणनीति ने 1 अप्रैल 2005 और 30 नवंबर 2023 के बीच 5 साल की रोलिंग अवधि में 10 में से लगभग 8 बार निफ्टी 500 को पीछे छोड़ दिया है। स्कीम का एसेट एलोकेशन न्यूनतम 75 पर्सेंट और इक्विटी और इक्विटी से संबंधित सेक्योरिटीज़ में अधिकतम 100 पर्सेंट हो सकता है जिसमें से लार्जए मिड और स्मॉल कैप का न्यूनतम 25 पर्सेंट और अधिकतम 50 पर्सेंट एक्सपोज़र हो सकता है।

### अयोध्या जाने के लिए निमंत्रण की जरूरत नहीं: सुक्खू

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मंगलवार को कहा कि हमारा जीवन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के नाम से शुरू होता है तथा अयोध्या जाने के लिए उन्हें किसी निमंत्रण की जरूरत नही है। सुक्खू का यह भी कहना था कि वह प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद अयोध्या जाएंगे। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, भगवान राम मर्यादा पुरुषोत्तम है और हमारा जीवन राम के नाम से शुरू होता है। हम प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद अयोध्या जाएंगे। मुख्यमंत्री की यह टिप्पणी हिमाचल प्रदेश के मंत्री विक्रमादित्य सिंह के उस बयान के एक दिन बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि वह अयोध्या मे राम मंदिर के प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होंगे। पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह और प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रमुख प्रतिभा सिंह के पुत्र विक्रमादित्य ने सोमवार को राम लला की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने के निमंत्रण के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) को धन्यवाद दिया। इससे पहले शनिवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा था कि वह अयोध्या में समारोह में शामिल होंगे या नही, इस पर बहुत जल्द फैसला लेंगे। समारोह के लिए खरगे, कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा मे कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी को आमंत्रित किया गया है।

### राजीव मणि को विधाई विभाग का सचिव नियुक्त किया गया

**नई दिल्ली,।** राजीव मणि को दो साल की अवधि के लिए विधाई विभाग का सचिव नियुक्त किया गया है। केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय के आदेश मे यह जानकारी दी गई है।भारतीय विधि सेवा (आईएलएस) अधिकारी मणि, वर्तमान मे विधि और न्याय मंत्रालय के तहत विधि कार्य विभाग में अतिरिक्त सचिव है। आदेश में कहा गया है कि कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने कार्यभार संभालने की तारीख से दो साल की अवधि के लिए विधाई विभाग में सचिव के पद पर उनकी नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। नई दिल्ली स्थित हम्मुराबी एंड सोलोमन पार्टनर्स के संस्थापक और प्रबंध साझेदार मनोज कुमार को दो साल की अवधि के लिए अनुबंध के आधार पर विधाई विभाग मे अतिरिक्त सचिव के रूप मे नियुक्त किया गया है।

### देश में कोविड के 475 नए मामले सामने आने के साथ छह संक्रमितों की मौत

**नई दिल्ली।** भारत मे बीते 24 घंटों के दौरान कोरोना वायरस संक्रमण के 475 नए मामले सामने आए जिससे उपचाराधीन मरीजो की संख्या 3,919 हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मंगलवार सुबह आठ बजे के अद्यतन आंकड़ो के मुताबिक, इस दौरान छह संक्रमितो की मौत हुई है जिसमे कर्नाटक के तीन, छत्तीसगढ़ के दो और असम का एक रोगी शामिल है। पिछले साल पांच दिसंबर तक दैनिक मामलों की संख्या घटकर दोहरे अंक तक आ गई थी, लेकिन ठंड और वायरस के नए उपस्वरूप के कारण मामलो मे तेजी आई है। आधिकारिक सूत्रो ने बताया कि पांच दिसंबर के बाद 31 दिसंबर, 2023 को 841 नए मामले सामने आए जो मई 2021 मे दर्ज किए गए उच्चतम मामलों का 0.2 प्रतिशत था। कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों में से तकरीबन 92 प्रतिशत मरीज घर पर ही रहकर अपना इलाज करवा रहे है। इस संबंध मे सूत्रों ने कहा, मौजूदा समय मे उपलब्ध आंकड़ो से पता चलता है कि जेएन.1 उपस्वरूप की वजह से न तो नए मामलो मे तेजी से वृद्धि हो रही है और न ही अस्पताल में भर्ती होने वालो संक्रमितो की तादाद मे बढ़ोतरी हो रही है और न ही मृत्यु दर मे वृद्धि हो रही है। भारत ने पूर्व मे कोविड-19 की तीन लहरे देखी है जिसमे अप्रैल-जून 2021 मे डेल्टा लहर के दौरान दैनिक नए मामलो और मौतो की सबसे अधिक घटनाएं दर्ज की गईं। संक्रमण के चरम पर होने के दौरान सात मई, 2021 को 4,14,188 नए मामले दर्ज किए गए और इस दिन 3,915 संक्रमितो की मौत हुई थी।

### धार्मिक जुलूस पर पथराव के बाद मप्र के शाजापुर के कुछ हिस्सों में धारा 144 लागू

**शाजापुर।** मध्य प्रदेश के शाजापुर शहर मे एक धार्मिक जुलूस मे शामिल लोगो के साथ कुछ लोगो द्वारा झगड़ा और पथराव किए जाने के बाद जिला प्रशासन ने तीन इलाको मे सीआरपीसी की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी है।एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि सोमवार शाम मगरिया इलाके में हुई इस घटना में एक व्यक्ति घायल हो गया। उन्होंने बताया कि इलाके में पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात किया गया है और इस संबंध मे एक प्राथमिकी दर्ज की गई है।शाजापुर क्लेक्टर रिजु बाफना ने एक्स पर एक पोस्ट मे कहा कि तीन क्षेत्रो - मगरिया, काछीवाड़ा और लालपुरा में तत्काल प्रभाव से आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 लागू कर दी गई है।उन्होंने बताया कि स्थिति फिलहाल शांतिपूर्ण है और उपद्रवियो के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्वाई की जा रही है।जुलूस में शामिल मोहित राठौड़ की शिकायत पर दर्ज की गई प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) के अनुसार, जब वे लोग अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले नियमित शाम का जुलूस निकाल रहे थे तब सोमवार रात करीब साढ़े आठ बजे सात-आठ लोगो ने एक मस्जिद के पास नाग-नागिन रोड पर लोगो के एक समूह को रोका।प्राथमिकी में कहा गया है कि व्यक्तियों ने उनसे इलाके से जुलूस नही निकालने को कहा और इसके बाद लोगों का एक समूह वहां इकट्ठा हो गया। इसमे कहा गया कि जुलूस मे शामिल लोगो के साथ मारपीट की गई और उन पर पथराव किया गया। शिकायतकर्ता ने दावा किया कि उन पर तलवारो से भी हमला किया गया और छतो से पत्थर फेंके गए। शिकायत के बाद पुलिस ने 24 लोगो के खिलाफ नामजद और 15-20 अज्ञात लोगो के खिलाफ एफआईआर दर्ज की।

